राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 221
लखनऊ, मंगलवार 14 अप्रैल, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





आठवीं पास छात्रों की प्रवेश टैक शिक्षा पोर्टल पर एंट्री अनिवार्य 09

स्मार्ट मीटर के खिलाफ व्यापारियों की हुंकार, सैकड़ों लोगों ने सौंपा ज्ञापन 12


### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,52,610/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,39,900/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,14,490/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,55,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### न्यायमूर्ति रामसुब्रमण्यम गुरुवार को करेंगे बंधुआ मजदूरी के उप्र के 216 मामलों की ऑनलाइन सुनवाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी रामसुब्रमण्यम उत्तर प्रदेश के कई जिलों में ईंट भट्ठों में कथित बंधुआ मजदूरी के 216 मामलों की सुनवाई 16 अप्रैल को दिल्ली स्थित अपने परिसर में करेंगे। एनएचआरसी के अनुसार आयोग की यह पहल बंधुआ मजदूरी के उन्मूलन और मानवाधिकारों के संरक्षण के प्रति उसकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ऑनलाइन सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव या उनके नामित व्यक्ति, उत्तर प्रदेश के श्रम आयुक्त तथा सभी संबंधित जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) की उपस्थिति अनिवार्य है। सम्बन्धित अधिकारी बंधुआ मजदूरों की पहचान, उनकी तत्काल रिहाई, व्यापक पुनर्वास और ई-श्रम पोर्टल पर उनके पंजीकरण के संबंध में की गई कार्रवाई पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। यह सुनवाई आयोग की ओर से प्राप्त शिकायतों और स्वतः संज्ञान के आधार पर की जा रही निरंतर निगरानी प्रक्रिया का एक हिस्सा है, ताकि समाज के सबसे वंचित वर्ग को न्याय सुनिश्चित किया जा सके।

### पीएम आज दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को बहुप्रतीक्षित दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे का उद्घाटन करेंगे। करीब 213 किलोमीटर लंबे इस छह-लेन एक्सेस कंट्रोल्ड कॉरिडोर का निर्माण 12,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया गया है। यह परियोजना दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच कनेक्टिविटी को नई गति देगी।

### पंजाब विधानसभा में बेअदबी कानून पारित, सजा उम्र कैद, 25 लाख तक जुर्माना

**चंडीगढ।** पंजाब में करीब एक दशक से चुनावी मुद्दा बने बेअदबी के मामलों में अब कड़ी सजा देने के लिए सोमवार को बेअदबी कानून पारित किया गया है। बैसाखी के अवसर पर पंजाब विधानसभा के विशेष एक दिवसीय सत्र के दौरान विधानसभा में जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) विधेयक-2026 सर्वसम्मति से पास किया गया। इस विधेयक में आरोपितों को उम्र कैद की सजा का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सदन में यह विधेयक पेश किया। चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर बहस हुई। हंगामे के बीच मुख्यमंत्री भगवंत मान ने स्पष्ट किया कि यह विधेयक अभी केवल श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी पर ही लागू होगा। गैर सिखों (हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, आदि) के पवित्र ग्रंथों और धार्मिक स्थलों से छेड़छाड़ पर इस विधेयक के तहत फिलहाल कोई सजा का प्रावधान नहीं है।

# नोएडा में मजदूरों का हिंसक प्रदर्शन, जलाई गाड़ियां

### तोड़फोड़ व पथराव से बिगड़े हालात

**नोएडा, समृद्धि न्यूज।**

नोएडा उत्तर प्रदेश के औद्योगिक शहर नोएडा में अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत मजदूर-कर्मचारियों का प्रदर्शन हिंसक हो गया। सड़कों पर उतरे श्रमिकों ने गाड़ियों में तोड़फोड़ से लेकर आगजनी तक की घटनाओं को अंजाम दे डाला। नोएडा से लेकर गाजियाबाद तक भयंकर जाम देखा गया। उधर, कर्मचारियों के आक्रामक रुख से कंपनी-फैक्ट्रीज में हड़कंप मचा गया।

कर्मचारी और श्रमिक वेतन बढ़ोत्तरी की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। पिछले कई दिनों से जारी ये आंदोलन हिंसा में बदल गया। गुरुग्राम से शुरू ये विरोध नोएडा औद्योगिक क्षेत्र तक फैल गया। हालांकि गुरुग्राम में न्यूनतम वेतन में बढ़ोत्तरी के बाद अब नोएडा में कर्मचारी मजदूरी बढ़ाने पर अड़े हैं। सोमवार को हालात तब बिगड़ गए जब कुछ प्रदर्शनकारी समूहों ने फैक्ट्रियों के बाहर खड़ी गाड़ियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। नोएडा सेक्टर 62 स्थित मदरसन ग्रुप की फैक्ट्री के बाहर प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने जमकर हंगामा काटा। गाड़ियों के शीशे तोड़ डाले। कई वाहनों में आग लगा दी गई। उग्र प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास करने पर उन्होंने पुलिस पर भी पथराव किया। स्थिति नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े।

प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि इस बार उनकी वेतन बढ़ोतरी मात्र ढाई सौ से तीन सौ रुपये की गई है, जो महंगाई के मुकाबले काफी कम है। उनकी मांग है कि न्यूनतम वेतन 18 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाए। मजदूरों का आरोप है कि वर्तमान में नोएडा की फैक्ट्रियों में औसत वेतन 10-15 हजार रुपये के बीच है। जिसमें गुजर-बसर करना मुश्किल है। वहीं, एनसीआर क्षेत्र में निर्माण कार्य से जुड़े मजदूरों को लगभग 700 रुपये प्रतिदिन मिलते हैं, जो महीने में करीब 21 हजार रुपये के बराबर होता है। जानकारी के मुताबिक, हजारों की संख्या में कर्मचारी पिछले कई दिनों से शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन आज स्थिति अचानक बेकाबू हो गई। कई औद्योगिक क्षेत्रों में कंपनियों के बाहर तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं। घटनाओं के बाद पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और हालात पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।नोएडा जैसे बड़े औद्योगिक केंद्र में इस तरह के हिंसक प्रदर्शन से औद्योगिक शांति पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन अब मजदूरों और कंपनी प्रबंधन के बीच बातचीत के जरिए समाधान निकालने की कोशिश कर रहा है।



### उकसाने वाले व बाहरी तत्वों पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीजीपी

उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने सोमवार को कहा कि पुलिस नोएडा में श्रमिकों के विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़काने वाले तत्वों की पहचान करके उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुलिस महानिदेशक ने कहा कि नोएडा में हिंसा भड़काने और अशांति फैलाने में शामिल उकसाने वाले तत्वों और बाहरी तत्वों का पता लगाया जा रहा है। कृष्ण ने कहा, ऐसे तत्वों की पहचान हो जाने पर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### श्रमिक हितों से समझौता स्वीकार्य नहीं, श्रम कानूनों का पालन करें औद्योगिक इकाईयां : योगी

राजधानी लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों की समस्याओं और नोएडा में श्रमिकों के प्रदर्शनों का संज्ञान लिया। अफसरों को निर्देशित किया कि औद्योगिक संगठनों, उद्योग प्रतिनिधियों और इकाई प्रबंधन से बात करके 24 घंटे में उनकी समस्याओं का समाधान करें। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि प्रत्येक श्रमिकों के अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। उन्हें सम्मानजनक मानदेय मिलना चाहिए। अतिरिक्त कार्य के लिए नियमानुसार पारिश्रमिक दिया जाए। कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, विश्रामगृह, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराना प्रत्येक औद्योगिक इकाई की अनिवार्य जिम्मेदारी है। सीएम ने कार्य घंटों के नियमन, महिला श्रमिकों की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ और शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। श्रम विभाग को निर्देश दिए कि वह स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करके बातचीत करे। बड़ी, मध्यम एवं सूक्ष्म सभी प्रकार की औद्योगिक इकाइयों के साथ नियमित संवाद सुनिश्चित किया जाए। ताकि, समस्याओं का समाधान प्रारंभिक स्तर पर ही हो सके। सीएम ने कहा कि कई बार बाहरी तत्व स्वयं को श्रमिक प्रतिनिधि बताकर अव्यवस्था उत्पन्न करने का प्रयास करते हैं। ऐसे तत्वों की पहचान करके उन्हें प्रक्रिया से अलग रखा जाए। हालिया कुछ प्रदर्शनों में ऐसे विघटनकारी तत्व शामिल हो सकते हैं। इससे औद्योगिक क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतते हुए खुफिया तंत्र को सक्रिय करें। किसी भी प्रकार की भड़काऊ या अव्यवस्था फैलाने वालों को चिन्हित करके उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। सीएम ने गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, कानपुर, मेरठ, फिरोजाबाद, मुरादाबाद, वाराणसी और गोरखपुर के जिलाधिकारियों सहित यूपीसीडा, नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं सभी उद्योगों से भी इस संबंध में अपील करता हूं कि वे श्रमिकों और कार्मिकों के साथ सीधा संवाद स्थापित करें। हमारी सरकार श्रमिकों के साथ है। सरकार उद्यमियों को सुरक्षा देगी और हर श्रमिक को संरक्षण भी प्रदान करेगी। साथ ही उनको उचित मानदेय दिलाना सुनिश्चित करेगी। हमने गत वर्ष ही एक कॉरपोरेशन का गठन कर दिया है और इसी महीने उसकी सिफारिशें लागू होने वाली हैं। इसके तहत चाहे सफाई कर्मचारी हो या आउटसोर्सिंग पर कार्य करने वाला कोई भी युवा, उसे न्यूनतम मानदेय की गारंटी मिलेगी।

### सीएम योगी ने लखनऊ में किया 5.17 करोड़ के आदर्श स्कूल का उद्घाटन

# सरकारी स्कूल भी बनेंगे कॉन्वेंट जैसे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आदर्श माध्यमिक विद्यालय, जनभवन के 5.17 करोड़ रुपये से निर्मित नवीन भवन का उद्घाटन किया।

सीएम योगी ने इस अभिनव प्रयास के लिए राज्यपाल का आभार प्रकट किया। उन्होंने बच्चों को सीख दी कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। प्रयास करने से सभी कार्य होते हैं। परिश्रमी व्यक्ति ही अपना लक्ष्य प्राप्त करने में सफल होता है।

इस अवसर पर अतिथियों ने हमारा जनभवन पुस्तक का विमोचन भी किया और विद्यालय की प्रधानाचार्या व चालक को स्कूल बस की चाबी प्रदान की।

सीएम योगी ने बताया कि 5.17 करोड़ रुपये से विद्यालय का यह भव्य भवन बना है। इसमें 4.70 करोड़ राज्य सरकार ने दिए, जबकि शेष राशि माननीय राज्यपाल के प्रयासों व सीएसआर फंड से उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री ने लैब, लाइब्रेरी, क्लासरूम की तारीफ की और कहा कि पहली बार जनभवन की टीम गणतंत्र दिवस की परेड में भागीदार बनी। अब यहां स्पोर्ट्स मीट होती हैं। यहां के बच्चे व विद्यालय विभिन्न गतिविधियों का केंद्र बन रहे हैं। सीएम ने कहा कि हम अपने स्तर पर थोड़ा सा भी प्रयास करें तो सरकारी स्कूल को भी कॉन्वेंट-पब्लिक स्कूल की तर्ज पर प्रतिस्पर्धा योग्य बना सकते हैं। यह आदर्श माध्यमिक विद्यालय उस प्रतिस्पर्धा के लिए खुद को तैयार कर रहा है।

इस आदर्श माध्यमिक विद्यालय का भव्य भवन, अच्छी लैब, लाइब्रेरी, क्लास रूम व प्रांगण स्पष्ट उदाहरण है कि हम सरकारी विद्यालयों को भी इस रूप में आगे बढ़ा सकते हैं।



### परिश्रम का कोई विकल्प नहीं, प्रयास करने से होते हैं सभी कार्य

### सीएम ने की विद्यालय के बच्चों की तारीफ

मुख्यमंत्री ने विद्यालय के बच्चों की खूब तारीफ की और कहा कि यहां के बच्चे आत्मविश्वास से भरे हैं। जब वे अपनी बात कह रहे थे तो लगा उनका लक्ष्य बड़ा है। बच्चे भारत के स्पेस मिशन, इमर्जिंग टेक्नोलॉजी, अक्षर ज्ञान, स्मार्ट क्लास समेत अलग-अलग विषयों के बारे में बता रहे थे। सीएम ने शिक्षकों से कहा कि जब हम जानकारी देंगे तो बच्चों के मन में जिज्ञासा होगी। हम उन्हें लक्ष्य देंगे तो वे उसे प्राप्त करने के लिए कार्य करेंगे और यहीं से बच्चों के जीवन को सुधारने का क्रम प्रारंभ होता है। यहीं से वे आर्यभट्ट, वराहमिहिर, सुश्रुत, चरक, जगदीश चंद्र बसु, सीवी रमन बनेंगे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा, राजभवन के विशेष कार्याधिकारी सुधीर एम बोबडे आदि मौजूद रहे।

# खेलो इंडिया ने पारंपरिक खेलों की प्रतिष्ठा बढ़ाई : राजनाथ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ के के.डी.सिंह बाबू स्टेडियम में सोमवार को आयोजित सांसद खेल महाकुम्भ को संबोधित करते हुए देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि खेलो इंडिया ने भारत के पारंपरिक खेलों की प्रतिष्ठा बढ़ाई है। गटका, मल्लखंब, थांग-टा, कलरीपयट्टू और योगासन जैसी विभिन्न विधाओं को प्रोत्साहित करने के लिए भी सरकार स्कॉलरशिप्स दे रही है। उन्होंने कहा कि आज देशभर में 1000 खेलो इंडिया सेंटर्स की भी स्थापना की जा रही है। करीब 2 दर्जन नेशनल सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस भी खोले गए हैं। इन सेंटर्स पर प्रदर्शन को सुधारने के लिए ट्रेनिंग और स्पोर्ट्स साइंस सपोर्ट दिया जा रहा है।

रक्षामंत्री ने कहा कि अब राज्यों में भी स्पोर्ट्स स्पेशलाइज्ड हायर एजुकेशन के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें उत्तर प्रदेश बहुत प्रशंसनीय काम कर रहा है। मेरठ में मेजर ध्यान चंद खेल विश्वविद्यालय का उदाहरण हमारे सामने है। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्पोर्ट्स को एक विषय के रूप में पढ़ाया जा रहा है। देश की पहली राष्ट्रीय खेल यूनिवर्सिटी के निर्माण से इसमें और मदद मिलेगी। खेलो इंडिया प्रोग्राम से एक और उत्साहजनक परिणाम हमारी बेटियों की भागीदारी को लेकर आया है। देश के अनेक शहरों में खेलो इंडिया वीमेन्स लीग का आयोजन किया जा रहा है। इनमें महिलाओं की भागीदारी काफ़ी अधिक है। रक्षामंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में कई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हमारे खिलाड़ियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। ये दिखाता है कि भारत के हमारे युवा खिलाड़ियों का आत्मविश्वास आज कितना बुलंद है। आज गांवों के पास भी आधुनिक स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हो रहा है। देश के दूर-सुदूर में भी अब बेहतर मैदान, आधुनिक स्टेडियम, आधुनिक ट्रेनिंग फैसिलिटी बनाई जा रही हैं। यूपी में भी स्पोर्ट्स प्रोजेक्ट्स पर हजारों करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा कि खेलो इंडिया अभियान के तहत हमारी सरकार स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर पर करीब-करीब पाँच हजार करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है। बढ़ते हुए स्पोर्ट्स इंफ्रा की वजह से अब ज्यादा खिलाड़ियों के लिए खेल से जुड़ना आसान हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार, आज खेल और खिलाड़ियों से जुड़ी समस्याओं का भी समाधान कर रही है। पिछले ग्यारह वर्षों में भारत में खेल का एक नया युग शुरु हुआ है।



### पिछले ग्यारह वर्षों में भारत में खेल का एक नया युग शुरु हुआ

# अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि समेत परिसर के सभी मन्दिरों में दर्शन प्रारम्भ

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

राम नगरी अयोध्या में स्थित श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर समेत परिसर के सभी मन्दिरों, मण्डपों में सोमवार से दर्शन प्रारम्भ हो गए हैं। इन मंदिरों में दर्शन के लिए पास के माध्यम से निर्धारित संख्या में श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया जा रहा है। मंदिर की व्यवस्था से जुड़े गोपाल ने बताया कि आज 13 अप्रैल से प्रतिदिन 1500 श्रद्धालुओं को ऑनलाइन पास के जरिए दर्शन कराया जा रहा है। इसमें सुगम, विशिष्ट और सामान्य दर्शन के लिए 500-500 पास निर्धारित किए गए हैं। बुकिंग पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर हो रहा है। श्रद्धालु सामान्य लेन से प्रवेश कर रामलला के दर्शन कर रहे हैं। इसके बाद दक्षिणी सीढ़ियों से राम परिवार के दर्शन कराए जा रहे हैं। आगे परकोटा मार्ग से शेषावतार मंदिर, सप्त मंडपम और कुबेर नवरत्न टीला के दर्शन कर रहे हैं। दर्शन के लिए एक परिवार के अधिकतम 5 लोगों का ही पास बनेगा। ऑनलाइन आवेदन में फोटो अनिवार्य होगी और सभी श्रद्धालुओं को आधार कार्ड साथ लाना होगा। पास 2-2 घंटे के स्लॉट में जारी किए जाएंगे।

### जारी हो रहे आनलाइन पास



# सुरों की मल्लिका आशा भोसले पंचतत्व में विलीन

**एजेंसी, मुंबई।**

भारतीय संगीत जगत के एक स्वर्णिम युग का आज अंत हो गया। अपनी जादुई आवाज से सात दशकों तक दुनिया को मंत्रमुग्ध करने वाली आशा भोसले की अंतिम यात्रा सोमवार मुंबई में निकाली। तिरंगे में लिपटी उनकी देह और सफेद फूलों से सजी उनकी अंतिम विदाई की तस्वीरें हर भारतीय की आंखों को नम कर गयी। आशा जी के निवास स्थान पर सुबह से ही उनके अंतिम दर्शन के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। खेल जगत के दिग्गज सचिन तेंदुलकर, जो आशा जी को अपनी मां समान मानते थे श्रद्धांजलि देते समय अपने आंसू नहीं रोक पाए। उनके अलावा अभिनेत्री तबू और आशा पारेख समेत फिल्म जगत की तमाम बड़ी हस्तियां उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचीं।

आशा भोसले का जाना केवल संगीत जगत की क्षति नहीं है बल्कि करोड़ों लोगों के लिए एक व्यक्तिगत दुख है। उन्होंने हर दौर के साथ खुद को ढाला। क्लासिकल गानों से लेकर फुट-टैपिंग पॉप और कैबरे तक उन्होंने हर विधा में महारत हासिल की। उनका करियर हमें सिखाता है कि समय के साथ खुद को बदलना ही असली सफलता है। उन्होंने नए दौर के संगीतकारों के साथ भी उतनी ही सहजता से काम किया जितना पुराने दिग्गजों के साथ। मुंबई के ऐतिहासिक शिवाजी पार्क में उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया गया। महाराष्ट्र सरकार की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे ताकि उनके हजारों प्रशंसक अपनी प्रिय गायिका को आखिरी विदाई दे सकें।

भले ही आशा जी का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया लेकिन उनकी विरासत अमर है। उनके गाए हजारों गाने आने वाली पीढ़ियों को प्यार, दर्द और खुशी के पलों में सहारा देते रहेंगे। वह एक ऐसी कलाकार थीं जिन्होंने भारतीय संस्कृति को अपनी आवाज से वैश्विक पहचान दिलाई।



**राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार**

# हापुड़ में दर्दनाक हादसा, बारातियों से भरी बस ट्रक से टकराई, छह की मौत

**हापुड़, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में हापुड़ जिले के थाना धौलाना क्षेत्र में सोमवार सुबह बारातियों से भरी बस और ट्रक में टक्कर हो गई। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार गाजियाबाद के डासना से बुलंदशहर के गुलावठी गई एक बारात शादी समारोह के बाद वापस लौट रही थी, तभी कपूरपुर-धौलाना मार्ग पर तेज रफ्तार के कारण बस अनियंत्रित होकर एक हाइड्रा ट्रक से जा टकराई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक अनियंत्रित होकर बस के ऊपर ही पलट गया। इससे बस में सवार यात्री ट्रक के भारी वजन और मलबे के नीचे दब गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए दौड़ पड़े। इस दर्दनाक हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 7 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



**सहमती** | अमेरिकन एयरक्राफ्ट इंजन आपूर्ति कंपनी का वायु सेना के साथ समझौता

# अब भारत में हो सकेगी अमेरिकी इंजन की मरम्मत

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस भारतीय वायु सेना के साथ लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस फ्लीट को पावर देने वाले इंजन के लिए रिपेयर सेंटर बनाएगी। इस बावत अमेरिकन एयरक्राफ्ट इंजन आपूर्ति कंपनी ने सोमवार को वायु सेना के साथ समझौता किया है। देश में बनने वाली इस सुविधा का मालिकाना हक वायु सेना के पास होगा, जिससे विदेशी निर्भरता खत्म होने के साथ ही जरूरत पड़ने पर मरम्मत में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा।

एलसीए तेजस को जंग के लिए तैयार होने में तेजी लाने के मद्देनजर जीई एयरोस्पेस ने भारत में इंजन डिपो बनाने के लिए भारतीय वायु सेना के साथ समझौता किया है। अब एलसीए तेजस मार्क-1ए को पावर देने वाले एफ404-आईएन20 इंजन के लिए देश में ही रिपेयर और ओवरहॉल डिपो बनाया जायेगा। इससे वायु सेना को तेजस लड़ाकू विमान की आपूर्ति में हो रही देरी में तेजी से सुधार होगा, क्योंकि इससे मरम्मत के लिए विदेशी निर्भरता कम होगी और इंजन की रिपेयरिंग में लगने वाला समय भी बचेगा। यह सुविधा का निर्माण वायु सेना करेगी, लेकिन तकनीकी सहयोग जीई एयरोस्पेस देगी।

कंपनी ने कहा कि डिपो का संचालन वायु सेना के हाथों में होगा, जिसमें जीई एयरोस्पेस प्रशिक्षित कर्मचारी, उन्हें प्रशिक्षण, जरूरी स्पेयर पार्ट्स और विशेष उपकरण की सप्लाई देगी।

तेजस मार्क-1ए एयरक्राफ्ट के लिए एफ404-आईएन20 इंजन का नियमित तौर पर सालभर निर्माण करना लड़ाई की तैयारी के लिए जरूरी है, इसलिए आपूर्ति चेन में देरी से फ्लीट की उपलब्धता पर असर पड़ सकता है।

भारत में ही रिपेयर और ओवरहॉल की सुविधा सेट अप करने से लॉजिस्टिक दिक्कतों को कम करने में मदद मिलेगी। जीई एयरोस्पेस में डिफेंस और सिस्टम्स के लिए सेल्स और बिजनेस डेवलपमेंट की उपाध्यक्ष रीटा फ्लेहर्टी ने एक बयान में कहा कि भारत के सशस्त्र बलों को सहयोग करने और तेजस फ्लीट की स्थानीय स्थिरता को बढ़ाने के लिहाज से यह साझेदारी महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि आने वाले डिपो फैसिलिटी के जरिए हम भारतीय वायु सेना के लिए इंजन की उपलब्धता को सहयोग करेंगे, जिससे यह पक्का होगा कि उन्हें अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए अग्रणी तकनीक आसानी से मिल सके। उन्होंने कहा कि तुरंत ऑपरेशनल फायदों के अलावा यह विकास रणनीतिक रूप से भी जरूरी है, क्योंकि यह कौशल विकास, आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण और तकनीकी ज्ञान हस्तांतरण के जरिए आत्मनिर्भरता के तहत स्वदेशी स्थिरता के लिए भारत के प्रयास को मजबूत करता है।



### वायु सेना को तेजस लड़ाकू विमान की आपूर्ति में हो रही देरी में तेजी से होगा सुधार

### देश में सामान्य से कम बारिश का अनुमान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दक्षिण-पश्चिम मानसून 2026 को लेकर शुरुआती पूर्वानुमान जारी किया है। इस बार देश में मानसूनी बारिश सामान्य से कम रहने की संभावना है। जून से सितंबर के बीच होने वाली कुल वर्षा लगभग 92 प्रतिशत लॉन्ग पीरियड एवरेज (यानी किसी क्षेत्र में एक निश्चित अवधि में 30 या 50 वर्षों की दर्ज की गई औसत वर्षा) रहने का अनुमान है, जिसमें ±5 प्रतिशत की संभावित त्रुटि हो सकती है। देश के लिए एलपीए (1971-2020 के आधार पर) 87 सेंटीमीटर तय है। आईएमडी ने सोमवार को जारी पूर्वानुमान में बताया कि फिलहाल प्रशांत महासागर में कमजोर ला नीना जैसी स्थिति बनी हुई है, जो धीरे-धीरे ईएनएसओ न्यूट्रल की ओर बढ़ रही है। हालांकि, मानसून सीजन के दौरान एल नीनो बनने की संभावना जताई गई है, जो बारिश को प्रभावित कर सकता है।

# बाजार ध्वस्त, कच्चा तेल और महंगा, सोना-चांदी धड़ाम

**आर.बी. सिंह**

**लखनऊ।** अमेरिका-ईरान के मध्य पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में समझौते की बातचीत विफल हो गई। जिसके चलते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के तेवर कड़े हो गए। उनके हॉर्मूज जलडमरू की नाकेबंदी करने की चेतावनी से दुनिया के बाजारों में भूचाल मचा दिया है।

नतीजा दुनिया भर के बाजारों में भारी गिरावट का दौर शुरू हो गया है। 14 अप्रैल मंगलवार को एशिया के बाजारों में 50 लाख करोड़ से ज्यादा निवेशकों के पैसे स्वाहा हो गए।

वहीं अब विदेशी निवेशकों ने तेजी से पैसा निकालना शुरू कर दिया है। इस धमाचौकड़ी में आज सेंसेक्स 1600 अंकों की गिरावट के साथ बाजार में भूचाल मचा दिया। वहीं सोना और चांदी में भी जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई और रुपया फिर 95 रुपये प्रति डॉलर के पार जाने की स्थिति में आ गया। शुरुआती कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 1600 की गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी भी लुढ़ककर 23600 से नीचे पहुंच गया। बैंकिंग शेयरों में भी भारी गिरावट देखी जा रही है। शुरूआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 49 पैसे गिरकर रुपये 93.62 पर आ गया। सोना-चांदी की कीमतों में सप्ताह के पहले दिन खुलते ही बड़ी गिरावट आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीई) पर चांदी का भाव बीते शुक्रवार के बंदी के समय के भाव से फिसलकर रुपये 2.37 लाख पर आ गया। इस हिसाब से एक झटके में चांदी टूटकर रु. 6,000/ रुपये से ज्यादा सस्ती हो गई। वहीं सोना भी लुढ़कर सस्ता हो गया और आज यह भी रु. 1,100/ प्रति 10 ग्राम से ज्यादा सस्ता हो गया है। जबकि क्रूड ऑयल करीब 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। युद्ध की आशंका से आपूर्ति बाधित होने का खतरा मंडरा रहा है। जिसका सीधा असर भारत सहित पूरी दुनिया पर पड़ने का सूचक है।



# भारतीय संस्कृति का संदेश चरैवेति चलते रहना, आगे बढ़ना: सुभाष

- शांति के लिए शक्ति आवश्यक: सुभाष
- संघ स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन
- नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर किया भव्य स्वागत



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव रामजी अंबेडकर की पावन जन्म जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में विशाल पथ संचलन निकाला गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहां की बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने संविधान निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाई। बंधुता जब जीवित होती है तो स्वतंत्रता क्षमता आदि स्वयं में प्रभावित रहती है भारतीय संस्कृति के द्वारा ही मानव का कल्याण है इसलिए बंधुता सभी के अंदर जीवित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी लोग विक्रम संवत 2083 मे प्रवेश कर चुके हैं। प्रतिपदा का अर्थ है निरंतर आगे बढ़ते जाना। निरंतर आगे बढ़ने का संदेश भारतीय संस्कृति देती है। हमारे यहां माह का निर्धारण किसी राजा महाराजा के नाम पर नहीं बल्कि नक्षत्र के आधार पर है। उन्होंने कहा की कमजोर की बात दुनिया नहीं सुनती है इसलिए हमें मजबूत रहना चाहिए एक रहना चाहिए। अनेक महापुरुषों ने संगठन शक्ति के आधार पर ही देश की रक्षा की है, कलयुग में संगठन ही शक्ति का आधार है। दुनिया हमारा परिवार है हमें सभी को साथ लेकर आगे बढ़ना है उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम 16 कलाओं से युक्त भगवान श्री कृष्ण, विश्व के कल्याण के लिए विष पीने वाले वाले महादेव और मातृशक्ति के सम्मान में लंका लाघने वाले महाबली हनुमान हमारे पास है। उन्होंने कहा कि समाज की स्थिति को देखते हुए संघ संस्थापक डॉ हेडगेवार ने संघ की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि डॉ साहब जन्मजात देशभक्त थे और उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए निरंतर कार्य किया। संघ की स्थापना के समय पूज्य डॉक्टर साहब ने कहा था कि हमें देश,समाज,धर्म, संस्कृति लिए जीने वाले लोग चाहिए। संघ संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार कभी नकारात्मक भाव नहीं रखते थे उनकी सोच सकारात्मक थी वह हमेशा कहा करते थे कि हिंदुओं को सद्गुणों से पूर्ण कीजिए। संघ शाखा के माध्यम से सद्गुणों से युक्त स्वयंसेवकों के निर्माण का कार्य कर रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कार्य पद्धति हमें जीना सिखाती है। संघ के स्वयंसेवक राष्ट्रीय एवं समाज हित में निरंतर कार्य कर रहे हैं। पथ संचलन महाराज सिंह इंटर कॉलेज से दो दिशाओं में एक साथ निकाला गया। प्रथम संचलन दल महाराज सिंह इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर गुरु नानक चौक, डिगिहा चौराहा, छावनी चौराहा, घंटाघर एवं छोटी बाजार होते हुए महाराज सिंह इंटर कॉलेज मे पहुंचा। द्वितीय संचलन दल भी महाराज सिंह इंटर कॉलेज से होकर पानी टंकी तिराहा, डीएम तिराहा ,पीपल तिराहा, घंटाघर, छोटी बाजार होते हुए महराज सिंह इंटर कॉलेज पहुंचा। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यवाह भूपेंद्र ने किया। कार्यक्रम में सह विभाग संचालक कृष्णानंद, वरिष्ठ प्रचारक प्रांत सामाजिक समरसता संयोजक राज किशोर, विभाग कार्यवाह अंबिका प्रसाद, विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार जिला प्रचारक अजय विभाग संपर्क का प्रमुख धर्मेंद्र सिंह, विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़, आलोक पाठक, विपिन जिला प्रचार प्रमुख, श्रवण द्विवेदी, डॉ देवेंद्र, बांकेलाल जी, शिवम द्विवेदी, नगर कार्यवाह शिवम नारायण, राम सकल, कृष्ण कुमार नंदन, इंद्रेश, अभिषेक, उत्तम , अमरसिंह, रमेश पाठक व विचार परिवार के लोग एवं सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक बंधु सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 200 मरीज़ों का हुआ उपचार



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** इदारा अंसार-ए-कायम के तत्वावधान में सैय्यदवाड़ा काज़ीपुरा स्थित इमामबाड़ा नवाब साहब में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 200 से अधिक मरीज़ों के आंखों की जांच, चिकित्सा एवं चश्में का वितरण किया गया। चिकित्सा शिविर में सामान्य बीमारियों एवं मानसिक रोगियों की भी जांच कर परामर्श प्रदान किया गया। स्वास्थ शिविर में लखनऊ के चिकित्सक डॉ. ताहिर ज़ैदी एम.एस. (आप्थो) एवं उनकी टीम द्वारा लगभग 200 से अधिक मरीजों के आँखों की जाँच, दवा एवं चश्मा का निःशुल्क वितरण किया गया।

इसके अलावा एपेक्स हास्पिटल के जनरल फिजिशियन डॉ. सलीम, एनेस्थियोलाजिस्ट डॉ. जुल्फेकार हैदर रिज़वी व भारत हास्पिटल की डॉ. नर्गिस जाफरी द्वारा भेजी गई टीम द्वारा आये लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श व दवाओं का वितरण किया गया।

# अम्बेडकर जयन्ती के उपलक्ष्य में स्पार्क कालेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार समाज कल्याण विभाग असीम अरूण के निर्देश पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जन्म-जयन्ती के अवसर पर स्पार्क कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंस एंड नर्सिंग में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कालेज के शिक्षण स्टाफ के साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डॉ. अभिलाषा वर्मा ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। डॉ. वर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ. अम्बेडकर के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब द्वारा सामाजिक समानता, शिक्षा और न्याय के क्षेत्र में किये गये कार्य आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राओं द्वारा बाबा साहब द्वारा निर्मित भारतीय संविधान की विशेषताओं, उसकी एकता और अखंडता बनाए रखने में उसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। सहायक प्रबंधक देव व्रत शर्मा ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक के अधिकारों और कर्तव्यों का मार्गदर्शक है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## अज्ञात कारणों से लगी आग, तीन मकान व पशु शेड जलकर राख

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के बल्दूपूरवा ग्राम पंचायत स्थित चमारन पुरवा में सोमवार सुबह करीब 11 बजे अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तीन आवासीय मकानों समेत एक पशु शेड को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में अमिरका, मुनेश्वर और राम नरेश के मकान पूरी तरह जलकर राख हो गए, जबकि कृपा का पशु शेड भी आग की भेंट चढ़ गया। आग में घरों का सारा सामान, खाद्यान्न और जरूरी वस्तुएं जलकर नष्ट हो गईं। पीड़ित अमिरका के करीब 30 हजार रुपये नकद और एक इंजन सेट जल गया, वहीं राम नरेश के भी लगभग 20 हजार रुपये आग में खाक हो गए।

# पंचायत चुनाव में देरी पर प्रधानों का आक्रोश

## कार्यकाल विस्तार व मनरेगा भुगतान की उठी जोरदार मांग



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** पंचायत विकास मंच के बैनर तले बलहा और शिवपुर ब्लॉक के प्रधानों ने पंचायत चुनाव में हो रही देरी को लेकर कड़ा विरोध जताया। प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए कार्यकाल बढ़ाने और मनरेगा के लंबित भुगतान को शीघ्र जारी करने की मांग की। बलहा विकासखंड में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानों ने कहा कि यदि समय पर पंचायत चुनाव नहीं कराए जाते हैं, तो वर्तमान प्रधानों को ही प्रशासक के रूप में कार्य जारी रखने की अनुमति दी जाए, ताकि विकास कार्यों की निरंतरता बनी रहे। कार्यक्रम संयोजक सूरज शुक्ला,डा. श्याम चौधरी प्रधान संघ के अध्यक्ष भगवानदीन समेत अन्य प्रधानों ने बताया कि मनरेगा 2005 के अंतर्गत कराए गए कार्यों का भुगतान लंबे समय से लंबित है। श्रमांश व सामग्री मद में करोड़ों रुपये बकाया हो गए हैं, जिससे आपूर्ति करने वाले फर्मों का दबाव बढ़ता जा रहा है। 26 मई 2026 को कार्यकाल समाप्त होने से पहले भुगतान न होने पर गंभीर आर्थिक संकट की आशंका जताई गई। ज्ञापन में मतदाता सूची पुनरीक्षण में देरी, समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन न होना और 'ट्रिपल टेस्ट' प्रक्रिया अधूरी रहने को चुनाव में देरी का कारण बताया गया। संगठन ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का हवाला देते हुए कार्यकाल बढ़ाने की मांग दोहराई। इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक सूरज शुक्ला, डॉ. श्याम चौधरी, प्रधान संघ अध्यक्ष भगवान दिन मिश्रा, रामसुंदर पांडेय, सूर्य प्रकाश सिंह (बुल्लू सिंह), गुलाम वारिस, ब्लॉक अध्यक्ष बलहा सादिक हुसैन, ब्लॉक महामंत्री मेराज खान, रामनारायण यादव, गुड्डू चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष शिवपुर कमला प्रसाद वर्मा, राज कुमार राव, मंगल दास, राम छबीले निषाद, कोमल निषाद, अफ्फान खान, सलमान, कलीम, झब्बर सहित बड़ी संख्या में प्रधान व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### मिशन शक्ति अभियान के तहत ग्राम कलवारी में चौपाल, महिलाओं को किया गया जागरूक



**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा ग्राम कलवारी में चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशानुसार तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन अभियान के तहत आयोजित किया गया। एंटी रोमियो टीम/मिशन शक्ति टीम ने गांव में उपस्थित महिलाओं से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। चौपाल के दौरान महिलाओं को बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट तथा साइबर अपराधों के प्रति विशेष रूप से जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने बताया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है और इससे बालिकाओं के भविष्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। वहीं, पॉक्सो एक्ट के तहत बच्चों के साथ होने वाले अपराधों पर सख्त कानूनी प्रावधान लागू हैं। साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल और सोशल मीडिया दुरुपयोग से बचाव के उपाय भी विस्तार से बताए गए। कार्यक्रम में महिलाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 108 तथा स्वास्थ्य सेवा 102 शामिल हैं। पुलिस टीम ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में इन नंबरों के माध्यम से तत्काल सहायता प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन की विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित महिलाओं को योजनाओं से संबंधित पंपलेट वितरित कर उन्हें लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

### गेहूं कटाई के बीच आगजनी का खतरा बढ़ा खेतों में अवशेष जलाने से बढ़ी चिंता

**उतरौला (बलरामपुर)।** जनपद बलरामपुर के उतरौला क्षेत्र में इन दिनों गेहूं की कटाई अपने चरम पर है। किसान बड़ी मेहनत से अपनी तैयार फसल को काटकर या तो घर पहुंचा रहे हैं या खेतों में एकत्र कर रहे हैं। ऐसे समय में मौसम की शुष्कता और फसलों के पूरी तरह सूख जाने के कारण आग लगने का खतरा अत्यधिक बढ़ गया है, जिससे किसानों की चिंता भी बढ़ती जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, सूखी गेहूं की फसल और खेतों में पड़े अवशेष अत्यंत ज्वलनशील होते हैं। ऐसे में जरा सी चिंगारी भी बड़ी आग का रूप ले सकती है और देखते ही देखते पूरी फसल को नष्ट कर सकती है। अभी हाल ही के दिनों में बलरामपुर जनपद सहित उतरौला तहसील क्षेत्र में कई बार आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें किसानों की खड़ी फसलें बड़ी मात्रा में जलकर राख हो चुकी हैं। इन घटनाओं का मुख्य कारण लापरवाही और खेतों में आग लगाना ही रहा है।

### भुरकुंडा में बहू-बेटी सम्मेलन, महिलाओं को सुरक्षा व अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**उतरौला (बलरामपुर)।** जनपद में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना कोतवाली उतरौला पुलिस द्वारा ग्राम सभा भुरकुंडा में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय तथा क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। मिशन शक्ति टीम एवं एंटी रोमियो टीम के पुलिसकर्मियों ने गांव में चौपाल लगाकर महिलाओं से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं।

# औद्योगिक भ्रमण पर निकले फार्मेसी विद्यार्थियों ने मसूरी-हरिद्वार में लिया ज्ञान और आनंद

- गंगा आरती, कैंप्टी फॉल्स व गन हिल के साथ पहाड़ी वनस्पतियों की मिली जानकारी



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** तेजवापुर ब्लाक के बहराइच - सीतापुर मार्ग के सबलापुर स्थित डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के छात्र-छात्राएं तीन दिवसीय औद्योगिक भ्रमण पर निकले हैं, जहां वे शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक अनुभव भी प्राप्त कर रहे हैं। भ्रमण के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने हरिद्वार में मां गंगा की भव्य आरती में सहभागिता कर आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। इसके पश्चात छात्र-छात्राएं मसूरी पहुंचे, जिसे 'पहाड़ियों की रानी' कहा जाता है। यहां उन्होंने प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कैंप्टी फॉल्स और गन हिल का भ्रमण किया तथा प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद उठाया। भ्रमण के दौरान संस्थान के प्राचार्य डा. अशोक कुमार त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष (एचओडी) शिवमूर्ति सिंह एवं शिक्षिका शालू त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को पहाड़ी क्षेत्रों में पाई जाने वाली विभिन्न औषधीय वनस्पतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन पौधों का फार्मेसी क्षेत्र में विशेष महत्व है, जिससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। संस्थान के चेयरमैन डॉ. सर्वेश शुक्ला, डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला, मैनेजर आस्था शुक्ला, प्रशासनिक प्रबंधक विनोद त्रिपाठी एवं एकाउंट मैनेजर नीलेश तिवारी ने इस शैक्षणिक भ्रमण की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा निरीक्षक को पुलिस उपाधीक्षक के पद पर पदोन्नत होने पर उनके कंधों पर स्टार लगाकर बधाई दी



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित विशेष बाल किशोर इकाई में नियुक्त निरीक्षक विजय कुमार पांडेय को पुलिस उपाधीक्षक (Deputy Superintendent of Police) के पद पर पदोन्नति होने पर उनके कंधों पर स्टार लगाकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। महोदय द्वारा उन्हें निर्देशित किया गया कि वे अपनी नई जिम्मेदारियों को भली-भांति समझते हुए पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करें तथा जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पुलिस कार्यालय के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## गोंडा में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर भव्य कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को जनपद गोंडा में विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तय कर दी गई है। प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार पूरे जिले में शैक्षिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से अंबेडकर जी के विचारों और योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रमों की शुरुआत प्रातः 10:30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और उनके जीवन दर्शन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर गोष्ठी से होगी। इस दौरान जिलाधिकारी सहित सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। इसके बाद 11 बजे माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों के बीच अंबेडकर जी के जीवन पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालयों में भी 11:30 बजे शिक्षकों द्वारा कक्षा में अंबेडकर जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला जाएगा तथा भाषण प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। दोपहर 12 बजे टाउन हाल गोंडा में अंबेडकर जी के जीवन और विचारों पर आधारित गोष्ठी एवं प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा सभी तहसीलों में भी दोपहर 12 बजे समारोह और गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार की सहभागिता रहेगी।

# भाजपा कार्यालय पर नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का लाइव प्रसारण

- माताओं, बहनों और बेटियों को नीति निर्धारण में भागीदारी का मिलेगा अवसर: बृजेश पांडेय



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** भाजपा कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' लाइव सम्बोधन जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय व सांसद डॉ आनंद गौड़ ने महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ सुना प्रधानमंत्री बोले- ये निर्णय नारी शक्ति को समर्पित है। उन्होंने कहा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, मातृ वंदन योजना, सुकन्या योजना, मिशन इंद्र घनुष योजना, उज्ज्वला योजना, हर घर नल अभियान, मुफ्त राशन योजना, यह सभी मातृ वंदन अर्थात नारी शक्ति वंदन अभियान को समर्पित योजनाएं है बोले की अब बच्चों के अंक प्रमाण पत्र पर माँ का नाम घर के मुखिया पर व राशन कार्ड पर महिलाओं का नाम नारी शक्ति को बढ़ावा देना है। महिलाओं के लिए जन धन योजना भी महिला सशक्तिकरण को बल प्रदान करता है। मुद्रा योजना में भी 60 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी है महिलाओ के लिए मैटरनिटी लीव को भी बढ़ाया गया है। सेना में भी महिलाओ की भागीदारी सुनिश्चित है 3 करोड़ से ज्यादा महिलाये लखपति दीदी के रूप में कार्य कर रही है जो की नारी शक्ति वंदन की प्रकल्पना को साक्षात् रूप में साकार कर रही है। प्रधानमंत्री के लाइव सम्बोधन ख़त्म होने के बाद जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा की तीन दशको से लंबित था जिसे मात्र तीन दिन में पारित कर दिया गया इससे देश की माताओ बहनो और बेटियों को नीति निर्धारण में भागीदारी का अवसर मिलेगा और समाज सकरात्मक बदलाव आएगा। सांसद आनंद गौड़ ने कहा कि - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के कारण महिलाओं के लिए शौचालय, उज्जवला योजना और सुकन्या जैसी अनेक योजनाएं लागू हुई हैं जिनसे महिलाओं का जीवन स्तर काफी बेहतर हुआ है।

उन्होंने कहा कि इन योजनाओं ने ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाया है।

# लोकतंत्र नहीं एकतंत्र लागू करना चाहती है भाजपा : सूरज सिंह

- बाबा साहेब के विचार ही भारत को विकसित करेंगे : जिलाध्यक्ष



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती कार्यक्रम को सेक्टर स्तर पर मनाने का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में गोंडा सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सूरज सिंह ने विधानसभा की बूथ संख्या 01 पूरेनारी में पहुंचकर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर जल एवं दुग्ध से अभिषेक किया तत्पश्चात उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सूरज सिंह ने कहा की विधानसभा गोंडा में दिनांक 13 अप्रैल से 15 अप्रैल तक अनेकों कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास होगा। सदर विधानसभा से लगी ग्रामसभा जानकीनगर के मजरे रानीपुरवा में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक सूरज सिंह ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र नहीं एकतंत्र में विश्वास रखती है भाजपा का विचार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचार से बिल्कुल विरुद्ध है भाजपा दलित पिछड़ों के हक को खत्म कर रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने दलित और पिछड़ों को जो रास्ता दिखाया हैं यदि समाज उस रास्ते पर चले तो राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक नहीं सकता। कार्यक्रम को शिव संपत विनोद श्रीवास्तव जेपी श्रीवास्तव फहीम पप्पू रामधन यादव अफजल सिद्धार्थ दीपू अजय गौतम शिवकुमार संजय साहू सोमनाथ मेराज जावेद रवि यादव शाहिद आदि ने संबोधित किया। देवेंद्र सिंह जेपी श्रीवास्तव पिंटू पांडे रमेश कोरी बिट्टू सुरेंद्र सिंह पवन सिंह रिशु रनंजय सिंह अनुराग अजय मौर्या अनिल भोजवाल राम धीरज पवन लिटिल गुप्ता आर्यन राजन रमेश यादव परवेज रामदयाल कायम अली आदि उपस्थित रहे। दिव्यांश सिंह विवेक विक्कू और सुमन जायसवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन लालचंद गौतम ने किया।

# आयुष्मान कार्ड बनवाने को जागरूकता एलईडी वैन रवाना



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जागरूकता बढ़ाने और अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के उद्देश्य से सोमवार को विकास भवन से एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह वैन आगामी 10 दिनों तक जनपद के सभी ब्लॉकों में भ्रमण कर लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित करेगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतलाल पटेल ने बताया कि अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से छूटे हुए पात्र व्यक्तियों, 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों तथा सभी राजकीय कर्मचारियों को कैशलेस आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इच्छुक लाभार्थी अपने क्षेत्र की आशा, एएनएम, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के सीएचओ, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा पंचायत सहायकों के सहयोग से अपना कार्ड बनवा सकते हैं।

# बाबा साहब कहते थे कि शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पिएगा वो दहाड़ेगा



**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माता बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को मनाई जायेगी। बाबा साहेब सिर्फ एक महान नेता ही नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत भी हैं। उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा देते हैं। हर साल अंबेडकर जयंती के मौके पर लोग उनके संदेशों को याद करते हैं और उन्हें अपने जीवन में अपनाने की कोशिश करते हैं। शिक्षा, समानता और अधिकारों को लेकर उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं।



डा0 शालिनी

**प्राध्यापक डा0 शालिनी सिंह** ने बताया कि डा0 भीमराव आंबेडकर को भारतीय संविधान निर्माता कहा जाता है। वे भारत के सामाजिक और कानूनी बदलावों में भूमिका निभाने वाले महान विचारक थे। उन्हें बाबा साहब के नाम से भी जाना जाता है। हर साल 14 अप्रैल को उनकी जयंती मनाई जाती है जो उनके विचारों को याद करने का है। बाबा साहब कहते थे कि बंदूक से ज्यादा विचार घातक होते हैं।



वीना गौतम

**इंचार्ज प्रधानाध्यापक वीना गौतम** ने बताया कि बाबा साहब का मानना था कि शिक्षा से समाज को बदलने की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा था कि शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पिएगा वो दहाड़ेगा आज सभी को आगे बढने के लिए प्रेरित करता है। वे सिर्फ संविधान निर्माता ही नहीं थे बल्कि एक महान विचारक और समाज सुधारक भी थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज में समानता, न्याय व शिक्षा के लिए समर्पित किया।



नरेन्द्र सिंह जाटव

**अटेवा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव** ने बताया कि आंबेडकर जयंती सिर्फ एक जयंती नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और अधिकारों की प्रेरणा का दिन है। इस दिन स्कूलों, कॉलेजों, सरकारी संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। रैलियां, भाषण, श्रद्धांजलि सभाएं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बाबा साहब के विचारों को याद किया जाता है।



विजय भास्कर

**बसपा के मण्डल प्रभारी विजय भास्कर** ने बताया कि डॉ0 आंबेडकर को भारतीय संविधान का मुख्य शिल्पकार माना जाता है, जिसने भारत को लोकतांत्रिक ढांचा दिया। वे संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे। उन्हें भारतीय संविधान का जनक और मुख्य वास्तुकार कहा जाता है। उन्होंने कोलंबिया यूनिवर्सिटी और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से उच्च शिक्षा प्राप्त की। उनके पास कुल 32 डिग्रियां थीं।

# भारत रत्न बाबा साहब की 135वीं जयंती पर नगर में धूमधाम से निकाली गई धम्मयात्रा



यात्रा में शामिल सांसद मुकेश राजपूत व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतरत्न संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयन्ती पर आयोजन समिति द्वारा निकाली गई। सांसद मुकेश राजपूत ने झण्डी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा, भाजपा नेता सरदार तोषित प्रीत सिंह आदि शामिल हुए। विशाल धम्म यात्रा में भारत के महापुरुषों, दलित नायकों, सामाजिक न्याय व देश के लिये बलिदान हुये महान देशभक्तों की निकली झांकियों का जगह-जगह रोककर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयन्ती आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ0 प्रभूदयाल, जिला महामंत्री वीरेन्द्र सिंह कठेरिया, कार्यक्रम संयोजक रामनरेश गौतम, महिला टीम की अध्यक्ष संघमित्रा भाष्कर आदि के नेतृत्व में निकली विशाल धम्म यात्रा का शुभारम्भ विकास भवन से किया गया। ज्योतिबा राव फूले, डॉ0 भीमराव अम्बेडकर, भगवान बुद्ध, छत्रपति शाहू जी महाराज, सन्त गाडगे जी महाराज, मान्यवर कांशीराम, सम्राट अशोक सहित आधा सैकड़ा से अधिक महापुरुषों की भव्य झौकियों का सर्वसमाज के लोगों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। सैकड़ों की संख्या में वाहनों की लम्बी कतारें लोगों के अन्दर बाबा साहब के प्रति समर्पण, सम्मान, श्रद्धा और जुनून की साक्षी बनी। बाबा तेरा मिशन अधूरा, हम सब मिलकर करेंगे पूरा। जब तक सूरज चाँद रहेगा, बाबा साहब का नाम रहेगा। धम्म यात्रा विकास भवन फतेहगढ़ चौराहा, सेन्ट्रल जेल चौराहा, नलकूप कालोनी, भोलेपुर, नगला प्रीतम, नेकपुर, आवास विकास होती हुई चाँदपुर स्थित बुद्ध बिहार में धम्म यात्रा

- जगह-जगह फूल मालाओं से यात्रा का किया गया स्वागत
- यात्रा में निकाली गई झांकियां

का समापन किया गया। धम्म यात्रा में दलित समाज के अलावा सर्वसमाज व अल्पसंख्यक के लोगों की विशेष भागीदारी रही। इस अवसर रवीन्द्र नाथ दिवाकर, कुलदीप सिंह कठेरिया, राधेश्याम बाल्मीकि, मौर्यश्री, रामनिवास कठेरिया, नानकचन्द्र, देव कठेरिया, अजय भारती आदि उपस्थित रहे। शक्ति व एकता की प्रतीक डॉ0 भीमराव की पट्टिकायें गले में डालकर एकता का संदेश दिया गया। इस मौके पर पंकज कुमार सिंह, अनिल कुमार, संघमित्रा भास्कर, रविन्द्र नाथ दिवाकर, कुलदीप सिंह कठेरिया, ले0 गिरिजा शंकर, संतोष कुमार, धर्मेन्द्र कनौजिया, वीना गौतम, राजकुमार, नानकचन्द्र, नरेन्द्र सिंह जाटव, रमेश चन्द्र कठेरिया आदि लोग मौजूद रहे। व्यवस्था डा0 प्रभुदयाल व वीरेन्द्र सिंह कठेरिया तथा रामनरेश गौतम ने देखी।


































## खबरें एक नजर में

### गांव चलो बस्ती चलो अभियान में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन



**मदनापुर, शाहजहांपुर।** ददरौल भाजपा विधायक अरविंद कुमार सिंह ने मंडल मदनापुर के चंदौरा बहादुरपुर,खेड़ा बहादुरपुर,खाई खेड़ा,नगला दमन,और अतिवरा में वरिष्ठ जनों का सम्मान कर लाभार्थियों से संवाद किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष भाजपा बृजमोहन सिंह ब्लॉक प्रमुख महेश पाल सिंह जिला उपाध्यक्ष आनंद प्रताप सिंह निवर्तमान मंडल अध्यक्ष विजय चौहान जिला कार्यसमिति सदस्य गोविंद गुप्ता जी और मंडल महामंत्री सचिन चौहान दीपू और सरोज कुमार शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

### सीओ ने कोतवाल के संग सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर की सघन चेकिंग

**तिलहर – शाहजहांपुर।** क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सीओ ज्योति यादव ने कोतवाल जुगुल किशोर पाल के सानिध्य में बैंकों तथा सार्वजनिक स्थलों पर सघन चेकिंग अभिया चलाया और लोगों से वार्ता कर साइबर क्राइम आदि की विस्तृत जानकारी भी दी। सोमवार को अभियान के दौरान क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई तथा विभिन्न बैंक/एटीएम एवं उनके आसपास सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। बैंक ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्कता बनाए रखने, संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए। सीओ ने स्टेशन रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा, एडीबी आदि का भी निरीक्षण किया। यहां प्रबंधकों से बैंक तथा परिसर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के दुरुस्त होने की भी जानकारी ली। इस दौरान क्षेत्री दरोगा व पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे।

### हर कुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज में स्कूल चलो अभियान का आगाज




**शाहजहांपुर।** महानगर क्षेत्र में दलेलगंज के श्री हर कुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत प्रधानाचार्य ब्यूटी के निर्देशन में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का प्रमुख उद्देश्य अधिक से अधिक ड्रॉप आउट छात्राओं को समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत मुख्य धारा शिक्षा से जोड़ना और माता–पिता और अभिभावकों को छात्राओं के अध्ययन के प्रति जन जागरूक करना है। जन जागरूकता की इस रैली में कॉलेज की छात्राओं शिक्षिकाओं ने दलेलगंज स्थानीय निवासियों को उत्साहवर्धन एवं कक्षा 1 से 12 तक की छात्राओं को प्रवेश कराए जाने हेतु डोर टू डोर संपर्क किया। रैली के दौरान छात्राओं ने पढ़ी–लिखी लड़की लक्ष्मी घर की शिक्षा है, अनमोल रतन पढ़ने का तुम करो जतन, जैसे प्रेरणादायक नारे लगाएं। यह रैली कॉलेज कैंपस से प्रारंभ होकर पक्का पुल हरदोई रोड एवं आसपास के क्षेत्र में निकाली गई। जिससे लोगों में शिक्षा की लो फैलाई जा सके ।हर कुमार पाठक की प्रधानाचार्य ब्यूटी ने बताया कि शिक्षा प्रत्येक बालिका का अधिकार है उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वह अपने बच्चों को रेगुलर रूप से क्लास भेजें क्योंकि भारत के भाग्य का निर्माण हमारी इन क्लास में हो रहा है ।रैली में कॉलेज की शिक्षिकाएं अंजुम ,मीना, अंजू आदि ने भी शिक्षा की महत्व एव स्कूली छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया।

### पेंशन को लेकर तीन साल से भटक रही वृद्धा



**जैतीपुर–शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड की ग्राम पंचायत बिनौरा बिनौरिया निवासी 80 वर्षीय सौदरा देवी वृद्धावस्था पेंशन न मिलने से परेशान हैं। उनकी पेंशन पिछले तीन साल से बंद है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार दोपहर को सौदरा देवी खंड विकास अधिकारी से मिलने ब्लॉक मुख्यालय पहुंचीं, लेकिन अधिकारी के न मिलने पर उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा। उन्होंने बताया कि पेंशन शुरू कराने के लिए उन्होंने प्रधान को कागजात दिए थे और कई बार ब्लॉक मुख्यालय का दौरा भी किया, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया। सौदरा देवी एक बेसहारा महिला हैं। उनके पति और बेटों का निधन हो चुका है। वृद्धावस्था पेंशन ही उनके जीवनयापन का एकमात्र सहारा था, जिसके बंद होने से उन्हें गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी मनीष दत्त से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

### जीप की टक्कर से बाइक सवार साले-बहनोई घायल

**तिलहर–शाहजहांपुर।** जीप की टक्कर से बाइक सवार साले–बहनोई घायल हो गए। लोगों ने उन्हें शाहजहांपुर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। बीसलपुर के पटेल नगर निवासी अरविंद वर्मा सोमवार की सुबह अपने बहनोई बरेली के सुभाष नगर निवासी प्रिंस वर्मा के साथ बाइक से जलालाबाद जा रहे थे। रास्ते में तिलहर निगोही मार्ग पर गर्रा नदी पुल से पहले सामने से आ रही अज्ञात जीप में उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह दोनों लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### हृदयघात से रिटायर्ड फौजी का निधन, सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई



**खुटार, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।** नगर निवासी रिटायर्ड फौजी छोटेलाल वर्मा (89) का हृदयघात के चलते निधन हो गया। वह लंबे समय से हृदय रोग से पीड़ित थे और उनका उपचार चल रहा था। जानकारी के अनुसार, बीती रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए बरेली ले जा रहे थे। रास्ते में हालत और गंभीर होने पर लखीमपुर ले जाने का प्रयास किया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनका निधन हो गया। उनके निधन की खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन पार्थिव शरीर को खुटार स्थित आवास पर ले आए। सूचना मिलने पर 11वीं गढ़वाल राइफल्स बटालियन, शाहजहांपुर कैंट के जवान मौके पर पहुंचे और सैन्य सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी। स्थानीय लोगों ने भी नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की।

# डीएम ने बरेली मोड़ के चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का किया निरीक्षण



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बरेली मोड़ चल रहे चल रहे चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अभियंता को निर्देश दिए कि कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि चौड़ीकरण कार्य में आने वाले विद्युत पोलों को जल्द शिफ्ट करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण पूर्ण कराकर बस स्टैंड, ई-रिक्शा स्टैंड, लगने वाले ठेलों व्यवस्थित तरीके से लगवाया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार एवं अपर नगर आयुक्त एसके सिंह सहित और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### डीएम ने किया अध्यात्म मेला स्थल का निरीक्षण



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, नगर आयुक्त सौम्या गुरु रानी साहित अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ रैली ग्राउंड, साउथ सिटी के सामने बरेली मोड़ स्थित 14 अप्रैल से लगने वाले आध्यात्म मेला स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी ने अग्नि सुरक्षा एवं विद्युत सुरक्षा सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार एवं अपर नगर आयुक्त एसके सिंह सहित और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## वॉइस रिकॉर्डिंग युक्त एआई कैमरों को लगाए जाने का विरोध जारी



**शाहजहांपुर।** आर्य महिला महाविद्यालय में टीचर्स स्टाफ रूम में वॉइस रिकॉर्डिंग युक्त ए शआई कैमरों को लगाए जाने का विरोध निरंतर तीसरे दिन सोमवार को भी जारी रहा। शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर अपना शैक्षणिक कार्य करते हुए सांकेतिक विरोध प्रदर्शन जारी रखा। शिक्षक पुनःअपनी समस्या को लेकर कार्यवाहक प्राचार्य डा.दुर्गावती सिंह से बात करने गए, परंतु उन्होंने कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दी। इसीलिए शिक्षक अपना यह सांकेतिक विरोध जारी रखने को विवश हैं। सांकेतिक विरोध प्रदर्शन में शिक्षक डॉ. श्वेता सक्सेना, डॉ. विजय गुप्ता, डॉ. एमपीएस चौहान, डॉ. आशीष गोयल, नम्रता लता, डॉ. रानू दुबे, डॉ. मृदुल शुक्ला, डॉ. ज्योति गुप्ता, डॉ. निदा शाहिद, राजेश, डॉ. अरुण कांत पांडे, डॉ. गुलशन रस्तोगी, सीता वर्मा, शैली पाठक, शेषांकी, संध्या भारती, शालिनी श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# नगरीय निदेशालय के असिस्टेंट डायरेक्टर सत्यपाल सिंह की होनी थी समीक्षा बैठक

- जिला मुख्यालय पर ही तलब किए गए सभी ईओ
- स्थलीय निरीक्षण व समीक्षा बैठक न होने पर पालिका प्रशासन ने ली राहत की सांस



**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शासन स्तर से पूरे प्रदेश में स्वच्छ भारत मिशन के क्रिया कलापों के स्थलीय निरीक्षण व समीक्षा किए जाने के मद्देनजर सोमवार को आने वाले नगरीय निदेशालय के असिस्टेंट डायरेक्टर के यहां न आने से पालिका प्रशासन ने राहत की सांस ली । सूत्रों के मुताबिक एडी ने सभी नगर पालिकाओं व नगर पंचायत के ईओ को जिला मुख्यालय पर तलब किया है। गौरतलब है कि स्वच्छता मिशन के अंतर्गत किए कार्य कार्यों के स्थलीय निरीक्षक और कार्य प्रगति समीक्षा के लिए शासन से कई अधिकारी नामित किए गए है । जिसमें एडी सत्यपाल सिंह को शाहजहांपुर , बदायूं व बरेली जनपद के लिए नामित किया गया है । सोमवार को श्री सिंह का यहां दौरा था । उनके स्थलीय निरीक्षण के क्रम में ईओ सत्येंद्र प्रकाश ने सिमेंट्री इंस्पेक्टर राजीव कुमार के साथ नगर में साफ सफाई की व्यवस्था का अवलोकन किया। इस दौरान बिरियागंज चौकी से आंबेडकर पार्क तक जल भराव को खत्म करने के लिए आनन फानन में नाले की खुदाई कराई गई। वहीं रेनेसां एकेडमी की बाउंड्री बाल से सटे वेस्ट टू वंडर पार्क को अभियान चलाकर दुरुस्त कराया गया। असिस्टेंट डायरेक्टर श्री सिंह की टीम के सेनिटेशन एक्सपर्ट अभय कुमार नगर शाहजहांपुर के डीपीएम राजेश चंद्र के साथ पालिका पहुंचे और ईओ सत्येंद्र प्रकाश से वार्ता कर एडी द्वारा उन्हें जिला मुख्यालय पर बैठक में पहुंचने का संदेश दिया। एडी के यहां न आने की खबर से पालिका प्रशासन ने राहत की सांस ली। उक्त मामले में ईओ सत्येंद्र प्रकाश ने बताया कि एडी साहब का किन्हीं कारण वश तिलहर में निरीक्षण नहीं हो सका।

### सभी पदाधिकारी पूरे उत्साह से बाबा साहब की जयंती मनाएं: रजनीश



**शाहजहांपुर।** 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बाबा साहब की जयंती के अवसर पर कांग्रेस पूरे जनपद में हर ब्लॉक व नगरों में बड़े स्तर पर मनाने के निर्देश जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने सभी ब्लॉक अध्यक्ष व नगर अध्यक्ष को दिए है। इसके साथ ही कांग्रेस कार्यालय पर भी एक विचार गोष्ठी आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। रजनीश गुप्ता ने आगे बताया कि ददरौल विधानसभा के ग्राम चक्भीटारा में अम्बेडर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सुबह 11 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। सभी पदाधिकारी पूरे उत्साह से बाबा साहब की जयंती को मनाए।

## नायब तहसीलदार के पद पर चयनित सौरभ दीप का बौद्ध महासभा ने किया स्वागत



**शाहजहांपुर।** भारतीय बौद्ध महासभा उत्तर प्रदेश (पंजीकृत) के जिला रामपुर के ऑडीटर श्रद्धेय अनिल कुमार गौतम, परसौना खलीलपुर, शाहजहांपुर के प्रधानाचार्य के सुपुत्र सौरभदीप का इस वर्ष लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित परीक्षा में नायब तहसीलदार के पद पर चयनित होने पर महासभा के प्रांतीय महामंत्री डॉ अरविंद कुमार गौतम, प्रांतीय संयुक्त मंत्री महेंद्र सिंह दिनकर, महासभा शाहजहांपुर जिला अध्यक्ष बलवीर सिंह गौतम शाहजहांपुर महासभा जिला ऑडीटर माता दीन वर्मा, पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष एवं हिंदू इंटर कॉलेज शाहजहांपुर के प्रवक्ता राम सिंह, विनोद कुमार आदि ने उनके शाहजहांपुर स्थित अशोक विहार पहुंचकर कर माला पहनाकर, पुष्प गुच्छ देकर, एवं मिठाई खिलाकर हार्दिक बधाई देते हुए उनका स्वागत अभिनंदन किया गया।

## न्याय पंचायत संडा खास में आयोजित की गई शिक्षा चौपाल

- शिक्षकों की मेहनत से बदली है परिषदीय विद्यालयों की तस्वीर: भानु प्रताप सिंह

**निगोही, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



उच्च प्राथमिक विद्यालय संडा खास में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख भानु प्रताप सिंह के द्वारा सरस्वती माँ की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया।नोडल संकुल शिक्षक प्रदीप मिश्रा के द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत रुपरेखा प्रस्तुत की गई।इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश पंकज के द्वारा कक्षा पाँच एवं आठ उत्तीर्ण कर चुके छात्र/छात्राओं से आगे की कक्षाओं में नामांकन कराने हेतु कहा गया।जिन बच्चों की आयु 6 वर्ष की हो चुकी है उनका नामांकन अपने गाँव में स्थित परिषदीय विद्यालय में कराने को कहा गया।राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री महेन्द्र सिंह ने बताया कि संडा खास न्याय पंचायत के बच्चों ने इस बार प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करके ब्लॉक का नाम रोशन किया है,आगे आने वाले समय में सभी शिक्षकों के प्रयास से निगोही ब्लॉक उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगा।ब्लॉक प्रमुख भानु प्रताप सिंह ने कहा कि अब परिषदीय विद्यालयों का कायाकल्प हो चुका है और सभी शिक्षक पूर्ण मनोयोग से अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन कर रहे हैं।जनपद एवं मण्डल स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में चयनित छात्र/छात्राओं को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरुस्कृत किया गया तथा निपुण हो चुके विद्यालयों के शिक्षकों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन सुभाष वर्मा के द्वारा किया गया। आज के कार्यक्रम में एआरपी बृजेश कुमार, खुशीराम, संकुल शिक्षक अभिषेक कुमार, अजय वर्मा, नितिन श्रीवास्तव, माला राजपूत, अनीता, जैमेंद्र सिंह, अवधेश कुमार, युवराज सिंह, शिवकुमार गौतम, नरगिस जमाल, शाहिदा जमाल, जुबैर अहमद, कंचन पाल, कुलदीप सिंह समेत तमाम शिक्षक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## दुर्गा मंदिर कॉरिडोर: तीन दिन की चेतावनी, फिर गरजेगा बुलडोजर

- एडीएम वित्त ने निगम अधिकारियों व पार्षद के साथ स्थानीय लोगों से किया संवाद
- दो दिन पूर्व डीएम, नगरायुक्त ने निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने की कही थी बात

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शहर के चौक क्षेत्र में मोहल्ला भारद्वाजी के अंतर्गत मां दुर्गा मंदिर मार्ग पर कॉरिडोर बनाएं जाने का कार्य कराया जा रहा है। जिसके क्रम में सोमवार को डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने निगम अधिकारियों व पार्षद सीमा सारस्वत के साथ मंदिर के बनाए जा रहे, कॉरिडोर के आसपास एरिया का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर जिन दुकानदारों व स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमण कर रखा गया है। उन लोगों से संवाद स्थापित करते हुए अपील कि तीन दिन 17 अप्रैल तक वो लोग अतिक्रमण अपना अपना स्वयं हटा दे, अन्यथा निगम की ओर से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। एडीएम वित्त ने बताया कि नगर निगम के एरिया में जिन लोगों ने अवैध तरीके से अतिक्रमण किया गया है, उन लोगों का चिन्हांकन कर लिया गया है। निरीक्षण कर अपील भी की गई है कि वह जल्द से जल्द स्वयं अतिक्रमण हटा ले। अन्यथा वहां पर निगम द्वारा जेसीबी से अतिक्रमण हटवाया जाएगा। बता दें कि दो दिन पूर्व डीएम व नगरायुक्त द्वारा निरीक्षण कर कॉरिडोर निर्माण में बाधक बन रहे, अवैध निर्माण को हटाने के लिए दिशा निर्देश दिए गए थे।जिसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने एक्शन लिया है।

## संवाद स्थापित कर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



एसपी के निर्देशन में सीओ तिलहर ज्योति यादव द्वारा थाना तिलहर पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई तथा विभिन्न बैंक, एटीएम एवं उनके आसपास सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। बैंक ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्कता बनाए रखने, संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस टीम द्वारा आमजन से भी संवाद स्थापित कर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा उन्हें आश्वस्त किया गया कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। सीओ ने बताया कि पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध इसी प्रकार प्रभावी कार्यवाही सतत रूप से जारी रहेगी।

## डॉ. बीआर अंबेडकर विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं: अवधेश

- बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती विद्यार्थियों के साथ धूमधाम से मनाई

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व संध्या पर देवी प्रसाद इंटर कॉलेज शाहजहांपुर में प्रधानाचार्य अवधेश सिंह अरुण की अध्यक्षता में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती विद्यार्थियों के साथ बड़े धूमधाम से मनाई गई। अंबेडकर जी के चित्र पर प्रधानाचार्य के साथ सभी शिक्षकों ने माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए। प्रधानाचार्य अवधेश सिंह अरुण ने कहा की डॉ. बी आर अंबेडकर विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। अंबेडकर ने विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए अपने आप को सर्वोच्च साबित करते हुए देश को बता दिया की जिसकी इच्छा शक्ति मजबूत हो उसको उसके लिए गरीबी एवं छुआछूत विकास के लिए रोड़ा नहीं बन सकती। उप प्रधानाचार्य कैप्टन रामकुमार ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने महिलाओं के लिए समान नागरिक संहिता एवं संपत्ति अधिकार के लिए संविधान सभा में बहुत संघर्ष किया और आज जो अधिकार महिलाओं को प्राप्त है उसके लिए बाबा साहब का बहुत बड़ा योगदान है। महिलाओं को बाबा साहब की पूजा करनी चाहिए। बृजेश कुमार सवर्ण ने कहा की बी आर अंबेडकर ने बौद्ध धर्म स्वीकार करके भारत की एकता और अखंडता को मजबूत किया। गौरव पांडे ने कहा कि डॉक्टर बी आर अंबेडकर ने संविधान लिखकर देश को एक बहुत बड़ा योगदान दिया आज हमारा राष्ट्र विकास के पथ पर चल रहा है उसमें संविधान का बहुत बड़ा योगदान है। गौरी शंकर वर्मा ने कहा कि डॉक्टर बीआर अंबेडकर के बताए हुए मार्गदर्शन से ही समाज का विकास किया जा सकता है। कार्यक्रम का कुशल संचालन अटेवा जिला अध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर नवाब अली अंसारी, हृदेश कुमार सक्सेना, चंद्रवीर सिंह, वंदना शुक्ला, अक्षय सक्सेना, अमित कुमार, रामनिवास आदि शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्कूल चलो अभियान रैली का प्रेरणादायक आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




प्राथमिक विद्यालय सौफरी खुटार में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायक रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ विद्यालय की इंचार्ज तरन्नुम द्वारा किया गया। ग्राम के अभिभावक, ग्राम प्रधान संतकुमार, अभिभावक रामू,गीता देवी, रामलखन, महेंद्र कुमार, राजाराम सहित अने व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय परिवार से सोनू सिंह,सरवजीत कौर, निर्मला देवी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। साथ ही आंगनवाड़ी स्टाफ से शशिकला देवी, विजयकांति का भी सहयोग प्राप्त हुआ। रैली का विशेष आकर्षण विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चे रहे, जिन्होंने अपने हाथों से बने हुए पोस्टर एवं बैनर के साथ-साथ वेस्ट न्यूज़पेपर से तैयार की गई आकर्षक टोपियाँ पहनकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। बच्चों ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर पूरे गांव में उत्साह के साथ रैली निकाली और घर-घर जाकर लोगों को स्कूल चलो अभियान के महत्व के प्रति जागरूक किया। बच्चों की ऊर्जा और संदेश का इतना प्रभाव पड़ा कि धीरे-धीरे पूरे गांव के लोग इस रैली से जुड़ते चले गए और अभियान जनआंदोलन का रूप लेता नजर आया। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभाग करने वाले लोगों के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गई। यह आयोजन न केवल शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सफल रहा, बल्कि विद्यालय और समुदाय के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## खबरें एक नजर में

### चार बीडीओ का तबादला

**शाहजहांपुर।** जिला विकास अधिकारी ने चार खंड विकास अधिकारी का कार्य क्षेत्र बदला है। जिसमें जैतीपुर से बीडीओ मनीष दत्त को बंडा, तिलहर से गिरजेश द्विवेदी को जिला ग्राम्य विकास अभिकरण संबद्ध, बंडा से विजयकांत मिश्रा को तिलहर एवं जिला ग्राम्य विकास अभिकरण से बाबूलाल वर्मा को जैतीपुर बीडीओ बनाया गया है।

### राकिमसं ने पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा



**पुवायां, शाहजहांपुर।** राकिमसं ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के तहसील अध्यक्ष उमाशंकर गंगवार के नेतृत्व में अनेकों कार्यकर्ता तहसील पहुंचे। जहां कार्यकर्ताओं ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर पांच सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी चित्रा निर्वाल को सौंपा। दिए गए ज्ञापन में बताया कि मकसूदापुर चीनी मिल में किसानों का गन्ने का भुगतान अभी नहीं हो पाया है। जिसे जल्द ही किसानों को दिलवाया जाए या किसानों को दूसरी चीनी मिल से जोड़ दिया जाए। पुवायां तथा बंडा गल्ला मंडी में गेहूं की फसल की तौल बारदाना न होने के बहाने से तौल नहीं की जा रही है। दोनों मंडियों में अति शीघ्र तौल चालू कराई जाए ।किसानों का गेहूं न तुल पाने के कारण किसान अपना गेहूं औने पौने दामों पर बेचने को मजबूर है। वही ज्ञापन में बताया कि घरेलू गैस कनेक्शन धारकों को दो–तीन महीने से गैस बुक करने के बावजूद भी गैस नहीं मिल पा रही है और कनेक्शन धारक संबंधित एजेंसी पर रात से ही लाइन लगाने के बावजूद भी गैस के लिए भटक रहे हैं। वहीं आवारा बंदरों व पशुओं द्वारा किसानों की फसलों को लगातार नष्ट किया जा रहा है। इसलिए इन पशुओं को पकड़वाकर जंगल में छुड़वाए जाने की मांग की। इस दौरान संगठन के तहसील अध्यक्ष उमाशंकर गंगवार, तहसील महासचिव सचिन मिश्रा, सोनू कुमार, श्यामू, शिवम यादव, जसवंत सिंह, विनीत मिश्रा, शिव सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### किशोरी को बहला-फुसला कर भगा ले जाने वाला गिरफ्तार

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव की महिला ने उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया और उसके बयान के आधार पर दर्ज मुकदमा में धाराओं को बढ़ाते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी और उसे गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव की महिला ने 13 मार्च को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री को थाना क्षेत्र के गांव बितौनी निवासी दीपक उर्फ टाइम पास पुत्र बेचेलाल बहला फुसलाकर कर भगा ले गया है। जिसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया और किशोरी और आरोपी की तलाश शुरू कर दी। 20 मार्च को पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया और उसके बयानों के आधार पर दर्ज मुकदमे में अन्य धाराओं की वृद्धि की। वही सोमवार को वांछित अभियुक्त दीपक पुत्र बेचेलाल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक अमित कुमार कांस्टेबल संदेश आदि मौजूद रहे।

### अंगनेलाल इंटर कॉलेज में समर कैम्प का शुभारंभ



**शाहजहांपुर।** उड़ान एक उम्मीद संस्थान ने अंगनेलाल इंटर कॉलेज में समर कैम्प का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष डीप प्रज्वलन कर किया गया। 15 दिन तक चलने वाले कैंप में ब्यूटीशियन कोर्स, मेहंदी कोर्स, डांस, फैब्रिक पेंटिंग और डांस एवं क्राफ्ट की क्लास का प्रबंध संस्था द्वारा किया जा रहा है। सभी बच्चे बहुत उत्साहित दिखे डांस में कक्षा 9 से 12 की चालीस बालिकाए, आर्ट एवं क्राफ़्ट में 6 क्लास की 30 बालिकाओ, मेहंदी में 6 क्लास की 30 बालिकाओ,और ब्यूटीशियन कोर्स में 9 से 12 क्लास की 40 बालिकाओ ने प्रतिभाग लिया। नटराज डांस इंस्टिट्यूट के संचालक अशोक कुमार ने बच्चों को नृत्य सिखाने का ज़िम्मा लिया, आर्ट व क्राफ्ट सुहानी गुप्ता, फाइबर पेंटिंग बबीता गुप्ता, ब्यूटीशियन कोर्स श्रुति ने प्रशिक्षित किया। संस्था की अध्यक्ष नीलम गुप्ता बताया कि इस तरह के कैम्प से बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है और कहीं न कहीं उनको आगे बेहतर रोजगार में भी सहायता मिलती है। इस अवसर पर संस्था की उपाध्यक्ष रेखा मोदी, सचिव सोनिया गुप्ता, मीडिया प्रभारी अनीता गुप्ता के अतिरिक्त विद्यालय की प्रिंसिपल अंजू सिंह एवं विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।अंत में अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### सांसद ने ब्लॉक प्रमुख पति की मौत पर किया शोक व्यक्त



**कलान, शाहजहांपुर।** सांसद अरुण सागर ने कलान की ब्लॉक प्रमुख रुचि वर्मा के पति व पूर्व प्रधान रामगोपाल वर्मा व विमलेश वर्मा के बड़े बेटे राहुल वर्मा के निधन पर उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की। सांसद ने सोमवार को उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। ब्लॉक प्रमुख रुचि वर्मा के पति राहुल वर्मा का करीब बीस दिन पहले बरेली के एक निजी अस्पताल में ब्रेन हेमरेज के कारण निधन हो गया था। सांसद अरुण सागर ने मृतक राहुल वर्मा के पिता और पूर्व प्रधान रामगोपाल वर्मा से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने राहुल वर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि भी अर्पित की।

### सिटी पार्क में चोरों ने बैंककर्मी के घर को बनाया निशाना, रिपोर्ट दर्ज

**रोजा,शाहजहांपुर।** क्षेत्र की पाश कालोनी में चोरी की एक घटना ने लोगों में दहशत फैला दी। सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली लोधीपुर स्थित सिटी पार्क कॉलोनी में एक बैंक मैनेजर के मकान के ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिससे कॉलोनी की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। सोमवार को सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फिलहाल पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी हैं। यह वारदात 12 अप्रैल की रात रोजा थाना क्षेत्र के लोधीपुर स्थित सिटी पार्क कॉलोनी में हुई। चोरों ने बैंक कर्मचारी अनुभव त्रिपाठी के मकान के बाहर लगे ताले तोड़ दिए। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, चोर करीब बीस मिनट तक मकान के अंदर रहे और फिर बाहर निकलते हुए भी दिखाई दिए। फुटेज में चार से पांच चोर नजर आ रहे हैं। बैंककर्मी किराए के मकान में रहता हैं और घटना के समय वह परिवार के साथ अपने घर गया हुआ था। रविवार दोपहर जब पड़ोसियों ने मकान के ताले टूटे देखे तो उन्होंने तुरंत अनुभव पुलिस को सूचना दी। सिटी पार्क कॉलोनी को शाहजहांपुर की सबसे सुरक्षित कॉलोनियों में से एक माना जाता है। यहां बड़े उद्योगपति और अधिकारी निवास करते हैं, और जगह–जगह सुरक्षाकर्मी भी तैनात रहते हैं। इसके बावजूद हुई इस वारदात ने कॉलोनीवासियों को दहशत में डाल दिया है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी राजीव कुमार कुमार ने बताया कि मकान के ताले तोड़े गए हैं, लेकिन चोरी हुई है या नहीं, यह बैंककर्मी के वापस आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। सोमवार की दोपहर पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। इस घटना के बाद कॉलोनी के लोग दहशत में हैं। जानकारी के अनुसार, चोरों ने इसी कॉलोनी में एक और मकान में घुसने की कोशिश की थी।

# डीएम की अध्यक्षता में स्टाफ बैठक आयोजित

▸ सीएम डैशबोर्ड में प्रथम श्रेणी बनाए रखने के निर्देश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**




कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण स्टाफ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वित्तीय वर्ष में सीएम डैशबोर्ड के राजस्व अनुभाग में पूरे वर्ष प्रथम श्रेणी में बने रहने पर बधाई दी और आगामी सत्र में भी इसी प्रदर्शन को बरकरार रखने के निर्देश दिए।

बैठक में सीएम डैशबोर्ड, लंबित वादों के निस्तारण, चकबंदी, आईजीआरएस तथा फार्मर राष्ट्रीयकरण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि नया वित्तीय सत्र शुरू हो चुका है और सभी विभाग पूर्व की भांति उत्कृष्ट कार्य करते हुए जनपद को प्रथम श्रेणी में बनाए रखें। आईजीआरएस के प्रकरणों को लेकर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों का निस्तारण 30 अप्रैल तक हर हाल में शून्य कर दिया जाए। इसके अतिरिक्त आबकारी, परिवहन, स्टांप एवं पीडब्ल्यूडी विभाग को अपने-अपने राजस्व लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। फार्मर रजिस्ट्रीकरण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि 20 अप्रैल तक सभी लंबित फार्मर रजिस्ट्रीकर पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि किसानों को योजनाओं का लाभ समय से मिल सके।

### कॉलेज में नकब लगाकर किताबें व सामान चोरी



**तिलहर - शाहजहांपुर।** आर बी एम इंटर कॉलेज की दीवार में नकब लगाकर चोर सरकारी किताबें एवं लोहे का सामान चुरा ले गए। प्रधानाचार्य रत्नेश जायसवाल ने पुलिस को तहरीर दी है। आरबीएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रत्नेश कुमार जायसवाल ने बताया कि बीती रात कॉलेज के कमरा नंबर 10 की दीवार में नकब लगाकर चोर कमरे में रखी कक्षा सात एवं आठ की सरकारी किताबें व लोहे का सामान चोर चुरा ले गए। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि जांच के लिए पुलिस भेजी गई है।

## खुटार नगर पंचायत में वार्ड सदस्यों ने ली शपथ



**खुटार, शाहजहांपुर।** नगर पंचायत खुटार में नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुवायां एसडीएम चित्रा निर्वाल की मौजूदगी में सभी वार्ड मेंबरों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। नगर अध्यक्ष नैना देवी भी समारोह में उपस्थित रहीं और सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। गांधीनगर वार्ड से शासन द्वारा निर्वाचित पूजा मिश्रा, पत्नी

▸ एसडीएम की मौजूदगी में संपन्न हुआ समारोह

स्वर्गीय सचिन मिश्रा, नितेश राठौर पर राधेश्याम कठेरिया ने वार्ड सदस्य के रूप में शपथ ली। समारोह में नगर पंचायत के सभी वार्ड सदस्य मौजूद रहे और उन्होंने अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ।

## महाप्रबंधक को नरमू ने सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन

▸ मुख्य रूप से सहायक मंडल अभियंता पर अभ्रतता करने का लगाया आरोप

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन शाखा शाहजहांपुर ने रेलवे महाप्रबंधक को सात सूत्रीय ज्ञापन सोपा गया जिसमें मुख्य रूप से सहायक मंडल अभियंता शाहजहांपुर भास्कर भट्टाचार्य द्वारा लगातार कर्मचारियों का शोषण कर्मचारियों से दुर्व्यवहार गाली गलौज एवं मानसिक उत्पीड़न करने एवं अनावश्यक रूप से आरोप पत्र देने की शिकायत महाप्रबंधक महोदय से की गई साथ ही रेलवे निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा इंजीनियरिंग विभाग से मिली भगत करके घटिया सामग्री का प्रयोग करने एवं मानक के अनुसार सरिया सीमेंट एवं ईट का प्रयोग न करने एवं अनावश्यक रूप से निर्माणकार्य में देरी से भी अवगत कराया गया साथ ही एनआरएमयू ने शाहजहांपुर व रोज़ा रेलवे अस्पताल में कर्मचारियों के लिए ईसीजी , एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउंड की सुविधा देने , गेट मैन की 8 घंटे की ड्यूटी करने, रेलवे कालोनी में बच्चों के लिए पार्क एवं खेल का मैदान बनवाने ,एवं सांस्कृतिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए मनोरंजन सदन या बारात घर बनवाने की भी मांग की गई शाखा सचिव शिवकुमार सक्सेना व मंडल उपाध्यक्ष सुनील तिवारी ने बताया कि सहायक मंडल अभियंता लगातार कर्मचारियों का शोषण कर रहे हैं उनके द्वारा अब तक मेजर और माइनर पनिशमेंट की लगभग 50 के आसपास चार्जसीट कर्मचारियों को दी गई हैं एवं लगातार कर्मचारियों का मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है एनआरएमयू ने अपने ज्ञापन में यह भी कहा कि उनकी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं हो रहा है अतः यूनियन सहायक मंडल अभियंता के स्थान्तरण की मांग करती है नरमू ने चेतावनी दी कि यदि अधिकारियों की तानाशाही नहीं रुकती है एवं कर्मचारियों का मानसिक उत्पीड़न जारी रहता है तो एनआरएमयू एक बड़ा आंदोलन खड़ा करने पर बाध्य होगी सहायक मण्डलमंत्री नरेंद्र कुमार त्यागी ने बताया कि महाप्रबंधक महोदय ने यूनियन की सभी बातों को ध्यान से सुनकर कार्यवाही का अस्वाशन दिया है मुख्य रूप से नरेन्द्र त्यागी, सुनील तिवारी, शिवकुमार सक्सेना, रामौतार शर्मा, यतीन्द्र त्रिवेदी, चंदा, विष्णु, अमित कुमार, अजयसिंह आदि उपस्थित रहे।

## विधायक ने लाभार्थियों को वितरित किये चेक

▸ आग लगने से नष्ट हुई गेहूं की फसल, 24 किसानों को दिया गया मुआवजा

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



तहसील क्षेत्र के बंडा में कुछ दिन पूर्व आग लगने से गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई थी। जिसके चलते विधायक ने मुआवजा के तौर पर किसानों को चेक वितरित किए। नगर के कृषि उत्पादन मंडी समिति के कार्यालय पर सोमवार को उप जिलाधिकारी चित्रा निर्वाल की उपस्थिति में मुख्यमंत्री खेत खलिहान अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना अंतर्गत 24 लाभार्थियों को विधायक चेतराम ने चेक वितरित किये। इस दौरान विधायक चेतराम ने कहा कि भाजपा सरकार आपके सुख दुःख में शामिल है। दैवीय आपदाओ की पीड़ा काफ़ी दर्दनाक होती है। हम अपने गांव, गरीब, किसान को इन आपदाओ में राहत दिलाने के लिए दिन रात प्रयासरत हैं। सहायता प्राप्त करने वाले किसानों में रामनरेश, रामखिलावन, शिशुपाल, मुन्नी देवी, वेदराम, प्यारी, लालाराम, राम अवतार, रामचंद्र, संत कुमार, शेरपाल , सुशीला देवी, शेर सिंह वर्मा, राजकरण, प्रिंसी, नन्ही देवी, विमला देवी, गुड्डी देवी, रामकृष्ण, सुधा देवी, श्याम बहादुर, सुरेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, विनोद कुमार को चेक दिए गए। इस अवसर पर धर्मेंद्र शर्मा, पुनीत शर्मा, मंडी सुपरवाइजर अजय कुमार सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## घर के अंदर फांसी पर लटका मिला युवक का शव

▸ मानसिक रूप से विक्षिप्त था, दो बार पहले कर चुका था आत्महत्या का प्रयास

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के गांव जमुका में एक दलित गोपी (19) पुत्र सर्वेश जाटव ने खाली घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। युवक मानसिक रूप से परेशान बताया जा रहा है।

बताया जाता हैं गोपी के पिता सर्वेश की बीस साल पूर्व मौत हो गई थी। सोमवार की दोपहर गोपी की मां, भाई व बहनें रेलवे लाइन पार खेत में गेहूं काटने चले गए थे। गोपी घर में अकेले था, इसी बीच गोपी ने घर के अंदर दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शाम को जब घर के लोग वापस आये तो उनके होश उड़ गये। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राजीव कुमार मौके पहुंच गए। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि गोपी दो बार पहले भी वह आत्महत्या की कोशिश कर चुका था। वह मानसिक रूप से विक्षिप्त था। सोमवार की दोपहर उसका शव एक घर के अंदर दुपट्टे से लटका मिला। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

### पशु चिकित्सा अधिकारी पर कमीशनखोरी का आरोप

ग्राम प्रधान ने उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की

**खुटार, शाहजहांपुर।** जनपद के खुटार विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कैहमरिया से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां पशु चिकित्सा अधिकारी पर कमीशनखोरी के आरोप लगे हैं। ग्राम प्रधान द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायत पत्र में आरोप है कि गोवंश आश्रय स्थल के लिए शासन से मिलने वाले बजट के आहरण में अधिकारी द्वारा 50,000 रुपये तक की अवैध मांग की जा रही है। शिकायत के अनुसार, बजट समय पर न मिलने से गोवंश के चारा और उपचार की व्यवस्था प्रभावित हो रही है, जिससे पशुओं के जीवन पर खतरा मंडरा रहा है। आरोप है कि अधिकारी बिना कमीशन लिए न तो इलाज करने को तैयार हैं और न ही सहयोग कर रहे हैं, बल्कि शिकायत करने पर कार्रवाई की धमकी भी दे रहे हैं। मामले में तत्काल जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग उठी है, ताकि गोवंश की सुरक्षा और सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

प्रार्थना पत्र मिला है जांच कर जो सही होगा कार्रवाई की जाएगी।
आशीष सिंह खंड विकास अधिकारी

## कांट नपं. में नामित सभासदों का शपथ ग्रहण विधायक व एसडीएम की मौजूदगी में हुआ

**कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर पंचायत में शनिवार को प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की सक्रियता के बीच एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसने स्थानीय राजनीति और विकास कार्यों को नई दिशा देने के संकेत दिए। सरकार द्वारा नामित सभासदों को एसडीएम सदर संजय पांडे ददरौल विधायक अरविंद सिंह की अध्यक्षता में विधिवत शपथ दिलाई। इस अवसर पर नगर पंचायत परिसर में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्थानीय।लोगों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम का महत्व और भी बढ़ गया। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान विधायक अरविंद सिंह ने नव-नामित सभासदो को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह केवल एक पद नहीं, बल्कि जनता के प्रति एक बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नगर के विकास, पारदर्शिता और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को मिलकर कार्य करना होगा। विधायक ने स्पष्ट रूप से कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप योजनाओं को धरातल पर उतारना ही प्राथमिकता होनी चाहिए।एसडीएम सदर संजय पांडे ने अपने संबोधन में प्रशासनिक दृष्टिकोण रखते हुए कहा कि नगर पंचायत के कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने नव-नामित सभासदो को उनके दायित्वों का बोध कराते हुए कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही उनकी सफलता का पैमाना होगा।शपथ ग्रहण के उपरांत नगर पंचायत अध्यक्ष मुनारा वेगम की अध्यक्षता में एक विस्तृत बोर्ड बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नगर के समग्र विकास को लेकर गहन चर्चा की गई। साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने, पेयजल आपूर्ति को नियमित बनाए रखने, सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने, स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था सुधारने सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से मंथन किया गया।बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को रखा गया, जिन पर सभी सभासदों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और अधिकांश प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। सभासदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया, जिसमें नालियों की सफाई, कूड़ा उठान, जलभराव और सड़क क्षतिग्रस्त होने जैसी समस्याएं शामिल रहीं। विधायक अरविंद सिंह ने बैठक में मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बिल्कुल भी सहन नहीं की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में नगर पंचायत अध्यक्ष मुनारा वेगम ने सभी अतिथियों और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि काँट नगर पंचायत को एक आदर्श और विकसित नगर बनाने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने भरोसा जताया कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से नगर में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख श्री दत्त शुक्ला हरजीत चौहान, बिरजू मिश्रा, संतोष दीक्षित, दिलीप कुशवाह सहित सभी सभासद उपस्थित रहे।

### संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र शाजिद को गलत आचरण के कारण अपनी चल- अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं, वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। **सराफत पुत्र रहीश बक्श नि.मो. रामनगर कालोनी बंडा, थाना-बंडा, शाहजहांपुर।**

# नारी वंदन सम्मेलन: विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने वाली मातृशक्तियां सम्मानित

▸ विकास भवन सभागार में नारी वंदन सम्मेलन आयोजित किया गया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




विकास भवन सभागार में सीडीओ डा.अपराजिता सिंह की अध्यक्षता में नारी वंदन सम्मेलन महिला कल्याण विभाग की ओर से आयोजित किया गया। मिशन शक्ति 5.0 के चरण-2 के कार्यक्रम जिसमें जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने वाली मातृशक्तियों को सम्मानित किया गया। उक्त सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण भी नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का दिखाया गया। जिसमें प्रधानमंत्री ने संबोधित करते हुए मातृशक्ति का सम्मान किया। मुख्यातिथि जिपं अध्यक्ष ममता यादव व महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज हर क्षेत्र में मातृशक्तियों ने अलग मुकाम बना लिया है। जरुरत है नारी को अपनी शक्तियों को पहचानने की। गांव की ग्राम पंचायतों से देश की पार्लियामेंट तक के निर्णय में नारी, की भागीदारी सुनिश्चित की की जा रही है। तत्पश्चात जनप्रतिनिधियों व सीडीओ अपराजिता सिंह सिनसिनवार डीपीओ गौरव मिश्रा द्वारा सम्मेलन में पांच ऐसी मातृशक्तियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपनी अपनी फील्ड में उत्कृष्ट कार्य किए हैं। जिनमें डा. शुभ्रा दीक्षित, रागिनी श्रीवास्तव, रानू दुबे, पूनम दीक्षित आंगनबाड़ी ,सिमरन हॉकी खिलाडी नेशनल को सम्मान मिला। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा, कनिष्ठ सहायक प्रदीप गौतम, जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, केंद्र प्रबंधक नमिता यादव, काउंसलिंग प्रतिभा मिश्रा, जेंडर स्पेशलिस्ट कीर्ति मिश्रा, रश्मि देवी, आउटरीच कार्यकर्ता अवनीश, कंप्यूटर ऑपरेटर मोहम्मद सलमान, केसवर्कर अनिकेत गुप्ता, एमटीएस रानी देवी, राजवीर आदि समस्त आंगनबाड़ी स्टाफ मौजूद रहा।

### नारी शक्ति वंदन: सशक्तीकरण की दिशा में एक सफल पहल




**शाहजहांपुर।** नगर निगम की सक्रिय सहभागिता के साथ भारत सरकार द्वारा आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन ने महिला सशक्तिकरण, सम्मान एवं सहभागिता को नई दिशा प्रदान की। कार्यक्रम का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया, जिसमें नगर निगम के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। सम्मेलन के दौरान नारी शक्ति के विविध आयामों पर प्रकाश डाला गया तथा समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका और उनकी उपलब्धियों को रेखांकित किया गया। यह कार्यक्रम महिलाओं को सशक्त बनाने, उन्हें प्रोत्साहित करने और समाज में उनकी भागीदारी को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। नगर निगम द्वारा इस अवसर पर यह संदेश दिया गया कि महिलाओं का सम्मान ही समाज और राष्ट्र की प्रगति का आधार है।

### अदालती सूचना

**न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय तहसील तिलहर जिला शाहजहांपुर**

वाद संख्याः 0463 सना उल्ला खां बनाम मुख्तयार आदि धारा 116 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता ग्राम अकबरपुर पर. जलालपुर तहसील तिलहर शाहजहांपुर वादी ने आपके न्यायालय में यह वाद दायर किया है कि प्रतिवादी संख्या 3 व 6 की मृत्यु हो चुकी है, जिनके स्थान पर उनके वारिस कायम करना है। मृतक मुख्तयार के स्थान पर मुमताज बेगम पत्नी मुख्तयार, सरताज व लड्डन, अफसर हुसैन पुत्रगण मुख्तयार व मृतक विच्छन के स्थान पर वारिस अली व उवैस अली व शोएब अली व शहरोज अली पुत्रगण विच्छन वारिस कायम किया जावे। यदि किसी को आपत्ति हो तो वह न्यायालय में अपना पक्ष रखे।

**आज्ञा से**
**न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय तहसील-तिलहर, जिला- शाहजहांपुर**

# भारत का संविधान एवं क्रान्ति के जनक : डॉ. अम्बेडकर



नानक चन्द

डॉ0 अम्बेड़कर के 135 वे जन्म दिवस 14 अप्रैल पर विशेष

डॉ. भीमराव अम्बेड़कर के 135वें जन्म दिवस पर पूरा देश उनको याद कर उनके गुणगान कर तारीफ करते आपको दिखाई दे रहा है। डॉ. अम्बेड़कर एक श्रेष्ठ चिन्तक, ओजस्वी लेखक, तथा यशस्वी वक्ता, स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री, दलितों, पिछड़ों, गरीबों के मसीह, समाज शास्त्र, मानव शास्त्र, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र के प्रकाण्ड विद्वान व समकालीन एवं समता मूलक समाज की स्थापना करने वाले थे।

डॉ. भीमराव अम्बेड़कर भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माणकर्ता हैं। विधि विशेषज्ञ, अर्थशास्त्री, परिश्रमी एवं उत्कृष्ट कौशल के धनी व उदारवादी, परन्तु सुदृढ व्यक्ति के रूप में डॉ. अम्बेडकर ने संविधान के निर्माण किया, इसलिए डॉ. अम्बेड़कर को भारतीय संविधान का जनक मानते हैं। डॉ. अम्बेडकर सामाजिक भेदभार्व को सहर्ष सहनकर सर्वसमाज के हितों के लिए लड़ते रहे। डॉ. अम्बेड़कर ने छुआ-छूत की पीडा महसूस की थी। जाति के कारण उन्हें संस्कृत भाषा पढने से वंचित रहना पड़ा था। डॉ. भीमराव ने कोलम्बिया विश्वविद्यालय से पहले एम. ए. तथा बाद में पी.एच.डी. की डिग्री प्राप्त की। उनके शोध का विषय 'भारत का राष्ट्रीय लाभ' था। इस शोध के कारण उनकी बहुत प्रशंसा हुई। उनकी छात्रवृत्ति एक वर्ष के लिये और बढ़ा दी गई। चार वर्ष पूर्ण होने पर जब भारत वापस आये तो बड़ौदा में उन्हे उच्च पद दिया गया किन्तु कुछ सामाजिक विडंबना की वजह से एवं आवासीय समस्या के कारण उन्हें नौकरी छोड़कर बम्बई जाना पड़ा। बम्बई में सीडेनहम कॉलेज में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर नियुक्त हुए, किन्तु कुछ लोगों की संकीर्ण विचारधारा के कारण वहाँ भी परेशानियों का सामना करना पडा। इन सबके बावजूद आत्मबल के धनी डॉ. अम्बेड़कर आगे बढते रहे। उनका दृण विश्वास था कि ''मन के हारे, हार है, मन के जीते जीत''। 1919 में वे पुनः लंदन चले गये। अपने अथक परिश्रम से एम.एस.सी., डी.एस.सी. तथा बैरिस्ट्री की डिग्री प्राप्त कर भारत लौटे।1923में बम्बई उच्च न्यायालय में वकालत शुरु की अनेक कठनाईयों के बावजूद अपने कार्य में निरंतर आगे बढते रहे। एक मुकदमे में उन्होने अपने ठोस तर्कों से एक वाद-प्रकरण में अभियुक्त को फांसी की सजा से मुक्त करा दिया था। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने निचली अदालत के फैसले को रद्द कर दिया। इसके पश्चात बाबा साहेब की प्रसिद्धी में चार चाँद लग गया।

डॉ. अम्बेड़कर की लोकतंत्र में गहरी आस्था थी। वह इसे मानव की एक पद्धति मानते थे। उनकी दृष्टि में राज्य एक मानव निर्मित संस्था है। इसका सबसे बडा कार्य 'समाज की आन्तरिक अव्यवस्था और बाह्य अतिक्रमण से रक्षा करना है।' परन्तु वे राज्य को निरपेक्ष शक्ति नही मानते थे। उनके अनुसार- 'किसी भी राज्य ने एक ऐसे अकेले समाज का रूप धारण नहीं किया जिसमें सब कुछ आ जाय या राज्य ही प्रत्येक विचार एवं क्रिया का स्रोत हो।'

अनेक कष्टों को सहन करते हुए, अपने कठिन संघर्ष और कठोर परिश्रम से उन्होंने प्रगति की ऊंचाइयों को स्पर्श किया। 20 मार्च 1927 को बाबा साहेब डॉ. बी. आर. अम्बेड़कर मुम्बई विधान परिषद के सदस्य मनोनीत हुये । बाबा साहेब ने महाड चोवदार तालाब में दलितों को पानी पीने का अधिकार दिलवाने हेतु महाड में सत्याग्रह शुरू किया। 17 मार्च 1937 को महाड चोवदार तालाब विवाद का समाधान हुआ तथा दलितों को तालाब पर पानी पीने का क़ानूनी हक़ प्राप्त हुआ । अपने गुणों के कारण ही संविधान रचना में, संविधान सभा द्वारा गठित सभी समितियों में 29 अगस्त, 1947 को 'प्रारूप-समिति' जो कि सर्वाधिक महत्वपूर्ण समिति थी, उसके अध्यक्ष पद के लिये बाबा साहेब को चुना गया। प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में डॉ. अम्बेड़कर ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया। संविधान सभा में सदस्यों द्वारा उठायी गयी आपत्तियों, शंकाओं एवं जिज्ञासाओं का निराकरण उनके द्वारा बडी ही कुशलता से किया गया। उनके व्यक्तित्व और चिन्तन का संविधान के स्वरूप पर गहरा प्रभाव पडा। उनके प्रभाव के कारण ही संविधान में समाज के पद-दलित वर्गों, अनुसूचित जातियों और जनजातियों के उत्थान के लिये विभिन्न संवैधानिक व्यवस्थाओं और प्रावधानों का निरुपण किया, परिणाम स्वरूप भारतीय संविधान सामाजिक न्याय का एक महान ग्रन्थ बन गया। भारत का संविधान 26 नवंबर 1949 में स्वीकार किया गया. संविधान के मायने क्या होते हैं, शायद उस समय भारत के लोगों को यह पता नहीं था। संविधान असल में समूह में बंटे लोग जो राष्ट्र बनना चाहते हैं, इसके तहत लोगों के लिए स्वतंत्रता, बंधुता, न्याय और समानता की व्यवस्था कि निर्माण किया जाता है. और मनुष्यों के बीच भेदभाव को अपराध भी घोषित करता है । 1950 के बाद विश्व के लगभग 50 देशों ने अपना संविधान बनाया. भारत एक विभाजित देश है और यह कई जातियों, धर्मों, रीति-रिवाजों, समुदायों और क्षेत्रों में बॅटा हुआ है। ब्रिटिश लोग और भारत के लोग दोनों इस बात को जानते थे। संविधान निर्माण के जरिए इस बिखरे हुए लोगों के समुदाय को एक राष्ट्र करने की कोशिश की गई। बाबासाहेब डॉ. अम्बेडकर ने आगरा में 18 मार्च, 1956 को अपना ऐतिहासिक भाषण लाल किला से समाज को जाग्रत करने के लिए दिया था। इसका असर आज के बदलने राजनीतिक परिवेश में दिखाई दे रहा है, बाबासाहेब कितना सामाजिक परिवर्तन चाहते थे, आप भी सामाजिक क्रांति में हिस्सेदार वन सकते हैं। बाबासाहेब डॉ. अम्बेडकर द्वारा व्यवस्था परिवर्तन में लिए समाज के जिम्मेदार लोगों को आगाह करते हुए कहा कि भारत के सामाजिक आर्थिक राजनैतिक धार्मिक इतिहास विशेष महत्व रखता है। ऐतिहासिक भाषण जिसमें उन्होंने समाज के उपस्थित विशाल जनसमूह को यह सम्बोधित करते हुए सामाजिक न्याय, आत्मसम्मान, संगठन और संघर्ष का जो संदेश दिया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक और प्रेरणादायक है। मेरा इस लेख के माध्यम से यह प्रयास है कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर के मूल विचारों, उनके शब्दों की गंभीरता और उनकी वाणी की ऊर्जा को बिना किसी विकृति के समाज तक पहुँचाया जाए। डॉ. अम्बेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि वे एक विचार-क्रांति के प्रणेता थे। उनके प्रत्येक भाषण में समाज को जागृत करना है। आगरा का यह भाषण विशेष रूप से इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उनके जीवन के अंतिम वर्ष में दिया गया भाषण था, जब वे देश और समाज के भविष्य को लेकर अत्यंत गंभीर और चिंतनशील थे। इस भाषण में उन्होंने शिक्षा को मुक्ति का मार्ग बताया, संगठन को शक्ति का आधार कहा और संघर्ष को परिवर्तन का साधन बताया। मैंने इस भाषण के शब्दों को बार-बार आत्मसात किया, तो अनुभव हुआ कि यह केवल एक ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं, बल्कि एक चेतना-पत्र है, जिसे आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित और प्रामाणिक रूप में पहुँचानें की आवश्यकता है। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूँ कि प्रस्तुत भाषण डॉ. अम्बेडकर के मूल विचारों का संकलन है। इसका उद्देश्य केवल भाषा और प्रस्तुति को व्यवस्थित करना रहा है, न कि विचारों में कोई परिवर्तन करना है मेरा विचार है कि सामाजिक समानता, आत्मसम्मान और मानवाधिकारों के प्रति जागरूक करेगा तथा डॉ. अम्बेडकर के विचारों को समझने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। डॉ. अम्बेडकर ने सामाजिक गैर-बराबरी, व्यवस्था परिवर्तन के लिए समाज के जिम्मेदार लोगों को आगाह करते हुए दिए गए ऐतिहासिक भाषण की अलग-अलग अपीलें प्रस्तुत हैं-शिक्षा प्राप्त करने के बाद किसी प्रकार की करने की बजाये अपने गाँव की सेवा करनी चाहिए, जिससे अज्ञानता से उत्पन्न शोषण एवं अन्याय को रोका जा सके। भारत को सत्ता के हस्तानांतरण के बाद भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था ही लागू हो। इस पूरी प्रक्रिया में बाबासाहब इस बात को लेकर हमेशा सक्रिय रहें कि भारत में कंस्टीट्यूशनल सेटेलमेंट कैसे हो। उनका मानना था कि देश में सामाजिक क्रांति तभी स्थायी होगी जब उसे संवैधानिक गारंटी होगी, क्योंकि वह संविधान के जरिए देश में समानता स्थापित करना चाहते थे। वह चाहते थे कि जाति और जन्म के आधार पर किसी काम को करने की बाध्यता या फिर न करने की मनाही न हो। डॉ. अम्बेडकर संविधान के जरिए इन चीजों को खत्म करना चाहते थे। वह चाहते थे कि संविधान के जरिए भारत से असमानता खत्म हो और समानता आए। लोगों को उनके मूलभूत अधिकार (फंडामेंटल राइट्स) को लेकर गारंटी मिले।

अंग्रेजों की गुलामी से आजाद भारत में जाति और वर्ण जैसी व्यवस्था को खत्म करने के लिए शाहूजी महाराज, जोतिबा फुले, नारायणा गुरु और बाबासाहब डॉ. आंबेडकर के माध्यम से देश में जो सामाजिक क्रांति आई थी, उसे अपनी एक पहचान चाहिए थी। इन दोनों स्थितियों में भारत में भी संविधान की जरूरत थी, हालांकि यहां यह कहना ज्यादा सही होगा कि भारत में राजनीतिक क्रांति को लेकर सामाजिक क्रांति की वजह से संविधान बना है। क्योंकि जो लोग राजनीतिक क्रांति में सक्रिय थे। वो नहीं चाहते थे कि भारत में संविधान हो। वह बिना संविधान के ही भारत देश को चलाना चाहते थे। डॉ. अम्बेड़कर के लगातार सक्रिय रहने के कारण ब्रिटिशर्स भी भारत में मौजूद सामाजिक असमानताओं को समझ चुके थे और संविधान के पक्ष में थे। इस तरह भारत का संविधान बनने की प्रक्रिया पर मुहर लगी।






इन सारी चीजों की वजह से 9 अगस्त 1946 को 296 सदस्यों की संविधान सभा बनी। देश का विभाजन होने के कारण इसमें से 89 सदस्य चले गए। इस तरह भारतीय संविधान सभा में 207 सदस्य बचे और इसकी पहली बैठक में सिर्फ 207 सदस्य ही उपस्थित थे। इसमें बाबासाहब डॉ. आंबेडकर पहली बार 9 दिसंबर 1946 को बंगाल से चुनकर आए। इसके तुरंत बाद भारत का विभाजन हो गया।

14 जुलाई 1947 को बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर बाम्बें चुनाव क्षेत्र से संविधान सभा के सदस्य चुन कर आए। बाबासाहब के दुबारा संविधान सभा में चुने जाने को लेकर लोगों में यह भ्रम है कि कांग्रेस ने उन्हें सपोर्ट किया, जबकि हकीकत कुछ और है और ऐसा कह कर सालों से लोगों को गुमराह किया जा रहा है। इतिहास और सच्चाई यह है कि अगर बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर संविधान सभा में नहीं होते तो भारत का संविधान नहीं बन पाता। 14 जुलाई 1947 को दुबारा चुन कर के आएं, उसके बाद ही यह घोषणा हुई कि 15 अगस्त को अंग्रेज भारत को सत्ता का हस्तानांतरण करेंगे। बाबासाहेब का कहना था कि शेड्यूल कॉस्ट और शेड्यूल ट्राइब खासतौर पर अछूत हिन्दू नहीं है । बाबासाहेब ने इसको साबित करते हुए अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए सेपरेट सेफगार्ड (अलग विशेषाधिकार) की बात कही थी। बाबासाहब की इस बात पर यूके के पार्लियामेंट में बहुत लंबी बहस हुई थी। इस बहस से यह स्थिति पैदा हो गई थी कि अगर भारत में अधिकार के आधार पर बराबरी के अधिकार पर अल्पसंख्यकों (इसमें एससी, एसटी भी थे) के अधिकारों का सेटेलमेंट नहीं होगा, तो भारत का संविधान नहीं बन पाएगा और इसे वैधता नहीं मिलेगी। अगर संविधान नहीं बनेगा तो फिर भारत को आजादी (तथाकथित) नहीं मिलेगी। ऐसी स्थिति में बाबासाहब डॉ. अम्बेड़कर को बाम्बे से चुनकर लाना कांग्रेस और पूरे देश की मजबूरी हो गई थी।

भारतीय संविधान के तीन लक्ष्य माने जाते हैं और साथ ही इसकी तीन चुनौतियां भी हैं। संविधान का पहला लक्ष्य और चुनौती सामाजिक क्रांति है। दूसरा लक्ष्य एवं चुनौती राजनैतिक क्रांति है। इसी संदर्भ में तीसरा सबसे महत्वपूर्ण कारक अल्पसंख्यक अधिकारों का सेटलमेंट है। जिस सामाजिक क्रांति की बदौलत भारत के संविधान का निर्माण हुआ, उसमें शाहूजी महाराज, जोतिबा फुले, नारायणा गुरु, बाबासाहब डॉ. अम्बेड़कर का बहुत बड़ा योगदान था। इन तमाम महापुरुषों के संघर्षों के बाद बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर के जरिए भारत में जो सामाजिक क्रांति आई, वह एकमात्र कारण है जिससे भारत के संविधान का निर्माण हुआ। यह नहीं होता तो भारत का संविधान नहीं होता। और अगर संविधान नहीं होता तो लोगों के मूलभूत अधिकारों की गारंटी भी नहीं होती, यानि बोलने की, लिखने की, अपनी मर्जी से पेशा चुनने की, संगठन खड़ा करने की, मीडिया चलाने की आजादी नहीं होती। जातिगत भेदभाव को गलत नहीं माना जाता। छूआछूत को कानून में अपराध घोषित नहीं किया जाता।

भारतीय लोगों को संविधान की जरूरत थी। संविधान की जरूरत इसलिए थी, क्योंकि उनको एक राष्ट्र बनना था। संविधान के निर्माण के लिए कई समितियां बनी थी। इसमें से बाबासाहब ड्राफ्टिंग कमेटी के चेयरमैन और एडवाइजरी कमेटी, फंडामेंटल राइट सबकमेटी, माइनारिटी कमेटी और यूनियन कंस्टीट्यूशन कमेटी के सदस्य थे । 30 अगस्त 1947 को इसकी पहली बैठक हुई। संविधान बनाने के लिए कंस्टीटूएंट असेंबली को 141 दिन का काम करना पड़ा। शुरुआती दौर में इसमें 315 आर्टिकल पर विचार किया गया था । 8 शेड्यूल डिस्कस किए गए थे। ड्राफ्टिंग कमेटी ने 343 आर्टिकल पर विचार किया, 13 आर्टिकल शेड्यूल किया। इसमें 7635 संशोधनों का प्रस्ताव किया गया था, जिसमें 2473 संशोधन संविधान सभा में लाए गए। 395 आर्टिकल और 8 शेड्यूल के साथ भारत के लोगों ने भारत के संविधान को अपने प्रिय मुक्तिदाता बाबासाहब डॉ. आंबेडकर के जरिए 26 नवंबर 1949 को भारत को सुपुर्द किया। आज भारत के संविधान में 448 आर्टिकल हैं। असल में नंबरों के हिसाब से यह आज भी 395 ही है लेकिन बीच-बीच में यह (1) (2) या फिर (ं) और (इ) के जरिए बढ़ता रहा है। यह 22 हिस्सों में विभाजित है और इसके 12 शेड्यूल हैं। संविधान बनने के बाद अब तक संसद के सामने 120 संशोधन लाए गए लेकिन इसमें से 98 संशोधन ही स्वीकार किए गए।

इस पूरी प्रक्रिया में विशेष यह है कि भारत ने जो संविधान बनाया उससे भारत के नागरिकों को मूलभूत अधिकार मिले। लेकिन यहां सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस समता, बंधुता, भेदभाव मुक्त भारत के उद्देश्यों को लेकर भारत का संविधान बना क्या, वह हमें हासिल हो पाया है? भारत के संविधान में सबसे पहले यह घोषित किया गया कि सभी मनुष्य समान हैं. जाति, धर्म, जन्म, वर्ण, वर्ग, स्थान आदि से परे देश के सभी मनुष्यों को बराबर माना गया। संविधान में साफ तौर पर लिखा गया कि भारत भूमि पर सर्व मनुष्य मात्र समान है। संविधान ने सबको एक सूत्र में पिरोते हुए सभी को 'भारतीय' माना और 'हिन्दुस्तान' नाम को मिटा दिय । (हिन्दुस्तान पेट्रोलियम जैसे नाम भी असंवैधानिक हैं।)

संविधान के अधिकार मिलने के बाद इसे हकीकत में पूरा कर दिखाया। जिस देश में रानी के पेट से 'राजा' पैदा होता था, उस देश में 'संविधान' से राजा पैदा होने लगा। इस तरह से संविधान ने भारत के भविष्य का निर्माण किया है। 25 नवंबर 1949 को बाबासाहब ने संविधान सभा में भाषण देते हुए कहा था कि संविधान कितना भी अच्छा हो वह अपने आप लागू नहीं होता है, उसे लागू करना पड़ता है। ऐसे में जिन लोगों के ऊपर संविधान लागू करने की जिम्मेदारी होती है, यह उन पर निर्भर करता है कि वो संविधान को कितनी ईमानदारी और प्रभावी ढ़ंग से लागू करते हैं। यदि दुनिया को समता, बंधुत्व, गरीबी मुक्त, अशिक्षा मुक्त करना है और दुनिया में अगर मानवतावादी जगह बनानी है तो भारत में भारत के संविधान को सही तरीके से लागू करना होगा। जब तक भारत का संविधान कामयाब नहीं होता। यानि भारत के संविधान की कामयाबी ही दुनिया को कामयाबी के रास्ते पर ले जाने में सक्षम है। इसे उस रूप में लागू करना होगा, जिस रूप में इसे लागू करने का सपना बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर ने देखा था। बाबा साहब अंबेडकर के समय में उनकी स्वयं की लाइब्रेरी विश्व में व्यक्तिगत लाइब्रेरीयों में सबसे बड़ी लाइब्रेरी थी। डॉक्टर अम्बेडकर ने अपनी पुस्तक इनसाइड एशिया 1938 में लिखा है कि डॉक्टर अंबेडकर का निजी पुस्तकालय व्यक्तिगत पुस्तकालयों में सबसे बड़ा था। लोग रहने के लिए मकान बनाते हैं, लेकिन डॉक्टर अंबेडकर ने पुस्तकों के लिए अपना राजगृह बनवाया है। सन 1938 में उनके पुस्तकालय में 8000 किताबें थी जो 1956 में 50000 हो गई थी। अंग्रेज उन्हें चलती फिरती यूनीवरसिटी कहा करते थे। यदि 500 स्नातक एक तरफ रहकर डॉक्टर अंबेडकर के ज्ञान का मुकाबला करें फिर भी वे अंबेडकर से जीत नहीं सकते। डॉक्टर अंबेडकर आजन्म विद्यार्थी रहे। डॉक्टर अंबेडकर ने अंग्रेजों के जाने के बाद स्वतंत्र भारत को दुनिया का मानववादी विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से श्रेष्ठतम संविधान बनाकर और विभिन्न जातियों, संप्रदायों और धर्मो मे बँटे लोगों को एक साथ समता, स्वतंत्रता बंधुता और न्याय के आधार पर गरिमा के साथ रहने की संवैधानिक व्यवस्था की, और देश का बिकास तंत्र बनाने में लग गये। वित्त आयोग, रिजर्व बैंक, हीरा कुंड परियोजना दामोदरघाटी, दामोदर घाटी परियोजना सोन नदी परियोजना, एंप्लॉयमेंट एक्सचेंज पानी और बिजली की ग्रिड, चुनाव आयोग आदि, डॉक्टर अंबेडकर के सोच से स्थापित किये गये। ऐसे विचारबान व्यक्तित्व को क्षणिक लोग सीमित दायरे में मानते रहे वह लिंग भेद और समान नागरिक समानता के पहले चिंतक बने विभिन्न प्रकार के अपमान सहकार बिना किसी प्रभाव के आगे बढ़ते रहें उन्होंने ऐसे लोगों को आवाज दी जिन्होंने सामाजिक कुरीतियों, विषमताओं को सहते हुए चुप रहने की आदत डाल ली थी उन शोषित, हकवंचित, तबाह हुए लोगों के लिए मूकनायक कहलाए और डॉ. आंबेडकर ने शोषित हकवंचित उपेक्षित समाज की रक्षा के लिए भारतीय संविधान में कानून के तहत भी अंकित कर अधिकारों की श्रेणी में शामिल किया

डॉक्टर अंबेडकर भारत की समानता सद्भाव, न्याय एवं बंधुता के लिए अनवरत चिंतक बने रहकर संघर्ष करते रहे स वह दलित समाज के ही नहीं सर्वहारा समाज, नारी के उत्थान के मसीहा बने। उन्होंने सामाजिक व्यवस्था के लिए नेता, वकील बनकर समाज में व्याप्त गैर बराबरी के लिए जो लोग एक साथ दो गुलामी से त्रस्त थे एक राजनीतिक गुलामी दूसरी सामाजिक दासता जिनके शिकार पीढ़ी दर पीढ़ी लोग होते थे उन्होंने राजनीतिक स्वतंत्रता से ज्यादा सामाजिक दासता की स्वतंत्रता के लिए जोर दिया जोकि छुआछूत, उपेक्षा, अवहेलना, अपमान, लिंगभेद से ग्रसित थे उनकी बराबरी के लिए जीवन बिता दिया वह एक महान वैज्ञानिक थे डॉ. अंबेडकर का संविधान रूपी कानून जो हक वंचित समाज को अधिकारों की गारंटी भी देता है जो डॉ. अंबेडकर ने संसद में हिंदू कोड बिल प्रस्तुत किया था जिसमें एकल विवाह प्रथा, तलाक के मामले में महिलाओं के पक्ष में तथा पिता की संपत्ति में पुत्र पुत्री दोनों को बराबरी का अधिकार निहित किया उनकी प्रेरणा जाति न होकर सामाजिक समन्वय, राष्ट्र एकता की थी राष्ट्र की एकता, संप्रभुता, अखंडता दृढ़ता ही उनकी सोच रही। उन्होंने शिक्षा पर जोर दिया, डॉक्टर अंबेडकर द्वारा 24 जनवरी 1954 को दिए गए भाषण को पढ़कर पता चलता है कि किसी व्यक्ति की मदद करना ही दान है परंतु दान देने वालों को जिसे दान दे रहा है उसे छोटा या तुच्छ नहीं समझना चाहिए क्योंकि एक दिन वह खुद पैरों पर खड़ा होकर निर्माण करने वाली शक्ति है ऐसी सोच विकसित करना, यही सच्चा दान है ऐसी सोच के साथ एक दूसरे की मदद करना आज के समय में आवश्यक है इस वैश्विक महामारी ने जाति, धर्म लिंगभेद न करके सभी मानव जाति को अपनी जद में ले रखा है इस घड़ी में लोगों को जाति, धर्म, लिंगभेद असमानता वादी विचार से उठकर डॉ.अंबेडकर के विचारों का अनुकरण करने की आवश्यकता है।

सन् 1948 में बाबा साहब डॉ. अम्बेड़कर अत्याधिक परिश्रम और तनाव के कारण मधुमेह से पीड़ित हो गए। जून से अक्टूबर 1954 तक वह बहुत बीमार रहे इस दौरान वह नैदानिक अवसाद और कमजोर होती दृष्टि से भी ग्रस्त रहे। बाबा साहब डॉ. अम्बेड़कर ने अपनी अंतिम पांडुलिपि बुद्ध और उनके धम्म को पूरा करने के तीन दिन के बाद 6 दिसंबर 1956 को डॉ. अम्बेड़कर ने यह लोक त्यागकर निर्वाण को प्राप्त किया। 7 दिसंबर को बौद्ध रीति के अनुसार डॉ. अम्बेड़कर का अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें लाखो समर्थकों, कार्यकर्ताओं और प्रशंसकों ने भाग लिया। मरणोपरान्त भारत रत्न से अलंकृत डॉ. भीमराव अम्बेड़कर का अथक योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता, धन्य है वो भारत भूमि जिसने ऐसे महान सपूत को जन्म दिया । हमें बिना किसी की आलोचना करके वैज्ञानिक बात पर विश्वास करना चाहिए, बाबा साहेब के द्वारा प्रदत्त महान ग्रन्थ भारतीय संविधान का पूर्णतया पालन करवा लेना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। ऐसे महामानव के आज 135 वें जन्म दिवस पर सामाजिक मानव समाज को बधाई एवं मंगलकामनाएं।

**दलित चिन्तक, सम्पर्क - नगला पीतम, फतेहगढ़ जनपद-फर्रूखाबाद (उ0प्र0) मो. 9415473813**

## थमी सुरों की आशा

हृदयाघात के चलते करोड़ों संगीत प्रेमियों को भले ही आशा भोसले अलविदा कह गई हों लेकिन विविधता लिए सुरीले गीत सदियों तक संगीत प्रेमियों के दिल-दिमाग में गूंजते रहेंगे। 8 सितंबर 1933 को जन्मीं आशा भोसले नब्बे साल तक लगातार गाती रहीं। आशा के सुरीले गीतों ने देश-दुनिया के करोड़ों दिलों को छुआ। उनकी कर्णप्रिय धुनों वाले गीतों में जीवन का एक उल्लास रहा है। तभी नब्बेवें जन्मदिन पर लगातार तीन घंटे संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत करके वे नया रिकॉर्ड दर्ज कर गईं। जीवनपर्यंत गाने का संकल्प करने वाली आशा ने हिंदी समेत तमाम भारतीय भाषाओं के गीत गाए। व्यक्तित्व की जीवटता उनके गीतों में भी शिद्दत से मौजूद रही। व्यवहार में मुखरता, गीतों में मस्ती और बेबाक हाजिरजवाबी उनका विशिष्ट गुण था। एक संगीत साधक परिवार में जन्मी आशा ने छोटी उम्र से गाना शुरू किया और अपने गायन में विविधता को लगातार विस्तार दिया। यह विश्वास कर पाना कठिन है कि एक गायिका क्लासिक गीतों से लेकर पॉप, जैज, गजल तथा कव्वाली गाने में भी पारंगत हो सकती है। निःसंदेह, बॉलीवुड व गायकी की दुनिया, उनकी जिंदादिली व गायकी के उल्लासमय अंदाज को सदैव याद रखेगी। अच्छे गीतकार, सधे संगीतकारों के गीत को अपने खास अंदाज से वे बेहतरीन व कालजयी बना देती थीं। इस तरह मोहम्मद रफी, मुकेश व किशोर कुमार के क्रम में आशाजी का जाना भारतीय गीतमाला के एक युग का अवसान भी है। लेकिन इस महान प्लेबैक सिंगर की आवाज सालों-साल तक भारतीय परिदृश्य में गूंजती रहेगी। आशा के गीतों की विशिष्टता यह भी है कि पीढ़ियों के बदलाव के बीच भी उनकी जवां आवाज हमेशा पसंद की जाती रही। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि हमने उनके चुलबुले गीतों व शोखी के अंदाज को तो देखा, लेकिन उनके जीवन के विकट संघर्ष को नजरअंदाज किया। उन्होंने अपने संगीत की विरासत वाले परिवार में लता मंगेशकर जैसे विराट वट वृक्ष तले अपना विकास किया। सफलता के पहले पायदान पर पहुंचने का उनका सपना प्रतिभा के बावजूद सफल न हो सका। लता के वर्चस्व के चलते कई प्रतिभाएं समय से पहले ही गुमनामी की दुनिया में चली गई, लेकिन इसके बावजूद आशा ने अपनी एक अलग पहचान बनाये रखी। उसमें उनकी प्रतिभा के साथ जीवटता भी शामिल रही। उन्होंने पिता दीनानाथ मंगेशकर की संगीत विरासत को समृद्ध ही किया। 'चुनरिया' फिल्म से पार्श्व गायन की शुरुआत करने वाली आशा ने फिर मुड़कर नहीं देखा। वे लता के एकछत्र राज्य के बावजूद कई संगीतकारों की पहली पसंद बनी। उन्हें उस दौर के बड़े संगीतकारों व बड़े बैनरों के साथ काम करने के भी अवसर मिले, बावजूद इसके कि मैदान में लता के अलावा कई अन्य प्रतिस्पर्धी मौजूद थे। उनकी निजी जिंदगी का संघर्ष भी साथ-साथ चला। निजी फैसलों ने भी मंगेशकर परिवार में असहज स्थिति पैदा की। इससे उनके कैरियर की गति बाधित हुई। कालांतर 'बूट पॉलिश' व 'परिणीता' के गीतों की सफलता के बाद ओपी नैयर के सान्निध्य में उनके कैरियर को नई दिशा मिली। उनकी कामयाबी से देश परिचित है। उनके जाने से पैदा हुआ शून्य सदैव अखरता रहेगा।

## नोएडा में भड़का श्रमिक आंदोलन



संजय सक्सेना

दिल्ली से सटे औद्योगिक शहर नोएडा के औद्योगिक इलाकों में पिछले एक सप्ताह से सुलग रहा मजदूरों का असंतोष सोमवार को उस समय उग्र हो गया, जब फेज-2 औद्योगिक क्षेत्र में हजारों मजदूरों ने एक साथ काम का बहिष्कार कर दिया और फैक्ट्रियों के बाहर धरना शुरू कर दिया। सुबह से ही गेटों पर भीड़ जमा होने लगी और धीरे-धीरे यह विरोध प्रदर्शन कई औद्योगिक इकाइयों में फैल गया। हालात इतने बिगड़ गए कि पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े और कई इलाकों में यातायात घंटों तक बाधित रहा। आंदोलन की शुरुआत एक-दो फैक्ट्रियों में वेतन वृद्धि की मांग से हुई थी, लेकिन धीरे-धीरे यह मांग पूरे औद्योगिक क्षेत्र में फैल गई। मजदूरों का कहना है कि वे रोजाना 10 से 12 घंटे तक काम करते हैं, लेकिन इसके बदले उन्हें औसतन 12,500 से 13,500 रुपये के बीच वेतन मिलता है। कई श्रमिकों का दावा है कि ओवरटाइम का भुगतान भी तय नियमों के अनुसार नहीं होता, जिससे उनकी आय और कम हो जाती है।

श्रमिकों का कहना था महंगाई का बढ़ता दबाव इस असंतोष का सबसे बड़ा कारण बन गया है। पिछले दो वर्षों में रसोई गैस की कीमत, किराया, बच्चों की स्कूल फीस और रोजमर्रा की जरूरतों का खर्च तेजी से बढ़ा है। यदि एक औसत मजदूर परिवार का मासिक खर्च 16,000 से 18,000 रुपये तक पहुंच चुका है और आय 13,000 रुपये के आसपास ही है, तो यह अंतर सीधे आर्थिक संकट में बदल जाता है। यही वजह है कि मजदूर अब वेतन वृद्धि को एक विकल्प नहीं, बल्कि मजबूरी मानने लगे हैं। इस पूरे विवाद की सबसे अहम कड़ी पड़ोसी राज्य हरियाणा का वह फैसला है, जिसने न्यूनतम मजदूरी में करीब 35 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर दी। यह वृद्धि 1 अप्रैल से लागू की गई और 11 अप्रैल से इसका असर स्पष्ट रूप से सामने आने लगा। नए वेतनमान के अनुसार अकुशल श्रमिकों का वेतन 11,274 रुपये से बढ़ाकर 15,220 रुपये कर दिया गया। इसी तरह अर्धकुशल श्रमिकों का वेतन 12,430 रुपये से बढ़ाकर 16,780 रुपये किया गया, जबकि कुशल श्रमिकों का वेतन लगभग 13,704 रुपये से बढ़कर 18,500 रुपये तक पहुंच गया। उच्च कुशल श्रमिकों का वेतन 14,389 रुपये से बढ़ाकर 19,425 रुपये कर दिया गया।

इन आंकड़ों ने नोएडा के औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों के बीच एक नई तुलना पैदा कर दी है।

उनका कहना है कि जब समान प्रकार का काम करने वाले श्रमिकों को हरियाणा में 15 से 19 हजार रुपये तक वेतन मिल सकता है, तो नोएडा में वही काम करने वालों को 13 हजार रुपये के आसपास क्यों मिल रहा है। यही सवाल अब आंदोलन का सबसे बड़ा आधार बन गया है।यदि अलग-अलग राज्यों के न्यूनतम वेतन की तुलना की जाए, तो यह असमानता और स्पष्ट दिखाई देती है। उत्तर प्रदेश में अकुशल श्रमिकों का न्यूनतम वेतन लगभग 11,313 रुपये के आसपास है, जबकि अर्धकुशल श्रमिकों को करीब 12,120 रुपये और कुशल श्रमिकों को लगभग 13,940 रुपये मिलते हैं। इसके विपरीत दिल्ली में अकुशल श्रमिकों का न्यूनतम वेतन करीब 19,800 रुपये तक पहुंच चुका है। यानी एक ही भौगोलिक क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों के बीच 6,000 से 8,000 रुपये तक का अंतर मौजूद है। यही अंतर अब औद्योगिक तनाव का कारण बन रहा है।

गौरतलब है नोएडा का औद्योगिक ढांचा देश के सबसे बड़े उत्पादन नेटवर्क में शामिल है। यहां हजारों छोटी, मध्यम और बड़ी औद्योगिक इकाइयां संचालित होती हैं। कपड़ा, होजरी, ऑटोमोबाइल पार्ट्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और निर्यात से जुड़े उद्योग यहां बड़ी संख्या में मौजूद हैं। अनुमान है कि केवल फेज-2 क्षेत्र में ही लाखों मजदूर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार से जुड़े हुए हैं। ऐसे में यदि कामकाज लंबे समय तक ठप रहता है, तो इसका असर न केवल स्थानीय उत्पादन पर पड़ेगा, बल्कि निर्यात ऑर्डर भी प्रभावित होंगे।सोमवार को हालात उस समय और बिगड़ गए, जब कुछ स्थानों पर प्रदर्शन हिंसक हो गया। गुस्साए मजदूरों ने कुछ वाहनों को नुकसान पहुंचाया और कई औद्योगिक मार्गों पर जाम लगा दिया। इससे माल ढुलाई का काम प्रभावित हुआ और कई कंपनियों को उत्पादन रोकना पड़ा। उद्योग जगत के लिए यह स्थिति बेहद चिंताजनक बन गई है, क्योंकि एक दिन का उत्पादन रुकना भी लाखों रुपये के नुकसान में बदल सकता है।

मजदूरों की मांगों की सूची भी अब स्पष्ट रूप से सामने आ चुकी है। उनकी सबसे प्रमुख मांग है कि न्यूनतम वेतन 20,000 रुपये प्रति माह किया जाए। इसके अलावा बैंक खाते में समय पर बोनस भुगतान, ओवरटाइम का दोगुना भुगतान, किसी भी कर्मचारी को बिना कारण नौकरी से न निकालने की गारंटी और साप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित करने की मांग भी शामिल है। कई श्रमिकों का कहना है कि यदि रविवार को काम कराया जाता है, तो उसका दोगुना भुगतान मिलना चाहिए, जो अक्सर नहीं दिया जाता।इस आंदोलन ने प्रशासन के सामने भी बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। एक ओर कानून-व्यवस्था बनाए रखना जरूरी है, तो दूसरी ओर उद्योगों और मजदूरों के बीच संतुलन कायम करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। श्रम विभाग के अधिकारी लगातार कंपनियों और श्रमिक प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई स्थायी समाधान सामने नहीं आ सका है। आर्थिक दृष्टि से देखें तो यह विवाद केवल वेतन वृद्धि का मामला नहीं है, बल्कि यह राज्यों के बीच बढ़ती आर्थिक असमानता का परिणाम भी है। यदि एक राज्य में मजदूरी अधिक और दूसरे में कम है, तो उद्योग लागत कम रखने के लिए कम मजदूरी वाले क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने की कोशिश करते हैं। दूसरी ओर मजदूर बेहतर वेतन पाने के लिए अधिक मजदूरी वाले क्षेत्रों की ओर पलायन करते हैं। इससे श्रम बाजार में अस्थिरता बढ़ती है और औद्योगिक विवादों की संभावना भी बढ़ जाती है।महंगाई का प्रभाव इस पूरे विवाद में सबसे प्रमुख कारक के रूप में सामने आया है। पिछले कुछ वर्षों में खाद्य पदार्थों की कीमतों में लगातार वृद्धि हुई है। गैस सिलेंडर, परिवहन और किराये की लागत में भी लगातार बढ़ोतरी हुई है। यदि एक औसत मजदूर परिवार का मासिक खर्च 17,000 रुपये तक पहुंच चुका है, तो 13,000 रुपये के वेतन में गुजारा करना लगभग असंभव हो जाता है। यही कारण है कि मजदूर अब वेतन वृद्धि को अपने जीवन स्तर से जोड़कर देख रहे हैं।

यह पूरा घटनाक्रम एक बड़े नीति संबंधी सवाल को भी जन्म देता है क्या देश में न्यूनतम मजदूरी की एक समान राष्ट्रीय नीति होनी चाहिए। वर्तमान व्यवस्था में अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग दरें लागू हैं, जिससे मजदूरी में बड़ा अंतर पैदा होता है। यदि राष्ट्रीय स्तर पर एक समान न्यूनतम वेतन का ढांचा तैयार किया जाए, तो राज्यों के बीच असमानता कम हो सकती है और श्रमिकों के बीच असंतोष भी घट सकता है।नोएडा में जारी यह आंदोलन आने वाले समय में श्रम नीति और औद्योगिक व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत बन सकता है। यदि समय रहते समाधान नहीं निकाला गया, तो इसका असर केवल एक शहर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में भी इसी तरह की स्थितियां पैदा हो सकती हैं। उत्पादन में गिरावट, निर्यात में कमी और रोजगार के अवसरों में कमी जैसे परिणाम सामने आ सकते हैं। फिलहाल नोएडा के औद्योगिक गलियारों में खामोशी पड़ी मशीनें और सड़कों पर जमा भीड़ इस बात का संकेत दे रही हैं कि यह संघर्ष केवल वेतन का नहीं, बल्कि जीवन स्तर और सम्मान से जुड़ी एक बड़ी लड़ाई बन चुका है। आने वाले दिनों में प्रशासन, उद्योग और श्रमिकों के बीच होने वाली बातचीत ही तय करेगी कि यह विवाद शांत होगा या और व्यापक रूप लेगा।

*लेखक वरिष्ठ प्रत्रकार हैं।*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### आरएसएस के पथ संचलन का जगह-जगह हुआ स्वागत

संडीला/हरदोई। नगर में सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। यह पथ संचलन दोपहर करीब 3 बजे भगवान बुद्ध इंटर कॉलेज परिसर से प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने गणवेश में अनुशासन और एकरूपता का परिचय दिया। पथ संचलन नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरता हुआ आगे बढ़ा, जहां जगह–जगह स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने देशभक्ति और सामाजिक एकता का संदेश दिया। पूरे आयोजन में अनुशासन और व्यवस्था देखने लायक रही। सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन भी मुस्तैद रहा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। इस पथ संचलन को लेकर नगर में खासा उत्साह और उल्लास देखने को मिला।

### चोरी के पंपिंग सेट के साथ दो आरोपी पुलिस ने किये गिरफ्तार

हरदोई। कोतवाली शहर थाना छेत्र में पंपिंग सेट चोरी होने के मामले में पुलिस ने चोरी के सामान सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्राप्त विवरण में 12 अप्रैल को सुनील कुमार पुत्र छोटेलाल ग्राम पिरोजा पुर मजरा बेहटी द्वारा थाना कोतवाली शहर पर तहरीर दी कि रौनक पुत्र सुभाष और शैलेन्द्र पुत्र जदुनाथ सर्वनिवासीगण ग्राम सौहा मजरा मझरेता थाना कोतवाली शहर द्वारा उसके खेत से पम्पिंग सेट चोरी कर लिया गया है। इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली शहर पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई। थाना कोतवाली शहर के उप निरीक्षक रोशन सिंह द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद रौनक पुत्र सुभाष और शैलेन्द्र पुत्र जदुनाथ को चोरी किये गये पम्पिंग सेट सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### संडीला में आईपीएल फैक्ट्री के संविदा कर्मियों का कार्य बहिष्कार खत्म, वार्ता के बाद बहाल हुआ काम

सण्डीला/हरदोई। हरदोई जनपद के थाना संडीला क्षेत्र अंतर्गत इंडिया पेस्टीसाइड्स लिमिटेड (आईपीएल) फैक्ट्री में सोमवार को वेतन वृद्धि, ओवरटाइम भुगतान व अन्य मांगों को लेकर संविदा कर्मियों ने आंशिक कार्य बहिष्कार किया। सुबह करीब 10 बजे 50–60 कर्मचारियों ने काम बंद कर विरोध जताया, जबकि अधिकांश कर्मचारी कार्यरत रहे। सूचना पर क्षेत्राधिकारी संडीला, प्रभारी निरीक्षक, सहायक श्रमायुक्त व नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। जांच में पाया गया कि फैक्ट्री में करीब 600 अस्थायी व 390 स्थायी कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें से प्रथम पाली के लगभग 300 में से 250 कर्मचारी काम कर रहे थे। कंपनी प्रबंधन ने बताया कि छमाही वेतन वृद्धि 1 अप्रैल 2026 से लागू हो चुकी है, जिसका भुगतान मई माह में किया जाएगा। श्रम विभाग व कंपनी अधिकारियों की वार्ता के बाद मामला शांत हो गया और सभी कर्मचारी पुनः काम पर लौट आए। मौके पर कानून व्यवस्था पूरी तरह सामान्य रही।

### टूटे विद्युत पोल से बिजली आपूर्ति बाधित, ग्रामीण अंधेरे में जीने को मजबूर



रामपुरा (जालौन)। तेज आंधी के कारण टूटे विद्युत पोलों को एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी दुरुस्त न किए जाने से रामपुरा देहात क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित है। हालात यह हैं कि गांव के लोग अंधेरे में जीवन बिताने को मजबूर हैं। विद्युत उपकेंद्र रामपुरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रामपुरा देहात मल्लाहनपुरा में पिछले करीब 10 दिनों से बिजली सप्लाई ठप पड़ी है। आंधी और बेमौसम बारिश के चलते जहां एक ओर बिजली के पोल क्षतिग्रस्त हो गए, वहीं दूसरी ओर गांव में मच्छरों का प्रकोप भी तेजी से बढ़ गया है। बिजली न होने के कारण ग्रामीण न तो पंखों का उपयोग कर पा रहे हैं और न ही अन्य आवश्यक सुविधाओं का लाभ मिल पा रहा है। लोग रात में मोमबत्ती और दीयों के सहारे रोशनी कर किसी तरह समय गुजार रहे हैं। ग्राम प्रधान ओमप्रकाश सहित रामलक्षन, तुलसीराम, सोनू, नरेश, बेंचे, रविंद्र, शिवपाल, रामकेश, छोटे, जगदीश, शिव मोहन, समर सिंह, तिलक, रोहित और मुखराम समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि बिजली आपूर्ति बाधित होने से गांव में गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने जल्द से जल्द समस्या के समाधान की मांग की है। वहीं, विद्युत विभाग के जेई राजकुमार का कहना है कि रामपुरा देहात में आंधी के कारण एक विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हुआ है, जिसे ठीक कराने का कार्य जारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

### नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने अधिवक्ता का माल्यार्पण कर मिष्ठान खिलाकर किया स्वागत



फतेहपुर। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर बाबू सिंह यादव की ताजपोशी होने के बाद उन्होंने तमाम अधिवक्ताओं से मिलकर उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान बाबू सिंह यादव ने कहा की 15 दिन के अंदर अधिवक्ताओं के हित की समस्याओं का समाधान होना शुरू जाएगा। उनके हक और सम्मान की लड़ाई लड़ी जाएगी। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाबू सिंह यादव ने श्रीराम पटेल, वसीम अंसारी, असलम शेर खान एडवोकेट सहित अन्य अधिवक्ताओं का माल्यार्पण कर मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया तो वही असलम शेर खान ने भी नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाबू सिंह यादव का स्वागत किया। इस दौरान व्यवस्था परिवर्तन और सर्व समाज संगठन के तमाम अधिवक्ता साथियों ने अध्यक्ष बाबू सिंह यादव का जोरदार स्वागत किया और कहा अधिवक्ता हित में कार्य करके आगे की रणनीति तय करनी होगी। वही असलम शेर खान ने कहा की हर महीने एक बड़ी बैठक व्यवस्था परिवर्तन की होनी चाहिए। इस अवसर पर नरोत्तम सिंह, मोहम्मद अयूब, मणि भूषण सिंह, मोहम्मद आसिफ़ वजाहत हुसैन, कमरुद्दीन, अरविंद, रामसनेही पासवान, एहसान खान, आसिफमकसूद, गुलाम जब्बार, बदरुल हक, करीम खान, रंजीत मौर्य, शाहजहां, अरविंद यादव, पुरुषोत्तम यादव, मोहम्मद नदीमउद्दीन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### मसाल जुलूस निकाल कर शिक्षकों ने किया टेट का विरोध




फतेहपुर। संयुक्त शिक्षक एकता मोर्चा की तरफसे सरकार द्वारा पूर्व से सेवारत शिक्षको के ऊपर जबरिया टेट थोपने के विरोध में जनपद स्तर पर नहर कॉलोनी से लेकर के विद्यार्थी चौराहे तक जिला संयोजक मान सिंह के नेतृत्व में मसाल जुलूस निकाला गया। जिसमें विभिन्न संगठनों के अध्यक्ष, मंत्री पदाधिकारी व शिक्षक कर्मचारी साथी सम्मिलित हुए। सरकार द्वारा आरटीई एक्ट 2009 के पहले वाले शिक्षक साथियों के लिए टेट लागू करने के विरोध में यह मसाल जुलूस निकाला गया। यदि सरकार इस काले कानून को कानून को वापस नहीं करती तो एक बड़ी लड़ाई प्रदेश स्तर पर की जाएगी। इसके लिए योजना तैयार है। आज के इस मैसेज जुलूस में प्रशांत पांडे जिलाध्यक्ष विशेष ड्यूटी से संगठन अखिलेश त्रिपाठी जिलाध्यक्ष यूटा अजय मिश्रा जिलाध्यक्ष शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन राजीव उमराव निधन सिंह डॉक्टर रसिया मजहर अन्नपूर्णा किरण संदीप यादव बृजेश सिंह आदि शिक्षक कर्मचारी साथी उपस्थित रहे।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रचार कार्यक्रम का आयोजन



पनवाड़ी (महोबा)। राजकीय मॉडल महाविद्यालय, देवगनपुरा में शासन के निर्देशानुसार छात्राओं द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम– प्रचार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत एक मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। आज के कार्यक्रम में विशुद्ध रूप से नारी शक्ति की सहभागिता रही। प्राचार्य डा.आशुतोष शर्मा ने महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना की। आगामी दिनों में नारी शक्ति पदयात्रा कार्यक्रम की योजना पर भी चर्चा की गयी। इस अवसर पर बरिष्ठ प्राध्यापक एवं मिशन शक्ति प्रभारी डा रावेन्द्र सिंह द्वारा कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में अनेक छात्राओं के साथ मो. फ़ैज़, दिनेश सिंह समेत समस्त महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई प्रधानमंत्री सूर्य योजना की बैठक

हरदोई, समृद्धि न्यूज।



प्रधानमंत्री सूर्य योजना की बैठक जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार में आहूत की गयी। बैठक में पीएम सूर्य योजना के तहत बैंकों द्वारा लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत करने में लापरवाही पर जिलाधिकारी ने अग्रणी बैंक प्रबन्धक एलडीएम को निर्देश दिये कि ऋण स्वीकृत करने में लापरवाही करने वाली बैंकों की सूची उपलब्ध करायें और संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करायें। उन्होने कहा कि सोलर पैनल में वोल्टेज कम आदि शिकायतों का निस्तारण विद्युत एवं वेन्डर प्राथमिकता पर करें। बैठक में उप जिलाधिकारी पूनम भास्कर, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित विद्युत विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने जन सनुवाई में सुनीं 107 शिकायतें



हरदोई। सोमवार को कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 107 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। जनसुनवाई मे अतिरिक्त मजिस्टेऊट पूनम भाष्कर व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अलग-अलग थाना पुलिस ने दो तमंचा सहित आरोपी किये गिरफ्तार






हरदोई। जनपद में अवैध शस्त्र के निर्माण/बिक्री/परिवहन करने वालों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 12 अप्रैल को थाना कोतवाली देहात के उप निरीक्षक रामानंद मिश्रा द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त रक्षपाल सिंह पुत्र स्व. रघुवीर निवासी ग्राम जजबासी थाना साण्डी को एक तमंचा 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस व एक मिस कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया।

13 अप्रैल को थाना कछौना के उप निरीक्षक राज कुमार सिंह द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अवैध शस्त्र का प्रदर्शन करने वाले की तलाश के दौरान अक्षय पुत्र किशनपाल रैदास निवासी ग्राम कीरतपुर कूड़ा थाना कछौना को एक तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थाने में शस्त्र अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया

## बहलोलपुर में शिक्षक चौपाल: निपुण भारत लक्ष्य और गुणवत्ता शिक्षा पर जोर

संडीला/हरदोई, समृद्धि न्यूज।



विकास खंड बेहंदर के अंतर्गत न्याय पंचायत बहलोलपुर में सोमवार को 'शिक्षक चौपाल' का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा की गुणवत्ता सुधार, निपुण भारत मिशन की प्रगति और विद्यालयों में जन-सहभागिता बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन मंथन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी श्री राजेश राम एवं अन्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों को समाज का दर्पण बताते हुए नई शिक्षा नीति के अनुरूप बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक भोला शंकर और श्रवण कुमार ने शिक्षकों को समाज और विद्यार्थियों से मजबूत जुड़ाव बनाए रखने की सीख दी। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नवीन चंद्र मोहन ने नामांकन बढ़ाने के लिए अभिभावकों से संपर्क बढ़ाने की आवश्यकता बताई। एआरपी टीम की वर्तिका सिंह, महेंद्र पटेल और पारुल मिश्रा ने बाल वाटिका, डिजिटल लर्निंग, डीबीटी तथा टीएलएम के प्रभावी उपयोग पर शिक्षकों को मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में अनुराग गुप्ता, ललित किशोर, रामलाल, जितेंद्र सिंह, देशराज सिंह व कल्पना यादव सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे। मंच संचालन संकुल शिक्षक सुधीर कुमार ने किया।

## पुलिस ने आभूषण लूटकांड के चौथे आरोपी को कार सहित दबोचा

हरदोई, समृद्धि न्यूज।




सवायजपुर थाना छेत्र निवासी बाइक सवार युवकों से ज़ेवर और फोन लूटने के मामले में पुलिस ने चौथे आरोपी को घटना में प्रयुक्त कार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस तीन आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। प्राप्त विवरण में 3 अप्रैल को राजवीर पुत्र श्री गोवर्धन निवासी ग्राम ऊंचागांव थाना हरपालपुर द्वारा तहरीर दी गई कि वह अपने भाई सोमपाल पुत्र गोवर्धन निवासी ऊंचा गांव थाना हरपालपुर व अपने साथी सुंदरम पुत्र संतराम सिंह निवासी ग्राम श्यामपुर पंजा थाना हरपालपुर तीनों व्यक्ति एक ही मोटरसाइकिल से आभूषण गिरवी रखने हेतु शाहाबाद जा रहे थे। रास्ते में गंगा एक्सप्रेसवे सर्विस लेन, सैदापुर गांव के सामने एक मोटरसाइकिल पर सवार चार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा इन्हें रोककर आभूषण व तीनों के मोबाइल फोन लूट लिए गए। इस सम्बन्ध में वादी राजवीर उपरोक्त की तहरीर के आधार पर थाना सवायजपुर पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा टीम गठित कर घटना के शीघ्र एवं सफल अनावरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। थाना सवायजपुर के प्रभारी प्रिंस कुमार और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित वांछित कुलदीप पुत्र इच्छाराम निवासी ग्राम कामीपुर थाना शाहाबाद को एक कार (घटना में प्रयुक्त) सहित गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।6 अप्रैल को सुंदरम पुत्र जगदेव निवासी ग्राम श्यामपुर बंजर थाना हरपालपुर, सत्यम उर्फ जयेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र श्यामू सिंह निवासी ग्राम हैदरपुर थाना शाहाबाद,पंकज पुत्र रामलक्ष्मण निवासी ग्राम श्यामपुर बंजर थाना हरपालपुर को 01 मोबाइल फोन, 2500 रुपये नगदी व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा चुका है।

## गेहूं खरीद केंद्रों की जमीनी हकीकत से रूबरू हुए डीएम

▸ 64 खरीद केंद्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त, 2585 रुपये प्रति कुंतल समर्थन मूल्य पर खरीद जारी

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।



जनपद में संचालित गेहूं खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी, सुचारु और किसान हितैषी बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जालौन एवं कोंच मंडी में स्थापित विभिन्न खरीद केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जालौन मंडी में संचालित 8 तथा कोंच मंडी में 2 गेहूं खरीद केंद्रों का निरीक्षण करते हुए बारदाना उपलब्धता, तौल व्यवस्था, खरीद प्रक्रिया एवं किसानों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से परीक्षण किया।उन्होंने मौके पर उपस्थित किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और तत्काल समाधान सुनिश्चित कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कुल 64 गेहूं खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने कहा कि एफसीआई, पीसीएफ सहित सभी केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध है और कहीं भी कमी की स्थिति नहीं है, जिससे खरीद कार्य निर्बाध रूप से जारी है। उन्होंने किसानों को जानकारी देते हुए कहा कि शासन द्वारा गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है, जो बाजार दर से अधिक है। ऐसे में किसान सीधे सरकारी खरीद केंद्रों पर अपनी उपज बेंचकर उचित मूल्य प्राप्त करें और बिचौलियों से बचें। जिलाधिकारी ने एक किसान की ट्रॉली की अनलोडिंग प्रक्रिया का भी अवलोकन किया और किसानों से बातचीत कर उनकी संतुष्टि का आकलन किया। किसानों द्वारा व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताए जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसी प्रकार की व्यवस्था निरंतर बनाए रखें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी हेमन्त पटेल जालौन, उप जिलाधिकारी ज्योति सिंह कोंच, नायब तहसीलदार रोहन पंथ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### एनएचएआई का अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज, अस्थायी कब्जों पर कार्रवाई



कालपी (जालौन)। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण 27 (एनएचएआई) द्वारा नगर क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफचलाया जा रहा अभियान लगातार गति पकड़ता जा रहा है। सोमवार को इस क्रम में ऐनुल हसन मंसूरी के मकान से लेकर अमलतास तिराहे तक सड़क किनारे किए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी एवं श्रमिकों की मदद से अवैध कब्जों को हटवाया, जिससे मार्ग को सुचारु और चौड़ा बनाने का कार्य आगे बढ़ सके। यह कार्रवाई प्रोजेक्ट हेड उत्तम सिंह के निर्देशन में संपन्न हुई। मौके पर उरई बारा परियोजना प्रबंधक इंगलेश शर्मा, सीआरओ उपेंद्र सिंह एवं सीआरओ रोहित सिंह भी मौजूद रहे और उन्होंने पूरी कार्रवाई की निगरानी की। अधिकारियों ने बताया कि सिक्सलेन सड़क निर्माण परियोजना को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है, ताकि भविष्य में निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। अभियान के तहत फिलहाल शुरुआती चरण में अस्थायी अतिक्रमणों को हटाया जा रहा है, जिनमें दुकानों के बाहर रखे टीन शेड, ठेले, पटरी और अन्य अस्थायी ढांचे शामिल हैं। प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और अगले चरण में नियमानुसार स्थायी निर्माणों के विरुद्ध भी सख्त कदम उठाए जाएंगे। एनएचएआई अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण हटाने की यह प्रक्रिया पूरी तरह नियमानुसार की जा रही है और प्रभावित लोगों को पूर्व में सूचना भी दी गई है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे स्वयं अतिक्रमण हटाकर प्रशासन का सहयोग करें, ताकि विकास कार्य समय से पूर्ण हो सके और क्षेत्र में बेहतर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

### अंबेडकर जयंती पर पूरे जिले में निकलेगी डॉ. अम्बेडकर सम्मान यात्रा

उरई (जालौन)। अप्रैल माह को अम्बेडकर माह (दलित हिस्ट्री मंथ) के रूप में पिछले 1 अप्रैल से शुरू किये गए अभियान के तहत पूरे जिले के 135 से अधिक गाँव में बुंदेलखंड दलित अधिकार मंच व दलित डिग्निटी एंड जस्टिस सेंटर की टीम ने पूरे जिले में डॉ. अम्बेडकर जयंती दृ दलित सम्मान व न्याय सभा की शुरुआत की गयी जिसके तहत हर दिन अलग अलग गाँवध्पंचायतों में लगातार कार्यक्रम किये जा रहे है जिसके क्रम में अम्बेडकर जयंती के दिन पुरे जिले में डॉ. अम्बेडकर सम्मान यात्रा का निकलने का प्लान किया गया है।

अम्बेडकर जयंती के दिन सुबह डॉ. अम्बेडकर चौराहे पर सभी टीम इकट्ठा होगी जहां पर बाबा साहब पर माल्यार्पण किया जायेगा उसके बाद सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया जायेगा और उसके बाद 14 सदस्यीय टीम लीडरों के नेतृत्व में डॉ. अम्बेडकर सम्मान यात्रा शुरू होगी जो उरई जिला मुख्यालय से शुरू होकर उरई से कोंच व कोंच से जालौन, जालौन से माधौगढ़, माधौगढ़ से कालपी होते हुए सभी जिला मुख्यालय पर पहुंचे जहां विशाल जुलुस व सभा के रूप में डॉ. अम्बेडकर जयंती मनाई जाएगी। डॉ आंबेडकर सम्मान यात्रा के प्रमुख टीम लीडर तहसील कोर्डिनेटर उरई प्रदीप कुमार, तहसील कोर्डिनेटर कोंच सनेशराजा, रमेशचंद्र, तहसील कोर्डिनेटर जालौन उषा देवी वे देबेन्द्र अनिल,तहसील कोर्डिनेटर माधौगढ़ सचिन चौधरी, तहसील कोर्डिनेटर कालपी अनीता व सुरेन्द्र सहित एड. निकहत प्रवीन, मधु अनुरागी, एड. अजय सिंह, एड. किरन मेहरा, अनुराधा बौद्ध, मणि प्रजापति, आयुष कुमार, प्रद्युम्न, अनुज यादव, प्रदीप यादव आदि रहेंगे जो पुरे जिले में डॉ. अम्बेडकर सम्मान यात्रा का नेतृत्व करेंगे द्य सभी से इस महत्वपूर्ण डॉ. अम्बेडकर सम्मान यात्रा में ज्यादा से ज्यादा लोगों के जुड़ने की अपील की गयी।

## कांग्रेस सहिली गांव में मनाएगी अंबेडकर जयंती

फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।



कलेक्ट्रेट स्थित मीडिया जनसंपर्क केंद्र में कांग्रेस के युवा नेता शिवाकांत तिवारी अपने साथियों संग मीडिया से रूबरू हुए और भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर बिन्दकी विधानसभा क्षेत्र के सहिली गांव में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किये जाने की बात कही। इस अवसर पर बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, उड़ीसा प्रभारी एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शिवाकांत तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया यह आयोजन संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय और बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व प्रत्याशी ओम प्रकाश गिहार, पूर्व प्रत्याशी हेमलता पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान, महासचिव उदित अवस्थी एवं सदर विधानसभा से मोहसिन खान भी उपस्थित रहेंगे और अपने विचार व्यक्त करेंगे। सभी नेताओं ने संयुक्त रूप से क्षेत्र की जनता से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लें।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम ऐतिहासिक निर्णय: कृष्णा

फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में खागा विधानसभा से विधायक कृष्णा पासवान द्वारा एक महत्वपूर्ण पत्रकार वार्ता का आयोजन भाजपा कार्यालय में किया गया। इस वार्ता का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के दूरगामी प्रभाव और महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता को साझा करना था। पत्रकारों को संबोधित करते हुए विधायक कृष्णा पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का पारित होना भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय है। उन्होंने कहा कि दशकों से लंबित पड़े इस सुधार को धरातल पर उतारकर भाजपा सरकार ने यह सिद्ध कर दिया है कि महिला सशक्तिकरण हमारे लिए केवल नारा नहीं, बल्कि एक संकल्प है। विधायक ने स्पष्ट किया कि इस अधिनियम के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित होने से नीति निर्धारण में महिलाओं की भूमिका और अधिक प्रभावी होगी, उन्होंने जोर देकर कहा कि यह कानून केवल सीटों का आरक्षण नहीं है, बल्कि देश की आधी आबादी के सम्मान और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला कदम है। खागा विधायक ने कहा कि फतेहपुर जैसे ग्रामीण पृष्ठभूमि वाले क्षेत्रों की महिलाओं में भी इस निर्णय से भारी उत्साह है, जिससे आने वाले समय में जमीनी स्तर पर नए नेतृत्व का उदय होगा। उन्होंने इस ऐतिहासिक कदम के लिए प्रधानमंत्री और समस्त केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुशीला मौर्या, जिला उपाध्यक्ष अपर्णा सिंह गौतम, रेखा मिश्रा, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा ज्योति प्रवीण, मंजू शुक्ला, विजय लक्ष्मी साहू, संगीता द्विवेदी आदि पार्टी के अन्य पदाधिकारी और स्थानीय कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर पनवाड़ी में निकला बाइक जुलूस, शांतिपूर्ण माहौल में हुआ संपन्न

पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।



कस्बे में अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर सोमवार को भव्य बाइक जुलूस निकाला गया। बाइक जुलूस का शुभारंभ थाना पनवाड़ी क्षेत्र अंतर्गत रविदास मंदिर से हुआ, जहां भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जुलूस रविदास कमेटी एवं अंबेडकर समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता रविदास कमेटी अध्यक्ष एवं अंबेडकर समिति अध्यक्ष रवि चौधरी ने की। बाइक जुलूस रविदास मंदिर से प्रारंभ होकर जंटपुरा, तिवारीपुरा, मैन बाजार, पाठकपुरा, ब्लॉक बाईपास, देवगनपुरा, अग्निहोत्रीपुरा, रहुनियापुरा, अंबेडकर पार्क, अलीपुरा, बस स्टैंड और राठ तिगैला होते हुए पुनः रविदास मंदिर पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ। पूरे मार्ग में युवाओं ने बाबा साहेब के जयघोष के साथ अनुशासित ढंग से सहभागिता की। जुलूस में अंबेडकर समिति के सदस्य राजेश चौधरी, श्रीकांत सिंह, शैलेन्द्र चौधरी, अजय चौधरी, फूल सिंह, मनीष, राहुल चौधरी, जयहिंद चौधरी, समीर चौधरी, शिवम चौधरी, अमित कुमार, अभिषेक चौधरी, पप्पू मिस्त्री, काशीराम और नंदराम भास्कर सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौड़ तथा उपजिलाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ पूरे समय सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे। प्रशासन की निगरानी में बाइक जुलूस शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### किशोरी को भगा ले जाने वाले आरोपियों पर दर्ज हुई रिपोर्ट

हरदोई। मझिला थाना छेत्र के एक गांव से किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने किशोरी की तलाश शुरू की है। पीड़ित पिता के अनुसार उसकी 15 वर्षीय पुत्री को 15 मार्च की रात थाना छेत्र के ग्राम बसभेरवा निवासी संतन पुत्र मिश्री सक्सेना अपने भाई ढोला, विकास पुत्र कल्लू और अंटा मचान निबासी अमिन्नू पुत्र सुल्ला के सहयोग से कहीं भगा ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

**कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़ जनपद, महोबा**

पत्रांक-33/एन.पी.के./निविदा सूचना/2026-27 दिनांक-13.04.2026

(ई प्रोक्योरमेण्ट नोटिस)

अल्पकालीन निविदा सूचना

पेयजल हेतु व्यवस्था योजना से नगर पंचायत कुलपहाड़ द्वारा निम्नांकित निर्माण कार्य की निविदा दिनांक 14.04.2026 से 20.04.2026 को अपरान्ह 06:00 बजे तक डाउनलोड व ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 21.04.2026 को प्रातः 11:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी, जिन्हें विभाग की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर भी देखा जा सकता है। बिडर को सलाह दी जाती है कि बिड की नियम व शर्तों को ध्यान से पढ़ लें।

प्रवेन्द्र कुमार
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद- महोबा

वैभव अरजरिया
अध्यक्ष
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद- महोबा

# प्रकृति सन्तुलन के लिए षडरस चिकित्सा सिद्धांत व पंच महाभूतों का समन्वय होना जरूरी : डॉ. शशि अवस्थी

▸ छात्रों को औषधीय पौधों से परिचय कराकर बताई गई आयुष की उपयोगिता

**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट, बाराबंकी।**




सामाजिक संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान बाराबंकी द्वारा रामार्पित ग्रुप ऑफ कॉलेजेज गाजीपुर में स्थापित किये गए स्कूल हर्बल गार्डन में कालेज के छात्रों को औषधीय पौधों से परिचय कराया गया। संस्था द्वारा ब्राम्ही, मंडूकपर्णी, वच, शतावर, कालमेघ, अश्वगंधा, सर्पगन्धा, हरसिंगार, कचनार, हड़जोड़, अडूसा, निर्गुण्डी, जराकुश, तुलसी, लाजवंती, सहजन, आँवला, अदरक पिप्पली गिलोय, घृतकुमारी, पुनर्नवा, अजवाइन, कढ़ी पत्ता आदि 25 प्रकार के औषधीय पौधे रोपित किये गए। रोपित औषधीय पौधों का परिचय एवं उनकी उपयोगिता को बताते हुए आयुर्वेदाचार्य डॉ शशि कुमार अवस्थी ने कहा कि प्रकृति के पांचों तत्वों का संतुलित बनाएं रखने के लिए षडरस चिकित्सा सिद्धांत एवं पंच महाभूतों का समन्वय होना जरूरी है। इस सिद्धांत में जड़ी बूटियों का उपयोग विशेष महत्व रखता है। ज्ञान के अभाव में यह जड़ी बूटियां विलुप्त होती जा रही हैं। डॉ अवस्थी ने कहा कि हमारी रसोई आयुर्वेद की पाकशाला की तरह होनी चाहिए जिससे अस्सी प्रकार की वात-पित्त-कफ का संतुलन घर में हो सकता है। संस्था के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने 25 औषधीय पौधों का परिचय कराया और इनके रखरखाव और संरक्षण पर विस्तार से समझाया। हर्बल गार्डेन में स्थापित किये गए हर्बल गार्डन के औषधीय पौधों की पहचान एवं उसकी उपयोगिता की जानकारी कालेज के छात्रों एवं फैकल्टी को दी गई। इस अवसर पर कालेज की प्रबन्धक मनीष कुमार सिंह, निदेशक प्रांजल सिंह, उदय प्रताप सिंह, फैकल्टी मेम्बर हरिओम तिवारी, अश्वनी वर्मा, ऋषि कुमार, शिवदीप, नीरज कुमार, अबू सहमा, सरिता तिवारी सहित करीब दो सौ की संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रही और स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारियां हासिल की।

## निजी विद्यालयों की मनमानी के खिलाफ लामबंद हुए अभिभावक

### डीएम को ज्ञापन देकर शुल्क वसूली पर रोक लगाने की मांग

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** निजी विद्यालयों द्वारा मनमाने शुल्क वसूली और नियमों के उल्लंघन के विरोध में जिला अभिभावक संघ ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। संघ ने आरोप लगाया कि शिक्षा का क्षेत्र तेजी से व्यवसाय में बदलता जा रहा है, जिससे अभिभावकों का आर्थिक और मानसिक शोषण हो रहा है। अभिभावक संघ के अध्यक्ष मनीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि डीएम को दिये गये ज्ञापन मे कहा गया कि पुनः प्रवेश शुल्क, विकास शुल्क, विद्युत शुल्क, सांस्कृतिक कार्यक्रम और परिवहन शुल्क के नाम पर अन्धाधुंध धनराशि वसूली जा रही है। कई विद्यालय अभिभावकों को निर्धारित दुकानों से ही किताबें, कॉपियां और ड्रेस खरीदने के लिए बाध्य करते हैं, जबकि एनसीईआरटी पुस्तकों के स्थान पर कमीशन आधारित पाठ्यक्रम लागू किए जा रहे हैं। संघ के अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि विद्यालय हर वर्ष मनमाने तरीके से फीस बढ़ाते हैं और पाठ्यक्रम बदल देते हैं, जिससे अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। शुल्क जमा न होने पर छात्रों को अपमानित करने और प्रताड़ित करने के भी मामले सामने आए हैं।
वहीं, कुछ विद्यालय तिमाही फीस जमा करने का दबाव बनाते हैं और विलंब होने पर जुर्माना वसूलते हैं।

## राम जन्मोत्सव की कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** तहसील क्षेत्र के शिव हनुमान मंदिर रामलीला परिसर, शुक्लनपुरवा हथौंधा में चल रहे सप्त दिवसीय श्रीराम महायज्ञ एवं विराट मानस संत सम्मेलन के पंचम दिवस भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। भगवान श्रीराम जन्मोत्सव के पावन प्रसंग पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुप्रसिद्ध कथावाचक पं. अनिल पाण्डेय ने अपने ओजस्वी व मधुर प्रवचनों के माध्यम से श्रीराम जन्म का दिव्य वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म और अन्याय बढ़ता है, तब-तब भगवान धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं।

# व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने की बैठक आशीष जायसवाल बने युवा नगर अध्यक्ष

▸ वरिष्ठ व्यापारी की पुण्यतिथि पर व्यापारियों ने दी श्रद्धांजलि



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल इकाई डलमऊ के संगठन की वर्ष 2026 की पहली बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुदामा साहू ने की।मुख्य अतिथि के भूमिका में जिला प्रभारी विवेक शर्मा,विशिष्ट अतिथि अप्पू शर्मा, शानू बाजपेई उपस्थित रहे। अध्यक्ष रामगोपाल वैश्य ने सभी अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम की शुरुआत की। लगभग तीन घंटे चले इस कार्यक्रम में व्यापारियों ने मुख्य अतिथि के सामने अपनी मांगे राखी। व्यापार मंडल के इस कार्यक्रम में संगठन की कार्यकारिणी, व्यापारियों की समस्या, कस्बे में लगने वाले जाम, संगठन को प्रभावी बनाने के लिए प्रयास आदि कई मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मौजूद विवेक शर्मा ने कहा कि व्यापारी व कार्यकर्ता संगठन का आधार हैं। नगर प्रभारी रानू शर्मा ने हर महीने बैठक कराने का सुझाव दिया। जिसपर सभी उपस्थित लोगों की सहमति से प्रत्येक माह की 15 तारीख को मासिक बैठक तय की गई। व्यापार मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूती देने के लिए आशीष जायसवाल के कंधों पर युवा अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर आशीष जायसवाल ने कहा कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

# प्रदेश सरकार शीघ्र लागू करे अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम कानून : गोविंद सिंह एडवोकेट

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**



सेंट्रल बार एसोसिएशन रायबरेली की कार्यकारिणी के द्वारा मिर्जापुर के अधिवक्ता राजीव कुमार सिंह की नृशंस हत्या के विरोध में,प्रदेश के मुख्यमंत्री मा.योगी आदित्यनाथ जी को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी रायबरेली के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया जिसमें प्रमुख रूप से और राजीव सिंह के परिवार को 1 करोड़ रुपये का सरकारी सहयोग परिजनों को एक सरकारी नौकरी और बच्चों को निशुल्क शिक्षा का इंतजाम सरकार के द्वारा किया जाए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू किया जाए। सेंट्रल बार के अध्यक्ष राकेश तिवारी एडवोकेट ने कहा कि सरकार को शीघ्रता से अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू कर देना चाहिए, जिससे आने वाले समय में अधिवक्ताओं की जान माल की सुरक्षा की जा सके। सेंट्रल बार के महामंत्री योगेंद्र दीक्षित ने कहा कि आए दिन अधिवक्ताओं के साथ हो रही जगन्य अपराध की घटनाएं, उत्तर प्रदेश में रुकने का नाम ही नहीं ले रही है सरकार अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए कठोर कानून बनाएं जिससे अधिवक्ता और उसके परिवार को सुरक्षित किया जा सके। सेंट्रल बार एसोसिएशन के संयुक्त मंत्री प्रशासन एडवोकेट गोविंद सिंह ने कहा कि मिर्जापुर के अधिवक्ता राजीव कुमार सिंह की हत्या में शामिल अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो और राजीव कुमार सिंह के परिवार को एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता सरकार दे उनके परिजनों को सरकारी नौकरी और बच्चों की शिक्षा का इंतजाम सरकार करे।

सेंट्रल बार के उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि आए दिन अधिवक्ताओं के साथ घट रही घटनाओं को सरकार नज़रंदाज न करे, सरकार को अधिवक्ताओं की सुरक्षा का प्रबंध करना चाहिए, उन्हें शीघ्र ही अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू कर देना चाहिए।

इस मौके पर सेंट्रल बार के अध्यक्ष राकेश तिवारी, महामंत्री योगेन्द्र दीक्षित, कोषाध्यक्ष सुनील तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार शुक्ला, उपाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वेंद्र सिंह बन्ना, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य हिमांशुधर, करुणेन्द्र मिश्रा, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्यों में से मुकेश अकेला, रेशमा बानो, तुषार भारती, आनंद दिक्षित, राहुल दीक्षित आदि दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अपर्णा यादव का एक दिवसीय जनपद भ्रमण 15 अप्रैल को

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** उप्र राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष उपमंत्री स्तर प्राप्त अपर्णा यादव का एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम 15 अप्रैल 26 को प्रस्तावित हुआ है, उक्त निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उपाध्यक्ष जी 11:45 बजे जनपद के सर्किट हाउस, अमेठी पहुंचेगी तथा 12:30 बजे प्रशासन द्वारा चयनित स्थल पर राष्ट्रीय महिला आयोग के निर्देशानुसार नारी शक्ति बंदन एक्ट को लागू किये जाने के उपलक्ष्य में महिला सशक्तीकरण और महिलाओं को सशक्त बनाये जाने विषयक आधरित आयोजित कार्यक्रम में उपाध्यक्ष जी द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम समाप्ति के उपरान्त उपाध्यक्ष जी जनपद से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगी।

### एडीएम ने क्रॉप कटिंग कराकर गेहूँ की उत्पादकता का किया आकलन



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अमृता सिंह ने गेहूँ की पैदावार की हकीकत देखने के लिए सदर तहसील क्षेत्र के अमावां ब्लॉक के सिधौना गांव में पहुंची। उनकी देखरेख में क्रॉप कटिंग कर उत्पादकता का आकलन किया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल गेहूँ कटाई के 02 खेतों में प्रयोग किए गए। एक निश्चित त्रिकोण क्षेत्र में फसल कटाई करके यह देखा गया कि कितनी उत्पादकता प्राप्त हो रही है। जिसके अंतर्गत तीन खेतों में क्रॉप कटिंग की गई, जिसमें गाटा संख्या 275 में लगभग 17.800 किग्रा के हिसाब से 40.00 कुंतल/हेक्टेयर उत्पादकता उपज प्राप्त हुई। इसी प्रकार गाटा संख्या 274 में 17.300 किग्रा के हिसाब से 40.00 कुंतल/हेक्टेयर उत्पादकता उपज प्राप्त हुई। अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित किसानों से कहा कि अपना गेहूँ धान क्रय केंद्र पर ही विक्रय करें ताकि न्यूनतम समर्थन मूल्य प्राप्त हो सके। अवशेष कृषि अपशिष्ट को खेतों में मत जलाए। क्रॉप कटिंग से फसल की पैदावार देखी जाती है इसमें रेंडम आधार पर खेतों को चुनकर फसल की उत्पादकता का आकलन किया जाता है। कम उत्पादकता होने पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत जनपद में कार्यरत बीमा कंपनी किसानों को लाभ देती है, इसलिए किसानों को अधिक से अधिक फसल बीमा करा लेना चाहिए। इस मौके पर तहसीलदार आकृति श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक राजेन्द्र कुमार सिंह, लेखपाल प्रज्ञा जायसवाल उपस्थित रहें।

## वितरण के दौरान गैस एजेंसी पर मारपीट और नकदी लूटने का आरोप

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड क्षेत्र बहादुरपुर स्थित इंडियन गैस एजेंसी पर रविवार दोपहर दबंगों ने जमकर उत्पात मचाया। आरोप है कि हमलावरों ने एजेंसी कर्मचारी विक्रम सिंह के साथ मारपीट की और 50,000 लूट लिए। इसके अलावा उपद्रवियों द्वारा उपभोक्ताओं की गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दी गई। पीड़ित के अनुसार, वह वितरण कार्य में व्यस्त थे तभी कुछ लोग पहुंचे और बुकिंग प्रक्रिया को लेकर विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते गाली-गलौज और मारपीट शुरू हो गई, जिसमें विक्रम सिंह को गंभीर चोट आई है। आरोप है कि हमलावर एजेंसी के अंदर घुस गए और नकदी लूटकर फरार हो गए। जाते-जाते उन्होंने दोबारा गैस वितरण करने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

# निजी स्कूलों की मनमानी से अभिभावक परेशान



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिले एक बार फिर निजी स्कूलों की मनमानी का मामला प्रकाश में आया है। अभिभावकों ने निजी स्कूलों पर महंगी किताबें थोपने तथा मनमानी फीस लागू करने का आरोप लगाया है। अभिभावकों का कहना है कि हाईस्कूल के लिए ह्ष्टश्वक्रञ्ज की जगह प्राइवेट प्रकाशकों की किताबें खरीदवाई जा रही हैं, वहीं नर्सरी से कक्षा 8 तक की किताबें निजी प्रकाशनों की लगाई गई हैं। जिनमें किताबों के दाम आसमान छू रहे हैं। नर्सरी से कक्षा 8 तक की किताबों के दाम 1500 से 5000 रुपये तक बताए जा रहे हैं। इसके अलावा अभिभावकों को स्कूलों द्वारा तय दुकानों से ही किताब खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। यही नहीं बच्चों के लिए जूते मोजे, टाई बेल्ट, ड्रेस तथा अन्य पाठ्य सामग्री भी उसी स्थान पर लेने की गाइड लाइन जारी की गई है। निजी स्कूलों की इस महंगी पढ़ाई से अभिभावकों की जेब पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है। अभिभावकों ने प्रशासन से जांच और कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब हो कि जिले में जामों, जगदीशपुर, गौरीगंज, अमेठी, जायस, तिलोई, मुसाफिरखाना, इन्हौना, फुरसतगंज, शाहगढ़ आदि क्षेत्रों में स्कूल प्रशासन का यही हाल बताया जा रहा है।

# जनता की समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि लोकप्रिय सांसद किशोरी लाल शर्मा के निर्देश पर जिले में किसानों एवं युवाओं से जुड़े गंभीर मुद्दों को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। धान एवं गेहूं खरीद में हो रही अनियमितताओं के कारण किसान भारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। खरीद केंद्रों पर अव्यवस्था, भ्रष्टाचार एवं देरी के चलते किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर नहीं मिल पा रहा है, जिससे जनआक्रोश लगातार बढ़ रहा है। इसी क्रम में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन अमेठी द्वारा एआरओ के प्रस्तावित स्थानांतरण का भी कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। जिलाध्यक्ष सुमित तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस निर्णय से अमेठी एवं आसपास के युवाओं के रोजगार के अवसर प्रभावित होंगे तथा भर्ती प्रक्रियाओं में स्थानीय युवाओं को मिलने वाली सुविधाएं समाप्त हो जाएंगी। जिला किसान कांग्रेस ने भाजपा सरकार की नीतियों को किसान एवं युवा विरोधी बताते हुए कहा कि बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का अब तक उचित मुआवजा नहीं दिया गया है। प्रशासन से मांग की गई कि निष्पक्ष सर्वे कराकर शीघ्र राहत राशि वितरित की जाए तथा खरीद केंद्रों की व्यवस्था दुरुस्त की जाए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी किसानों और युवाओं की आवाज को सड़क से संसद तक मजबूती से उठाने के लिए संकल्पित है। चेतावनी दी गई है कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चार चोर 16 बैटरियों के साथ चढ़े पुलिस के हत्थे



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** पुलिस द्वारा चलाये जा रहे 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' अभियान के तहत सोमवार को जगदीशपुर थाना प्रभारी धीरेन्द्र कुमार यादव, थानाध्यक्ष भाले सुल्तान शहीद स्मारक व उ.नि. अनूप कुमार सिंह प्रभारी स्वाट टीम मय हमराह क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अर्टिगा कार सवार 4 अभियुक्तों फहीम पुत्र वसीम निवासी औरंगाबाद खालसा थाना आशियाना जनपद लखनऊ, गोलू उर्फ शनी कश्यप पुत्र मंगल कश्यप निवासी बझेरा थाना शोहरामऊ जनपद उन्नाव हालपता पकरी पुल थाना आशियाना जनपद लखनऊ, अंकित कुमार पुत्र सुनील कुमार गौतम निवासी द्वारिका प्रोजेक्ट पोस्ट कोडा जहानाबाद थाना जहानाबाद जनपद फतेहपुर व नितिन शाहू पुत्र महेश शाहू निवासी आशियाना सेक्टर रू01 मकान नं. 1080 थाना आशियाना जन. लखनऊ को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त फहीम की तलाशी से एक तमंचा व जिन्दा कारतूस 315 बोर व अर्टिगा कार की तलाशी से 6 बैट्रीयां विभिन्न कम्पनियों की बरामद हुई हैं। बरामद बैट्रीयों के बारे मे पूछने पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि यह बैट्री चोरी की है जिसे वह सभी लोग मिलकर आस पास के क्षेत्र से चोरी करके रखे हैं। बरामद बैट्री के अलावा 10 बैट्रीयां अन्य चोरी की खंडहर में रखे हैं। अभियुक्तों की निशानदेही पर जामो मोड के पास खंडहर से 10 बैट्रीयां बरामद हुई। जिसमें 6 बैट्रीयां बीते 3 अप्रैल को थानाक्षेत्र गौरीगंज से चोरी किये थे व अन्य 10 बैट्रीयां इसके पहले ग्राम लिढियावा, रानीगंज के पास, जामो रोड रानीगंज के पास से चोरी किये थे। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# तूल पकड़ रहा प्राचीन काली माता मंदिर पर अतिक्रमण का मामला



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत क्षेत्र अमेठी के वार्ड नंबर 7 स्थित प्राचीन काली माता मंदिर पर कथित अतिक्रमण का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। आस्था के इस केंद्र पर कब्जे की कोशिश ने न सिर्फ स्थानीय श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत किया है, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। सोमवार को उद्योगपति व जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश मसाला, मंदिर समिति के अध्यक्ष और सैकड़ों श्रद्धालु जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और एडीएम अर्पित कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मंदिर परिसर को अतिक्रमण से मुक्त कराने, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। आरोप है कि कुछ अराजक तत्वों ने मंदिर में ताला लगाकर कब्जा करने का प्रयास किया, जिसके चलते श्रद्धालुओं के पूजा-पाठ में बाधा उत्पन्न हो गई है। यह स्थिति न केवल धार्मिक स्वतंत्रता पर प्रश्नचिह्न लगाती है, बल्कि सामाजिक सौहार्द के लिए भी चिंताजनक है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश है। नाराज समिति पदाधिकारी और श्रद्धालु कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासन से त्वरित हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। सभी श्रद्धालुओं की निगाहें संवेदनशील मुद्दे पर टिकी हैं कि प्रशासन कितनी तत्परता और प्रभावशीलता के साथ कार्रवाई करता है।

# तालगांव जांच प्रकरण: एक महीना के बाद भी कार्रवाई नहीं, सवालों के घेरे में प्रशासन

**सीतापुर।** विकासखंड परसेंडी की ग्राम पंचायत ताल गांव में ग्रामीणों की शिकायत पर हुई जांच अब प्रशासनिक सुस्ती का शिकार होती नजर आ रही है। मामले की जांच लोकायुक्त स्तर से की गई थी, जिसमें ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव को प्रथम दृष्टया दोषी माना गया। जांच आख्या आयुक्त, लखनऊ मंडल के पत्रांक 634 दिनांक 24 दिसंबर 2025 के माध्यम से उत्तर प्रदेश शासन को भेजी जा चुकी है। इसके बाद भी स्थानीय स्तर पर कार्रवाई का इंतजार बना हुआ है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी सीतापुर द्वारा एक जांच टीम का गठन किया गया था, ताकि दोषियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। लेकिन टीम गठन के लगभग एक महीना बीत जाने के बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। सूत्रों के अनुसार, गठित जांच टीम में जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र साहू भी शामिल हैं, जिसको लेकर ग्रामीणों में असंतोष देखा जा रहा है। लोगों का आरोप है कि टीम की निष्क्रियता के कारण कार्रवाई में देरी हो रही है, जिससे पूरे प्रकरण की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब उच्च स्तर की जांच में दोष तय हो चुका है, तो स्थानीय प्रशासन द्वारा कार्रवाई में देरी क्यों की जा रही है। वहीं, यह भी चर्चा है कि कहीं यह मामला सिर्फ औपचारिकता तक सीमित न रह जाए और फाइलों में दबकर रह जाए। अब बड़ा सवाल यह है कि जिलाधिकारी के आदेश के बावजूद जांच टीम कब तक अपनी रिपोर्ट सौंपेगी और दोषी प्रधान व सचिव पर वास्तविक कार्रवाई कब होगी। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगना तय है। समृद्धि न्यूज़ इस पूरे मामले पर लगातार नजर बनाए हुए है और आगे की हर अपडेट पाठकों तक पहुंचाता रहेगा।

# जिला कारागार सीतापुर का साप्ताहिक निरीक्षण किया गया



**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर आशीष जैन के दिशा-निर्देशों के अनुपालन के क्रम में श्री विजय भान, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर द्वारा जिला कारागार सीतापुर का साप्ताहिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार परिसर में साफ सफाई का उचित प्रबन्ध पाया गया। सर्वप्रथम महिला बैरक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पाकशाला का भी निरीक्षण किया गया, पाकशाला में रोस्टर के अनुसार भोजन बनते पाया गया व साफ-सफाई उचित पाई गयी। जिला कारागार में स्थित बच्चा बैरक का निरीक्षण किया गया, वहां पर भी सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त पाई तथा खाने के बारे में वार्ता की गयी तो बन्दियों द्वारा बताया गया कि खाने की कोई समस्या नही है, खाना व नाश्ता समय से रोस्टर के अनुसार मिलता है। जिला कारागार में स्थित अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया, उनके स्वास्थ्य के सन्दर्भ में वहां नैतान डाक्टर द्वारा उनकी बीमारियों के सन्दर्भ में जानकारी दी गयी तथा बीमार बन्दियों द्वारा यह बताया गया कि उनका इलाज समय से हो रहा है, दवाई व खाना समय के अनुसार मिलता है। इसके अतिरिक्त जिला कारागार में स्थित लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान जेलर द्वारा यह बताया गया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा एक अध्यापक की तैनाती की गयी है। अध्यापक द्वारा कारागार में निरूद्ध बन्दियों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की गयी जाती है व लाइब्रेरी का रख-रखाव सही ढंग से किया जाता है। इसके अतिरिक्त जिला कारागार में स्थित जेल लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। लीगल एड क्लीनिक दो पराविधिक स्वयं तैनात पाये गये तथा वहां मौजूद कार्य रजिस्टर भी जांचे गये तथा जेल पराविधिक स्वय सेवकों से वार्ता की गयी तो उनके द्वारा बताया कि बन्दियों के प्रार्थना पत्रों को नियमानुसार जेल अधीक्षक से अग्रसारित कराते हुए, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को समय से प्रेषित किये जाते है।

## जेवरात से भरा बैग आधे घंटे में तलाशकर पुलिस ने महिला को सौंपा

**जैदपुर बाराबंकी।** जनपद की जैदपुर पुलिस की तत्परता का एक सराहनीय उदाहरण सामने आया है।थाना जैदपुर क्षेत्र में ई-रिक्शा से गिरा लाखों रुपये के जेवरात से भरा बैग महज 30 मिनट के भीतर बरामद कर पुलिस ने महिला को सुरक्षित वापस सौंप दिया।

## सूचना

मैंने अपने बड़े पुत्र अनुज कुमार व पुत्रवधू अनीता देवी के चाल चलन ठीक न होने के चलते अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिये है। उन दोनों द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। अरविन्द कुमार पुत्र सूरज प्रसाद नि0 नगला चंदेला थाना नवाबगंज, जनपद फर्रुखाबाद।

# दो किसानों की फसलें राख, पीड़ितों ने मांगी मदद

- तिर्वा व ठठिया में अलग-अलग घटनाएं, शॉर्ट सर्किट से लगी आग
- प्रशासन ने नुकसान के आंकलन के दिए निर्देश




**तिर्वा,कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में इन दिनों आग की घटनाएं किसानों पर भारी पड़ रही हैं। पहले मौसम की मार से परेशान किसानों को अब आग की घटनाओं ने और संकट में डाल दिया है। सोमवार को जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में आग लगने से दो किसानों की खड़ी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई। तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के धारा नगर गांव में किसान रणवीर पुत्र पातीराम की फसल में अचानक आग लग गई, जिससे पूरी फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई है। पीड़ित किसान ने तहसील प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। वहीं दूसरी घटना ठठिया थाना क्षेत्र के कन्हईपुर्वा गांव की है। यहां कुसमा देवी पत्नी रामसेवक के खेत में खड़ी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। हाल ही में हुई बारिश के कारण फसल में नमी होने से कटाई नहीं हो सकी थी, तभी आग लगने से पूरी मेहनत पर पानी फिर गया। आग की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे आसपास के खेतों को बचाया जा सका। तहसीलदार अवनीश कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही संबंधित लेखपाल को मौके पर भेजा गया है। नुकसान का आकलन कर जल्द ही पीड़ित किसानों को शासन स्तर से आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी। लगातार बढ़ रही आग की घटनाओं से किसानों में दहशत का माहौल है और वे प्रशासन से सुरक्षा एवं त्वरित सहायता की मांग कर रहे हैं।

## घर के दरवाजे पर खड़ी बाइक चोरी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** घर के दरवाजे पर खड़ी बाइक पल भर में चोरी हो गई। जानकारी होते ही खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं लगे पर मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। आवास विकास कॉलोनी स्थित मदरसा दारुल उलूम गौसिया के सामने निवासी अमजद खां पुत्र जैनुद्दीन ने बताया कि रविवार की रात 9:30 बजे उन्होंने अपनी हांडा एसपी 125 ( स्ट्राइकिंग ग्रीन कलर, नंबर यूपी74 एएच1832) बाइक अपने घर के सामने खड़ी की थी और जब बाइक को घर के अंदर करने के लिए बाहर निकले तो बाइक नहीं दिखी। आसपास खोजबीन करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला। उन्होंने पुलिस से शिकायत कर चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है।

# भाउलपुर हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

- जेडी जनता इंटर कॉलेज में शोकसभा के बाद अवकाश घोषित



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

पुरानी गुड़ मंडी में हुई शोक सभा में तालग्राम रोड पर भाउलपुर में कोयला लदे ट्रक के पलटने से हुए हादसे में मृतक कन्हैया लाल गुप्ता और 14 वर्षीय छात्रा अंशिका को 2 मिनट मौन रहकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। उधर जेडी जनता इंटर कॉलेज में शोकसभा के बाद अवकाश कर दिया गया। ग्राम दुर्गा नगला निवासी अंशिका छिबरामऊ के जेडी जनता इंटर कॉलेज में कक्षा 10 की छात्रा थी। वह अपने साथ पढ़ने वाली सहेली ग्राम बेहटा निवासी सलोनी के साथ स्कूटी से कॉलेज जा रही थी तभी हादसे का शिकार हो गई। अंशिका की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसकी सहेली सलोनी उछलकर दूर जा गिरी और बाल बाल बच गई लेकिन उसे गहरा सदमा लगा।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, चंद्रभान गुप्ता मुन्ना, नरेश गुप्ता गोल्डी, प्रभाकर गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, नसीम विनीत किराना, कल्लू, शिवम, रामू गुप्ता व राजीव आदि उपस्थित रहे। उधर छात्रा अंशिका के निधन पर जेडी जनता इंटर कॉलेज में शोककसभा कर श्रद्धांजलि देने के बाद कॉलेज में अवकाश घोषित कर दिया गया। इसके बाद प्रधानाचार्य ज्ञानेश चंद्र दुबे, राजेश दुबे, कमल यादव, राम महेश पाल, सत्य प्रकाश शाक्य, रोहित मिश्रा, नारायण शरण त्रिपाठी, प्रमोद कुमार, अरविंद शुक्ला व रविंद्र कुमार पहले अंशिका के गांव दुर्गा नगला पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। इसके बाद ग्राम बेहटा पहुंचकर छात्रा सलोनी के परिजनों से मिले।

# श्रीमद् भागवत कथा, कृष्ण जन्म होते ही गूंज उठे जयकारे



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के गंगेश्वर नाथ रोड, बनवारी नगर में ब्रह्मलीन सुशीला देवी की पुण्य स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्म होते ही पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। व्यास पीठ से वेदांताचार्य पंडित राज नारायण दीक्षित ने कहा जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला व स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। आचार्य जी ने कहा जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर नन्द के घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल भजन पर श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमे। इस दौरान परीक्षित की भूमिका श्रीमती शशिबाला व गजेन्द्र सिंह ने निभाई।

श्री रामलीला कमेटी के महामंत्री कौशलेंद्र सिंह उर्फ श्यामू चौहान ने अपनी पत्नी कविता उर्फ अमृता चौहान के साथ माल्यार्पण, पगड़ी पहना कर और शाल ओढाकर कथा व्यास राज नारायण दीक्षित को सम्मानित किया। रोजाना दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक चल रही कथा की पूर्णाहुति एवं भंडारा 17 अप्रैल को होगा। कथा में आयोजक अजय प्रताप सिंह भदौरिया,मान सिंह भदौरिया, राजेश, अवधेश, राम, अखलेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र सिंह, कल्याण सिंह, गजेन्द्र सिंह, पंकज, ज्ञान, भानू, शिवम, दिशा, हर्षिता, अवयुक्त, यशमिता एवं समस्त भदौरिया परिवार सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

## काली नदी में कूदे किशोर का तीन किलोमीटर दूर मिला शव





**छिबरामऊ, कन्नौज।** घर से नाराज होकर निकले किशोर ने काली नदी में छलांग लगा दी थी। कई घंटों की तलाश के बाद एसडीआरएफ की 15 सदस्यीय टीम ने किशोर के शव को घटनास्थल से लगभग 3 किलोमीटर दूर बरामद कर लिया है। बताया जा रहा है कि शिव राजपूत शनिवार की शाम करीब 4 बजे किसी बात से नाराज होकर घर से निकल गया था। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बाद में ताजपुर रोड स्थित काली नदी पुल पर उसकी चप्पलें, ब्लेड और खून के धब्बे मिले, जिससे नदी में कूदने की आशंका जताई गई। पुलिस और स्थानीय गोताखोरों की प्रारंभिक तलाश नाकाम रहने के बाद सोमवार को लखनऊ से एसडीआरएफ की टीम काली नदी पुल पहुंची। टीम ने स्टीमर और अन्य उपकरणों से घंटों तक तलाशी अभियान चलाया। पुल से करीब ढाई किलोमीटर दूर राजा नगला क्षेत्र में शव मिला। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान शिव के रूप में की। शिव 11वीं कक्षा का छात्र था और परिवार में तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था। एसडीआरएफ टीम के अंकित विश्वकर्मा ने बताया कि कई घंटे की कड़ी मेहनत के बाद शव बरामद करने में सफलता मिली। शव मिलने पर परिवार में गहरा शोक छा गया।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने जताई शोक संवेदना

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कांग्रेस नेता संजय पौल के निधन पर उनके आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया और पार्टी के लिए उनके योगदान को याद किया। मीडिया से बातचीत के दौरान प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी।

ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे तनाव को लेकर उन्होंने कहा कि अमेरिका अनावश्यक रूप से ईरान पर दबाव बना रहा है। उनका आरोप था कि अमेरिका जबरदस्ती समझौता कराने की कोशिश कर रहा है, जो उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ हो रहे व्यवहार को लेकर देश के लोग चिंतित हैं और ऐसे में भारत के नागरिक ईरान के लोगों के साथ खड़े हैं। वहीं, पश्चिम बंगाल के चुनाव को लेकर अजय राय ने दावा किया कि कांग्रेस मजबूती के साथ चुनाव मैदान में है और बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में कांग्रेस की स्थिति मजबूत होगी। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर भी उन्होंने पार्टी की जीत का दावा किया। अजय राय ने कहा कि कांग्रेस पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी और प्रदेश में सरकार बनाने का लक्ष्य हासिल करेगी। इस मौके पर निमिषा पौल, अभिषेक, विमला, वीना, नेहा, सुमित, विद्यासागर, नीलम पौल, पिंकी, डीबी सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय मिश्रा, पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद, जिलाध्यक्ष शाकिर हुसैन, बहार कुरैशी, गोविंद वर्मा, अनुज वर्मा, ओमप्रकाश तिवारी, विनोद दुबे, राजीव अग्निहोत्री, सुरेश तोमर, अमोल दीक्षित, विकास मिश्रा, प्रमोद शाक्य, ऊषा दुबे, आशू चौहान, आसिफ सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में शुरू होगी इंग्लिश मीडियम पढ़ाई

- अभावग्रस्त प्रतिभाओं को मिलेगा नया अवसर

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में अब इंग्लिश मीडियम से भी पढ़ाई शुरू होने जा रही है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करने के साथ एनसीईआरटी की किताबें भी वितरित की। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कालेज की प्रार्थना सभा में छात्र छात्राओं व अभिभावकों से सीधा संवाद किया और इंग्लिश मीडियम सेक्शन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। नए शैक्षिक पंचांग के अनुसार पठन-पाठन व सहगामी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। बच्चों को मोबाइल पर कम और किताबों-अखबारों के साथ अधिक समय बिताने की सलाह दी।

वर्ष 1946 में स्थापित इस ऐतिहासिक शिक्षण संस्थान में अब तक हिन्दी माध्यम से कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं व्यवसायिक शिक्षा दी जाती रही है। इस नए शैक्षिक सत्र से कॉलेज प्रबंधन ने क्षेत्र के मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण इंग्लिश मीडियम शिक्षा उपलब्ध कराने का फैसला किया है। प्रबंधक श्रीमती मीनू आलोक गुप्ता और प्रधानाचार्य राधाबल्लभ मिश्र के संयुक्त प्रयासों से इंग्लिश मीडियम सेक्शन की मान्यता के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रस्ताव भेजा गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि इस वर्ष कक्षा 9 से इंग्लिश माध्यम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी, जिसे बाद में कक्षा 6 से 12 तक विस्तार दिया जाएगा। प्रबंधक मीनू आलोक गुप्ता ने कहा हमारे विद्यालय में अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ, डिजिटल लाइब्रेरी, स्मार्ट कक्षाएँ और विशाल खेल मैदान उपलब्ध हैं। योग्य शिक्षकों की टीम के साथ हम इंग्लिश मीडियम में भी उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करेंगे। इस दौरान पूर्व प्रबंधक आलोक गुप्ता, इंग्लिश मीडियम कोऑर्डिनेटर मेजर संदीप कुमार माधव ( रसायन) एवं प्रभारी प्रिया मिश्रा (अंग्रेजी), डॉ अभिषेक कुमार मिश्रा (भौतिकी), वीर प्रताप (जीव विज्ञान), अजय कुमार चौरसिया (गणित), सुरजीत कुमार (संस्कृत), शालिनी बागड़ी (चित्रकला), तसलीम (कंप्यूटर), कौशल नारायण सिंह (सामाजिक विज्ञान) के साथ समस्त स्टॉफ, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट्स, छात्र छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# एथेलेटिक्स प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने किया बेहतर प्रदर्शन

**कन्नौज तिर्वा स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित खेल महोत्सव के फाइनल के उपरांत समापन**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




इंजीनियरिंग कॉलेज तिर्वा में आयोजित वार्षिक खेल महोत्सव उत्क्रीड़ा 2026 का अंतिम दिन उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना से भरपूर रहा। विभिन्न प्रतियोगिताओं के फाइनल मुकाबलों में जहां दर्शन रोमांच से ओतप्रोत नजर आए वहीं प्रतियोगिताओं में सफलता पाने वाले विजेताओं का भी निर्णय हुआ। बताते चलें कि उपरोक्त कॉलेज में आयोजित एथेलेटिक्स प्रतियोगिताओं में खो खो प्रतियोगिता में बालक वर्ग में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग उपविजेता रही। बालिका वर्ग में सीएसई ने अपना दबदबा कायम रखते हुए पहला स्थान पाया। कैरम प्रतियोगिता में बालक वर्ग में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विजेता रही जबकि इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग उपविजेता रही। एथेलेटिक्स प्रतियोगिताओं में 100 और 200 मीटर दौड़ में सीएसई के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और पहले स्थान पर रहे। दोनों स्पर्धाओं में ईएल उपविजेता रही। इसी प्रकार 16 सौ मीटर दौड़ में ईई ने पहला स्थान, इसके बाद सीएसई दूसरे और सिविल इंजीनियरिंग की टीम तीसरे स्थान पर रही।

जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में ईई ने पहला स्थान पाया जबकि ईएल दूसरे और सीई के प्रतिभागी तीसरे स्थान पर रहे। बताते चलें कि कॉलेज में आयोजित खेल महोत्सव के समापन के अंतिम दिन फाइनल में इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्रों ने बढ़ चढकर प्रतिभाग किया।प्रतियोगिताएं अत्यन्त रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक रहीं। कॉलेज के निदेशक मनोज शुक्ला और कॉलेज की टीम ने सफल प्रतिभागियों को बधाई देते हुए हौसला अफजाई की।

# आईजीआरएस शिकायतों में लापरवाही पर डीएम सख्त




**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

- समय सीमा व गुणवत्ता में कमी पर नाराजगी
- जांच के बाद ही निस्तारण के सख्त निर्देश

आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने सख्त रुख अपनाया है। समीक्षा के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज द्वारा समयसीमा का पालन न करने और गुणवत्तापूर्ण आख्या समय से अपलोड न किए जाने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। बताया गया कि संबंधित अधिकारी को पूर्व में कई बार दूरभाष, व्हाट्सएप व पत्राचार के माध्यम से निर्देश दिए गए, लेकिन इसके बावजूद सुधार नहीं हुआ। अप्रैल माह के प्रारंभ में डिफॉल्टर पाए जाने पर उन्हें चेतावनी पत्र जारी किया गया। डीएम ने सभी शिकायतों का समयबद्ध व तथ्यपरक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

इसी क्रम में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. शार्दूल के स्तर पर भी लापरवाही सामने आई है। कई शिकायतों का निस्तारण बिना स्थलीय जांच के कर दिया गया, जिस पर मुख्यमंत्री कार्यालय स्तर से भी असंतोष जताया गया है।

डीएम ने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत के निस्तारण से पहले अनिवार्य रूप से स्थलीय निरीक्षण किया जाए। निरीक्षण के दौरान ली गई फोटो तथा दो स्वतंत्र गवाहों के हस्ताक्षरयुक्त आख्या पोर्टल पर अपलोड की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आईजीआरएस शिकायतों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भविष्य में शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## सकरी खुर्द में घोटाले का खुलासा, प्रधान के अधिकार सीज



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** सदर ब्लॉक के सकरी खुर्द ग्राम पंचायत में वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। प्रधान रिचा कटियार के पति व प्रधान प्रतिनिधि निर्मल कटियार पर सरकारी कार्यों में लाखों रुपये के हेरफेर के आरोप लगे हैं। प्रारंभिक जांच में शिकायत सही पाए जाने पर जिलाधिकारी ने प्रधान के वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि प्रधान प्रतिनिधि ने अपने ससुर के नाम से संचालित फर्म के माध्यम से नियमों को दरकिनार करते हुए सरकारी कार्यों के भुगतान कराए। साथ ही सरकारी जमीन के उपयोग में भी अनियमितता किए जाने की बात जांच में सामने आई है। गांव के निवासी अखिल द्वारा की गई शिकायत के बाद प्रशासन ने मामले की जांच कराई। जांच रिपोर्ट में प्रधान व उनके प्रतिनिधि की भूमिका संदिग्ध पाई गई। इसके आधार पर जिलाधिकारी ने कड़ी कार्रवाई करते हुए विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं। प्रशासन की कार्रवाई से गांव में हलचल मच गई है। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ और सख्त कदम उठाए जाएँगे।

- प्रधान रिचा कटियार के पति व प्रधान प्रतिनिधि निर्मल कटियार पर सरकारी कार्यों में लाखों रुपये के हेरफेर के आरोप लगे

## गांव-गांव पहुंचा संचारी रोग नियंत्रण अभियान में विभागों का समन्वय

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जनपद में संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान तेज गति से संचालित किया जा रहा है। सोमवार को विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में व्यापक गतिविधियां आयोजित की गईं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक करना और उनके प्रभावी नियंत्रण के लिए जनभागीदारी बढ़ाना है। दस्तक अभियान के तहत हसेरन ब्लॉक के फूलपुर और तालग्राम के बरौली गांव में आशा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों को स्वास्थ्य शिक्षा दी। इस दौरान साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, मच्छरों से बचाव और संक्रामक रोगों के लक्षणों के बारे में जानकारी दी गई। पशुपालन विभाग की टीमों ने सौरिख के मलिकपुर, जलालाबाद के मिरगावां, छिबरामऊ के विशुनगढ़ और कन्नौज ब्लॉक के गदनपुर गांव में पशुओं की देखभाल और पशुजनित रोगों से बचाव के उपाय बताए।

# आठवीं पास छात्रों की प्रवेश टैक शिक्षा पोर्टल पर एंट्री अनिवार्य

**गुरसहायगंज,कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिला विद्यालय निरीक्षक, कन्नौज पप्पू सरोज जनपद के सभी राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य को निर्देश जारी करते हुए कहा गया है कि कक्षा 8 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के प्रवेश की प्रक्रिया को स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत पूर्ण रूप से ऑनलाइन किया जाए।

जारी पत्र के अनुसार, शैक्षिक सत्र 2026 प्रारंभ हो चुका है और कक्षा 9 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का विवरण ट्रैक शिक्षा पोर्टल (www.trackshiksha.in) पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाना है। यह प्रक्रिया ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम (OMSSE) के माध्यम से की जाएगी, जिससे प्रवेश प्रक्रिया की पारदर्शिता और निगरानी सुनिश्चित हो सके। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि सभी विद्यालय अपने-अपने यू-डायस (DISE) कोड के माध्यम से पोर्टल पर लॉगिन कर छात्र-छात्राओं की एंट्री समय से पूर्ण करें। साथ ही, शिक्षकों और संबंधित स्टाफ को OMSSE से जुड़े प्रशिक्षण वीडियो के माध्यम से आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आती है, तो इसके समाधान के लिए संबंधित कंप्यूटर सहायक से संपर्क करने की व्यवस्था भी की गई है।

## टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने निकाला जुलूस

**कन्नौज।** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले सोमवार को शिक्षकों ने टीईटी अनिवार्यता के विरोध में मशाल जुलूस निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। जुलूस पुराने बीएसए कार्यालय से शुरू होकर तिर्वा क्रासिंग स्थित सरायमीरा में डॉ. राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा स्थल तक पहुंचा, जहां शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। महासंघ के जिला संयोजक सुशील कुमार यादव ने कहा कि आरटीई एक्ट लागू होने से पहले से कार्यरत शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता थोपना अनुचित है। इससे प्रदेश और देश के लाखों शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस निर्णय को वापस लेने के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर यह प्रदर्शन किया गया है। जिला संयोजक प्रवीन पाठक ने कहा कि पूर्व सेवारत शिक्षकों पर नई शर्तें लागू करना व्यावहारिक नहीं है।

# परीक्षा परिणाम हुआ घोषित, तेजस्व ने मारी बाजी




**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

तिर्वा नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विगत दिन आयोजित हुई प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। बताते चलें कि, विद्यालय में आयोजित हुई कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा को विगत दिन संपन्न कराया गया था। जिसका परिणाम सोमवार को घोषित कर दिया गया।

विद्यालय में बंदना सत्र के बाद आयोजित कार्यकम में कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा में छात्र तेजस्व त्रिपाठी पुत्र सुशील त्रिपाठी को सर्वाधिक अंक प्रदान हुए हैं और वह प्रथम स्थान पर रहे। परीक्षा की वरीयता सूची में अपना बेहतर स्थान पाने वाले छात्र को विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने विद्यालय के आचार्यों के साथ शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रधानाचार्य ने कहा कि, विद्यार्थी जीवन में अनुशासन और परिश्रम ही सफलता की कुंजी है, इस वक्तव्य को तेजस्व ने साकार किया है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यालय के अन्य भइया बहनों को भी ज्ञानार्जन का पाठ पढ़ाया। सफलता पाने वाले छात्र के उज्वल भविष्य की कामना के साथ विद्यालय के आचार्यों ने भी उज्वल को बधाई दी है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के भइया बहनों के अलावा आचार्य मौजूद रहे।

# क्षेत्रीय विक्रय मैनेजर राहुल कुमार को दी गई विदाई

**गुरसहायगंज,कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्रीय विक्रय मैनेजर राहुल कुमार का कार्यकाल संस्था के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा है उनके कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन अटूट धैर्य और प्रभावशाली नेतृत्व ने न केवल कार्य संस्कृति को मजबूत किया बल्कि टीम को नई दिशा भी प्रदान की उनके साथ बिताया गया समय सभी के लिए सीख और अनुभव से भरा एक महत्वपूर्ण सफर रहा है। यह विचार पीके गैस एजेंसी गुरसहायगंज के स्वामी डॉक्टर पी के कटियार ने प्रकट किये। क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक एलपीजी इटावा बिक्री क्षेत्र राहुल कुमार के सम्मान मे आयोजित विदाई एवं सम्मान समारोह में उन्होंने कहा कि राहुल कुमार ने अपने सहकर्मियों से सरल स्वभाव सहयोगी भावना और सकारात्मक सोच का भाव रखा है जिसे कभी बुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि उनका व्यक्तित्व सदैव प्रेरणा देता रहेगा। इस दौरान एचपी गैस स्वामी डॉ पीके कटिहार ने क्षेत्रीय बिक्री मैनेजर राहुल कुमार को स्मृति चिन्ह तथा पुष्प कुंज भेंट कर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने बताया कि राहुल कुमार ने मई 2022 को कार्यभार ग्रहण किया था जब से लगातार उन्होंने कंपनी के लिए कार्य किया है उन्होंने बताया कि उनका स्थानांतरण क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ में किया गया है कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर पीके कटियार ने किया। कार्यक्रम होटल सपना बाईपास हाईवे में आयोजित किया गया। विदाई समारोह का माहौल भावुक रहा, जहां सभी ने उन्हें शुभकामनाओं के साथ नई जिम्मेदारियों के शुभकामनाओं के साथ विदाई दी । कार्यक्रम समापन के बाद प्रीत भोज का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक राहुल कुमार ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कहा कि सभी लोगों ने अपार स्नेह प्यार दिया है इसको कभी बुलाया नहीं जा सकता है। इस मौके पर एचपी गैस के स्वामी डॉक्टर पी के कटियार प्रबंधक अमित दुबे एसपी उपाध्यक्ष नीरज यादव सिद्धार्थ भदोरिया कौशल किशोर सिंह प्रदीप कुमार दुर्गेश पांडे शाहिद वितरक एवं स्टाफ इटावा बिक्री क्षेत्र मौजूद रहा।

# कार की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुत्र के साथ खेत से बाइक द्वारा घर जा रहे किसान की तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिससे किसान की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि उसका पुत्र घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। जिससे पुलिस के हाथपैर फूल गये। सूचना पर उपजिलाधिकारी व सीओ तथा अन्य थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गयी। किसी तरह परिजनों को समझाकर शांत कराया और जाम खुलवाया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

**▸ परिजनों ने सड़क पर शव रखकर लगाया जाम**

जानकारी के अनुसार गांव हईपुर निवासी रिंकू पुत्र हरीदास अपने 12 वर्षीय पुत्र शिवदीप के साथ बाइक से लगभग ढाई बजे खेत से घर बापस आ रहा था। उसी दौरान गांव बेग के निकट पेट्रोल पंप के सामने पहुँचते ही फर्रुखाबाद की ओर से तेज रफ्तार से आ रही कार के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार रिंकू व उसका पुत्र शिवदीप सड़क पर गिर गया। उसी दौरान रिंकू कार में फंसकर सड़क पर घिसटता हुआ काफी दूर तक चला गया। इसी दौरान अनियंत्रित कार पेट्रोल टंकी की दीवार को तोड़ती हुई सड़क किनारे खेत में उतर गई। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने कार के चालक को पकड़कर बिठा लिया। इसी बीच रिंकू की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने रिंकू के शव को सड़क से उठाकर जीप में रख लिया। उत्तेजित परिजनों व ग्रामीणों ने रिंकू के शव को पुलिस की जीप से उतारकर सड़क पर रख लिया और नवाबगंज फर्रुखाबाद मार्ग पर जाम लगा दिया। पुलिस ने जाम लगाए लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण किसी उच्चाधिकारी को मौके पर बुलाने की जिद पर अड़ गए। जिससे पुलिस की महिलाओं से नोंकझोंक भी हुई। जिला पंचायत सदस्य यशवीर सिंह आर्य ने भी मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने का प्रयास किया। लगभग एक घंटे बाद मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी सदर रजनीकांत व मोहम्मदाबाद सीओ अजय वर्मा ने लोगों को समझाने का प्रयास शुरू किया। घटनास्थल पर मऊदरवाजा थानाध्यक्ष अजब सिंह, मोहम्मदाबाद प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, थाना जहानगंज प्रभारी निरीक्षक पूनम अवस्थी, पुलिस बल के साथ पहुंचे। मौजूद अधिकारी व पुलिस बल के समझाने पर लगभग डेड़ घंटे बाद परिजनों ने शव को सड़क से हटाकर पेट्रोल पंप के सामने रख लिया। इसके बाद मार्ग पर आवागमन शुरू हो सका। मृतक के पिता हरिदास, पत्नी विनीता देवी, 14 वर्षीय पुत्री वर्षा, 12 वर्षीय पुत्र शिवदीप, 7 वर्षीय पुत्र कृष्णा व बड़ा भाई विमल सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। शाम लगभग सवा पांच बजे मृतक के पिता हरीदास ने जनपद एटा के थाना अलीगंज के मोहल्ला मेवातियान निवासी कार के चालक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।


मृतक का फाइल फोटो


परिजनों को समझाते सीओ

# कृषक गोष्ठी सम्पन्न में आधुनिक तकनीक व वैज्ञानिक सर्वे पर जोर

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बा अमृतपुर स्थित ठाकुर मदनपाल सिंह गेस्ट हाउस में सोमवार को डीसीएम रूपापुर शुगर मिल द्वारा कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सुशील शाक्य मौजूद रहे। रूपापुर चीनी मिल के अधिकारियों ने किसानों को गन्ने की पैदावार बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अधिकारियों ने बताया कि गन्ने की बुवाई के समय कतारों के बीच 3 से 4 फुट की दूरी रखना आवश्यक है। जिससे पौधों को पर्याप्त पोषण और धूप मिलती है तथा उत्पादन में वृद्धि होती है। इसके साथ ही उन्नत किस्मों के बीज, समय पर सिंचाई, संतुलित उर्वरक उपयोग और रोग नियंत्रण के वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने पर जोर दिया गया। मिल प्रबंधन ने बताया कि आधुनिक कृषि यंत्रों के प्रयोग से लागत घटाई जा सकती है और उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। रूपापुर में किसानों के लिए कृषि यंत्र किराये पर उपलब्ध हैं। वहीं गन्ना विभाग की ओर से काटू गोल्ड दवा के उपयोग की जानकारी दी गई। जिससे आवारा पशुओं से फसल की सुरक्षा की जा सकती है। एक एकड़ में इसकी लागत लगभग 920 रुपये बताई गई। विधायक सुशील शाक्य ने कहा कि किसान परंपरागत खेती के साथ नई तकनीकों को अपनाएं और एफपीओ बनाकर अपनी आय बढ़ाएं। इस दौरान रूपापुर समिति के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, जिला गन्ना अधिकारी डॉ0 सुधीर गुप्ता, जीएम केन अतिउल्लाह सिद्दीकी, मोईन अली, चारु उपाध्याय, उप महाप्रबंधक सरदार सिंह राणा, मैनेजर विनोद सिसोदिया, सुपरवाइजर सत्येंद्र सिंह, संदीप दीक्षित, शिवम त्रिवेदी, अवनीश शुक्ला, विवेक सिंह, उमेश सिंह, उपदेश त्रिवेदी, कुलदीप वर्मा मौजूद रहे।

# अंबेडकर जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का हुआ आयोजन


श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मौजूद सांसद व विधायक

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर कस्बा अमृतपुर स्थित अंबेडकर पार्क में भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांसद मुकेश राजपूत व अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर को नमन किया। सांसद मुकेश राजपूत ने बाबा साहब की प्रतिमा की साफ-सफाई से की गई। उन्होंने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक सुशील शाक्य ने भी पुष्प अर्पित करते हुए बाबा साहब के विचारों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। बाबा साहब अमर रहें के नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। लोगों ने धूपबत्ती और दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। नेताओं ने बताया कि अंबेडकर जयंती के अवसर पर मंगलवार को अमृतपुर स्थित अंबेडकर पार्क में सुबह 10 बजे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिनमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी और बाबा साहब के विचारों का व्यापक प्रचार.प्रसार किया जाएगा। इस मौके पर जितेन्द्र प्रताप सिंह, भास्कर दत्त द्विवेदी, नीरज अवस्थी, आलोक बाजपेई, विश्व प्रताप सिंह उर्फ चीनू, जितेन्द्र प्रताप सिंह, संदीप तिवारी, रक्षपाल कुशवाहा, अनुभव चित्रांश, जय पाल कुशवाहा, सुशील, राजेश, नरेश उपस्थित रहे।

**▸ सांसद व विधायक ने प्रतिमा की साफ-सफाई**

# अज्ञात कारणों से झोपड़ी में लगी आग, लाखों का नुकसान


आग के बाद का दृश्य

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात कारणों से दिव्यांग वरिष्ठ नागरिक की झोपड़ी में आग लग गई। दंपति जब तक कुछ समझ पाते तब तक गृहस्थी का सामान व एक बकरी जलकर राख हो गई। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। क्षेत्र के गांव नुनेरा निवासी वरिष्ठ नागरिक दिव्यांग सुरेश कश्यप पत्नी सुनीता की झोपड़ी में सोमवार दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गई। दोपहर के समय वह झोपड़ी में नहीं थे। वह खेत पर बकरी के लिए चारा लेने गए थे। तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। जबतक वह घर पहुंचे तब तक गृहस्थी का सामान, झोपड़ी में बंधी बकरी जलकर राख हो गई। मौके पर पहुंचे दंपति नुकसान देखकर बिलखने लगे। लगभग दो दिन पूर्व भी घर के आगे पड़ी झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई थी। जिनसे एक लाख रुपए का अनाज, भूसा व अन्य समान जल गया था। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित ने रंजिश में झोपड़ी में आग लगाने का आरोप लगाया। क्षेत्र के गांव खेमपुरा निवासी रामसिंह की झोपड़ी गांव के किनारे पड़ी है। जिसमें भूसा भरा हुआ था। रविवार शाम किसी व्यक्ति ने झोपड़ी के निकट पड़े कूड़े के ढेर में आग डाल दी। जिससे धीरे धीरे आग झोपड़ी में लग गई। जिससे झोपड़ी के पास में रखे रामनाथ, भूरे, रामसिंह व सियाराम के उपलों के ढेर में आग लग गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की मदद से ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया।

# विवाहिता की उपचार के दौरान मौत

## दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने मारपीट कर खिला दिया था जहरीला पदार्थ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

प्रेम प्रसंग में विवाह हो जाने के बाद ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज की खातिर विवाहिता को मारपीट कर जहरीला पदार्थ खिला दिया। जिससे उसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी 27 वर्षीय प्रीती ने प्रेम प्रसंग के चलते बिना परिजनों की सहमति से लगभग ढार्ड वर्ष पूर्व मोहल्ले के रामू वाल्मीक पुत्र राज किशोर के साथ विवाह किया था। परिजनों के अनुसार पति दहेज के खातिर उनकी बेटी प्रीती के साथ मारपीट करता था। बीते दिन रविवार को रामू ने उनकी बेटी को बेरहमी से पिटाई कर जहरीला पदार्थ पिला दिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहाँ उपचार के दौरान सोमवार को प्रीती की मौत हो गई। मौत की सूचना पाते ही मृतका की माँ धनदेवी ने दामाद पर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुँचे कस्वा चौकी इन्चार्ज अंकुर भाटी ने जाँच पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए।

पुलिस ने मृतका प्रीती के शव का पंचनाम भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।


गुमशुम बैठे मृतका के परिजन

# खालसा पंथ के 327वें स्थापना दिवस पर निशान साहिब की सेवा की गई


निशान साहिब की सेवा करते सेंटर कमाण्डर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

खालसा पंथ के 327वें स्थापना दिवस पर सिखलाइट स्थित गुरुद्वारे में स्थापित हाइड्रोलिक निशान साहिब की सेवा की गयी और अखण्ड पाठ साहब का शुभारम्भ हुआ। गुरुद्वारा के ज्ञानी सरदार सर्वजीत सिंह ने विधि विधान से अरदास करके निशान साहब को उतरवाया। फिर उन्हें प्रणाम कर पुराने वस्त्र उतारकर जल से स्नान करवाया। उसके पश्चात दुग्ध स्नान करके नये वस्त्र पहनाये गये। सेंटर कमाण्डर बिग्रेडियर मनीष कुमार जैन, सेंटर सूबेदार मेजर कैप्टन जसवीर सिंह सहित सेंटर में उपस्थित अधिकारियों जेसीओ व जवानों ने इस सेवा में भाग लिया। स्नान के बाद स्थापित निशान साहब को सशस्त्र सलामी गार्ड 40 राउंड फायर करके सलामी दी तथा बैण्ड ने देहि शिवा वर की धुन बजायी। गुरुद्वारे में ज्ञानी जी ने सेंटर व देश की खुशहाली व तरक्की के लिए मन्नत मांगी। मंगलवार को अखण्ड साहिब की समाप्ति के साथ ही लंगर का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए नगर के सिक्ख समुदाय के साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है।

### 13 अप्रैल 1699 को हुआ था खालसा पंथ का उदय

**फर्रुखाबाद।** 13 अप्रैल 1699 को गुरु गोविंद सिंह ने आनंदपुर साहिब के बैशाखी मेले में आयी हुई संगत से 5 सिर मांगे थे। पूरे मेले में सन्नाटा सा छा गया था। फिर एक व्यक्ति आगे गुरु जी उसे लेकर टेंट में गये। जब बाहर निकले तो उनकी तलवार पर खून लगा था। गुरु जी ने फिर से वही किया 5 सिर चाहिए, फिर एक व्यक्ति हिम्मत करके सामने आया। गुरु जी ने वही दोहराई। इस प्रकार जब पांच लोग हो गये तो गुरु जी फिर टेंट गये और सजे हुए नये वेश में उन पांचों लोगों के साथ बाहर आये। ये गुरु के पंच प्यारे कहलाये। जिसके नाम दया सिंह, धर्म सिंह, हिम्मत सिंह, मोहकम सिंह, साहिब सिंह थे। गोविंद सिंह ने उन्हें खालसा पंथ में दीक्षित किया और अमृतपान कराया। फिर उन्हीं चेलों से खुद भी दीक्षित हुए। अपना नाम गोविंद राय से बदलकर गोविंद सिंह कर लिया। यहीं से खालसा पंथ की शुरुआत होती है। खालसा पंथ के मानने वाले सिक्खों को पांच निशानियां धारण करने का हुक्म दिया। कच्छ, कड़ा, कृपाण, कंधा और केश। साथ ही पुरुषों को नाम के आगे सिंह और नारियों को कौर शब्द का संबोधन लगाना होगा। सिक्ख संगत आज भी इनका पालन करती है।

### सेना का पहला हाइड्रोलिक निशान साहिब

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ स्थित गुरुद्वारे में सेना का पहला हाइड्रोलिक निशान साहिब लगाया गया। 22जेएएन2017 को बेस्ट रिक्रूट बिक्कर सिंह ने इसका उद्घाटन किया था। इससे पहले स्टेवायर द्वारा निशान साहिब को खड़ा रखा जाता था। आज इसी निशान साहिब को सेवा में पूरा सिखलाइट सेंटर जमा हुआ था। सेवा में सेना के अधिकारियों जेसीओ व जवानों ने श्रद्धापूर्वक सिर झुकाकर हाथ बांधकर निशान साहिब को सम्मान दिया। 80 फुट ऊंचे इस निशान साहिब को कमांडट कविन्दर सिंह के कार्यकाल में लगाया गया था।

# डीएम ने की ग्राम प्रधानों से योजनाओं की प्रगति समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों के साथ फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी एवं आयुष्मान कार्ड के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीएम ने संबंधित अधिकारियों एवं ग्राम प्रधानों से योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद के सभी पात्र किसानों की फार्मर रजिस्ट्री शीघ्र पूर्ण कराई जाए, जिससे किसानों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ समय से प्राप्त हो सके। इसके साथ ही फैमिली आईडी निर्माण की प्रगति पर विशेष जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवार का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं लक्षित तरीके से दिया जा सके। डीएम ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु ग्राम प्रधानों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिससे उन्हें निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलती है। बैठक में अच्छा कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों की सराहना की गई तथा अन्य प्रधानों को भी लक्ष्य पूर्ण करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी ग्राम पंचायतों में खुली बैठक कर सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय सीमा में लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।


बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारी

# विधायक ने धर्मार्थ योजना के तहत हो रहे सड़क निर्माण का किया शिलान्यास

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत नवाबगंज के मुहल्ला सिकंदरपुर नहरोसा से शिव मंदिर तक लगभग सड़क का निर्माण सरकार की धर्मार्थ योजना के तहत होना स्वीकृत हुआ है। निर्माण की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को दी गई है। सोमवार मौके पर पहुंची कायमगंज विधायक डॉ0 सुरभि ने सड़क के निर्माण का शिलान्यास किया।

इस दौरान उन्होंने सड़क का निर्माण करा रही संस्था को कार्य गुणवत्ता पूर्ण व समय से पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण से शिवमन्दिर तक आने जाने वाले लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही मेरे द्वारा विधान सभा कायमगंज में 300 से 400 सड़कों का निर्माण कराया गया है। इसके साथ ही अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्य भी कराए जा रहे है।

इस मौके पर सभासद पवन कुमार, सालिकराम गंगवार, मदारी गंगवार, कुलदीप कुमार, रूकुमपाल आदि लोग मौजूद रहे।


शिलान्यास करती विधायक

### पिकअप व बाइक की भिड़ंत दो घायल, एक रेफर

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** इटावा-बरेली हाईवे पर पासिंगपर के पास पिकअप व बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे में अनियंत्रित हुई बाइक ने सामने से आ रही दूसरी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उस पर सवार दो लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर डायल 112 और डायल 108 की टीमें मौके पर पहुंचीं। घायलों की पहचान मुरास कन्हैया निवासी छोटे लाल के 1 4 वर्षीय पुत्र आदित्य राजपूत और उनके जीजा हरिओम पुत्र रामदास के रूप में हुई है। वे दोनों फिरोजाबाद जनपद के ऐका थाना क्षेत्र स्थित नगला तुला गांव में हरिओम के घर जा रहे थे। पिकअप की टक्कर से अनियंत्रित हुई बाइक ने इनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों जीजा-साले घायल हों गए। घायलों को सामदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद भेजा। ड्यूटी पर तैनात डॉ. जितंद्र यादव ने प्राथमिक उपचार के बाद आदित्य राजपूत को जिला अस्पताल राम मनोहर लोहिया रेफर कर दिया। हरिओम का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है।

# खेतों में सड़क निर्माण को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** गंगा पार क्षेत्र का किसान आए दिन समस्याओं से जूझता रहता है। इस क्षेत्र में अधिकतर आलू की फसल होती है जो इस वर्ष सस्ते भाव के चलते नुकसानदायक साबित हुई। फिर भी किसान अपने अस्तित्व को बचाए रखने के लिए लगातार संघर्ष करता रहता है, लेकिन जब उसकी जमीन ही मुसीबत में पड़ जाए तो वह इसे बचाने के लिए कोई भी जंग लड़ने के लिए तैयार हो जाता है। कस्बा निवासी किसान राजेश सिंह शिवपाल सिंह नाहर सिंह घनश्याम सिंह, कृष्ण पाल सिंह, रमेश, विजय प्रकाश आदि लोगों ने उप जिलाधिकारी को संबोधित प्रार्थना पत्र तहसीलदार अभिषेक कुमार को दिया। जिसमें दर्शाया गया कि मौजा जटपुरा अमृतपुर के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा चक मार्ग गाटा संख्या 472 जिसकी चौड़ाई 4 मी, गाटा संख्या 542 जिसकी चौड़ाई 2 मीटर है। इस पर 9 मीटर चौड़ाई से पक्की सड़क निर्माण का कार्य बिना किसानों की सहमति के किया जा रहा है। अगर भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है तो फिर इस का मुआवजा भी किसानों को मिलना चाहिए। इस चकमार्ग से लगे किसानो की कृषि योग्य भूमि पर खड़ी फसलों को काफी नुकसान हो रहा है। ऐसी स्थिति में निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से निरस्त कर अभिलेखों के आधार पर ही चकमार्ग की चौड़ाई प्रस्तावित कर कार्य किया जाना चाहिए। परंतु ऐसा नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में जांच के उपरांत आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिससे अवैध कार्य को रोका जा सके और किसानों को नुकसान भी ना हो। यह मांग पत्र किसानों ने तहसील प्रांगण में पहुंचकर अधिकारी को सौंप दिया। उन्होंने जांच के उपरांत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

**चकमार्ग से लगे किसानो की कृषि योग्य भूमि पर खड़ी फसलों को काफी नुकसान हो रहा है**

# भुजबल भूमि भूप बिनु कीन्ही, विपुल बार महिदेवन्ह दीन्ही



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान विष्णु ने परशुराम अंश के रूप में उस भृगु कुल में अवतार लिया। जिस भृगु के पाद-प्रहार को अपने वक्षः स्थान पर सहा। भगवान परशुराम ने अपना सार जीवन वनों में बिताया। पशु-पक्षियों, फूल व फलों एवं वृक्षों के प्रति सदा-सदा के लिए यह जीवन्त रहे। उन्होंने प्रकृति को हरा भरा करने के लिए कई बार वृक्षों व नदियों को संरक्षित करने का काम किया।

**परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष**


डॉ. अविनाश पाण्डेय

**डॉ. अविनाश पाण्डेय** ने बताया कि अन्याय व अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने की शिक्षा परशुराम से मिलती है। अन्याय को कभी उन्होंने सहन नहीं किया। उनके कार्य में जो भी बाधा खलता था उसका वह कड़ा विरोध करते थे। इसी के चलते उन्होंने 21 बार पृथ्वी से आतताइयों का अंत किए और भगवान शिव के वह अनन्त भक्त थे। परशुराम का जन्मोत्सव 19 अप्रैल को है, क्योंकि तृतीया तिथि का प्रदोष काल उसी दिन पड़ रहा है।


विमलेश मिश्रा

**हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा** ने बताया कि परशुराम ने समस्त जगत का कल्याण व धरती पर वैदिक संस्कृति का प्रचार कर लोगों में आस्था जगायी थी। यह हमेशा अपने माता-पिता व गुरुओं की आज्ञा का पालन करते थे। हर वक्त बड़ों का आदर व सम्मान उनके स्वभाव में था। उन्होंने जीवन में किसी की अवहेलना नहीं की। वह प्रकृति प्रेमी थे। परशुराम श्रीहरि विष्णु के छठे अवतार हैं।


प्रमोद दीक्षित

**राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला महामंत्री प्रमोद दीक्षित** ने बताया कि परशुराम की जयंती हिन्दू पंचांग के अनुसार वैशाख माह की शुक्ल पक्ष तृतीया को मनायी जाती है। अक्षय तृतीया के दिन परशुराम का अवतरण हुआ था। विष्णु के छठे अवतार परशुराम ने राजा सहस्त्रबाहु के अत्याचारों को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए अवतार लिया था। परशुराम जन्मदिन के दिन से ही त्रेता युग की शुरुआत हुई थी।

# अपहरण करने वाले आरोपी ने पुनः युवती का किया अपहरण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपहरण का मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बाद आरोपी पुनः युवती का अपहरण ले गया। इस संबंध में पीड़िता ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम चिलसरा ढइया निवासी पीड़िता ने अपने अधिवक्ता मुदित यादव के माध्यम अपर जिला जज एफटीसी प्रथम न्यायाधीश संजय कुमार के समक्ष एक प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें बताया कि मेरी पुत्री को अनमोल कश्यप ने अपहरण किया था। जिसका मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़िता ने बताया कि 7 अप्रैल 2026 न्यायलय में उपस्थित होकर बयान दर्ज कराए थे। जिरह हेतु 17 अप्रैल की तिथि नियत की गई है। मुलजिम अनमोल कश्यप पुनः 12 अप्रैल को गायब कर दिया। जिसकी सूचना पुलिस को दी तो पुलिस ने कहा कि आप ढूंढो हम भी खोजते है। मुझे अंदेशा है कि मेरी पुत्री को अनमोल व उसके परिजनों ने हत्या कर शव गायब कर दिया। न्यायाधीश ने प्रार्थना पत्र की सुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक को आवश्यक कार्यवाही करने का आदेश दिया। कार्यवाही करने के बाद सुनिश्चित करे।

**▸ जिरह के लिए लगी थी 17 अप्रैल की तिथि**
**▸ परिजनों ने हत्या करने का लगाया आरोप**

### बहू ने वृद्ध सास को मारपीट कर किया घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बहू ने सास को मारपीट करघायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल वृद्धा का मेडिकल परीक्षण कराया।

तहसील क्षेत्र के गाँव आजमपुर निवासी 60 वर्षीय मौरश्री पत्नी प्रेमपाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि उनके पति ने अपने इकलौते बेटे आनन्द की पत्नी रीता के नाम खेत की वसीयत कर दी। उसके बाद वह घर में रखी कोई भी चीज में हाथ नहीं लगाने देती है। सोमवार सुबह को हमने कपड़े धोने के लिए तशला निकाला। उसी दौरान बहू ने हमारे हाथों से तशाला छीनकर पिटाई कर दी।पुलिस ने वृद्धा का मेडीकल परीक्षण करवाया।

# शिक्षकों ने टीईटी अनिवार्यता के विरोध में बाइक रैली निकाल दिखायी ताकत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के राष्ट्रीय आवाह्न पर सोमवार को पूरे देश में पुराने शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता के विरोध में मशाल जुलूस व बाइक रैली का आयोजन किया गया। जनपद में विशाल बाइक रैली का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शामिल होकर टीईटी लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्य किये जाने का विरोध किया। महासंघ के संयोजक भूपेश पाठक ने कहा कि सरकार द्वारा यह काला कानून वापस नहीं लिया जता है तो आर-पार की लड़ाई लड़ी जायेगी। अटेवा के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव ने कहा कि टीईटी परीक्षा लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर

### ▸ काले कानून को वापस नहीं लिया गया तो जारी रहेगा आंदोलन

टीईटी अनिवार्य करना बहुत ही अन्याय पूर्ण है। टीईटी अनिवार्यता समाप्त होने तक विरोध जारी रहेगा। अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि खेल के मध्य में खेल के नियम नहीं बदले जाते। टीईटी परीक्षा से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर इसे लागू करना असंवैधानिक है। महासंघ के सह संयोजक आलोक द्विवेदी ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता लागू करना शिक्षकों के अस्तित्व पर प्रहार है। सह संयोजक प्रवेश कटियार ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता समाप्त होने तक सरकार को इस काले कानून को समाप्त करना ही पड़ेगा, अन्यथा विरोध जारी रहेगा। सह संयोजक सुजीत कुमार ने कहा कि टीईटी की अनिवार्यता गलत है। क्योंकि हम सभी तत्कालीन परीक्षा पास कर ही शिक्षक भर्ती में आये थे। सह संयोजक सर्वेश त्रिवेदी ने कहा कि हम सभी शिक्षक सरकार के इस असंवैधानिक नियम का विरोध करते है। शिक्षक आरेन्द्र यादव ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र का निर्माता है और उस पर 20 से 30 साल बाद परीक्षा थोपना भारत के भविष्य से खिलवाड़ है। पूर्व माध्यमिक हाईस्कूल शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष मजहर मोहम्मद ने कहा कि सभी शिक्षक एक स्वर में टीईटी अनिवार्यता का विरोध करते है। जब तक सरकार इस कानून को समाप्त नहीं करती विरोध जारी रहेगा। सह संयोजक जितेन्द्र सिंह ने कहा कि सरकार टीईटी अनिवार्यता का कानून वापस लें, नहीं तो सड़क से लेकर सदर तक विरोध करते रहेंगे। अनुराग पाण्डेय ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता को समाप्त किया जाये।



बाइक रैली निकाल विरोध जातते शिक्षक

इस मौके पर सुषमा मिश्रा, रेखा सिंह, नीता शाक्य, गायत्री यादव, मीनाक्षी, रेनू शुक्ला, अमिता तिवारी, शालिनी मित्तल, रश्मि अरोड़ा, रेशमा आर्या, दीप्ती कनौजिया, सबा तुफैल, रामेंद्री, दीप्ती कटियार के अलावा भूपेश प्रकाश पाठक, आलोक द्विवेदी, सर्वेश त्रिवेदी, प्रवेश सिंह राठौर, मनोज कुमार, सुजीत कुमार आदि शिक्षक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# मिनिस्ट्री ऑफ रेलवे बोर्ड के अधिवक्ता बने सलीम राजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत सरकार मिनिस्ट्री ऑफरेलवे बोर्ड द्वारा अधिवक्ता सलीम राजा को पैनल एडवोकेट नियुक्त किया गया है। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय द्वारा अधिवक्ता सलीम राजा को पैनल में शामिल किया गया है।

अब वह अधिवक्ता रहते हुए रेलवे संबंधित मुकदमों का प्रबंधन करेंगे और सूचीबद्ध मामलों पर निगरानी रखते हुए रेलवे प्रशासन के हितों में कार्य करेंगे।

डीजीएम आलोक कुमार ने हस्ताक्षर कर अधिवक्ता सलीम राजा को रेलवे बोर्ड द्वारा पैनल एडवोकेट नियुक्त किया है। रेलवे बोर्ड पैनल एडवोकेट बनने पर सलीम राजा का अधिवक्ताओं ने स्वागत किया और मिष्ठान खिलाकर बधाई दी।



अधिवक्ता सलीम राजा

# किसानों की समस्याओं को लेकर लोकदल ने पीएम को भेजा ज्ञापन



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते विजेन्द्र सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय लोकदल के मण्डल अध्यक्ष विजेन्द्र सिंह यादव ने किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि भारत का किसान निर्धन एवं साधनहीन है, इस कारण कृषि की लागत अधिक व फसलों का उचित मूल्य न मिल पाने के कारण किसान की आर्थिक स्थित खराब है। एमएसपी लागू होने के बावजूद भी दलालों/ विचौलियों के कारण किसानो को एमएसपी का लाभ नहीं मिल पा रहा है। असमय आंधी तूफान, भारी बारिश व ओलावृष्टि के कारण किसानों की खेत मे खड़ी रवी की फसलों गेहूँ, सरसों एवं आम की फसलों की अपूर्णनीय क्षति हुयी है। कमालगंज देवरान गढ़िया से कडहरबारमऊ थाना व विकाश खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद में बना गंगा नदी पर पुल का निर्माण पूर्ण हो चुका है, किन्तु अभी तक पुल का उदघाटन न होने के कारण बड़े बड़े पत्थरो से पुल का रास्ता अबरुद्ध कर दिये जाने के कारण पुल पर आवागमन नहीं हो पा रहा है। इस कारण आने जाने वालों को नाव के उपर अपनी मोटरसाइकिल आदि चढ़ाकर गंगा जी को पार करनी पड़ती है। जिससे गंगा मे डूबने जैसी बड़ी दुर्घटना होने जैसी सम्भावना बनी रहती है। पुल पर आवागमन सीघ्र प्रारम्भ कराये जाने की मांग की है।

## विज्ञान भारती की बैठक में वीपीएम-26 का ब्रोशर लॉन्च



ब्रोशर लांच करते पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विज्ञान भारती की बैठक बढ़पुर स्थित राजपूताना होटल के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम-26) का ब्रोशर आधिकारिक रूप से लॉन्च किया गया। अध्यक्षता विज्ञान भारती के उपाध्यक्ष संदीप सिंह राठौर ने की। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई और सदस्यों की जिम्मेदारियां तय की गई। संयोजक महेश चंद्र उपाध्याय ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। सचिव मनोज चतुर्वेदी ने बताया कि जिले के बच्चों को वैज्ञानिक रूप से जागरूक बनाना मुख्य उद्देश्य है। विज्ञान भारती 03 मई को विज्ञान मेला कार्यक्रम आयोजित कर रही है। जिसमें विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के कक्षा-6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जा सकता है। बैठक में धीरेन्द्र कुमार वर्मा, डॉ0 बृजेश मिश्र, अमृतांशु बाजपेयी, हिमांशु शुक्ला, आशीष द्विवेदी, प्रीती सिंह, चंद्र किशोर कटियार, अमित, मानसी द्विवेदी सहित मौजूद रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच के स्थापना दिवस पर स्वच्छता प्रहरी हुए सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छता प्रहरियों को सम्मानित किया गया। फतेहगढ़ स्थित शिव वाटिका के सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि ईश्वर दास ब्रह्मचारी रहे। उन्होंने अपने मुखार बिंदु से कहा कि स्वच्छता प्रहरियों का सम्मान बहुत जरुरी है। क्योंकि वह भी अभिन्न अंग है। विशिष्ट अतिथि कृष्णकांत अक्षर ने सुरक्षा स्वच्छता प्रहरियों के सम्मान पर चर्चा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेकानंद आचार्य ने सभी अतिथियों का स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रीती तिवारी ने कहा कि समाज को एकजुट करने हेतु प्रत्येक व्यक्ति संघर्षरत है। राष्ट्रीय सचिव बबिता पाठक ने कहा कि स्वच्छता प्रहरी समाज में हमेशा अपनी अग्रणी भूमिका निभाते है। उनका सम्मान देश के प्रधानमंत्री ने किया। हम भी उनका अनुसरण कर रहे है। जिलाध्यक्ष रामवीर सिंह ने आये हुए लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। महानगर अध्यक्ष अनिल तिवारी ने कहा कि सफाई प्रहरी हमारे समाज की आन है, इनका सम्मान हमारे लिए गर्व की बात है। संचालन शिवम दुबे ने किया। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ने धन्यवाद दिया। इस मौके पर मोनिका गुप्ता, अर्चना द्विवेदी, कामिनी त्रिवेदी, हर्षित मिश्रा, जादूगर गोगा, चित्रा अग्निहोत्री, आलोक भारती, गौरव सक्सेना, रितेश प्रजापति, सुधेश दुबे, अर्चना पाठक, अनिल सिंह, आरवी सिंह, सतीश द्विवेदी, अंबिका द्विवेदी, प्रदीप सिंह, अमित पाल, शेर सिंह, राजकिशोर भदौरिया, रेखा सोमवंशी, मीरा सिंह, पिंकी, ममता सक्सेना, नूतन चतुर्वेदी आदि लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम में सम्मानित होते लोग

# अम्बेडकर जयंती व नारी वंदन मनाने पर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के आवास विकास स्थित कार्यालय पर जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारियों की बैठक के संपन्न हुई। आगामी कार्यक्रम 14 अप्रैल भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती एवं नारी वंदन अधिनियम के संदर्भ में तैयारी बैठक के माध्यम से दिशा निर्देश दिए गए।

जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया पार्टी के निर्देश के अनुसार अंबेडकर जयंती को पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। पार्टी ने विभिन्न कार्य योजना तैयार की है। जिला संगठन के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, सभी मोर्चो के अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक दलित बस्तियों में जाकर 15 से 18 अप्रैल के मध्य जनसंपर्क करेंगे। अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल के दिन जहां-जहां अंबेडकर प्रतिमा स्थापित हैं, वहां पर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ऐसे बूथों पर पुष्पांजलि एवं गोष्ठी आयोजित होगी। अंबेडकर जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत 16 अप्रैल को गुड़गांव देवी मंदिर एवं कायमगंज का सीपी गेस्ट हाउस एवं 17 अप्रैल भोजपुर विधानसभा के अंतर्गत जहानगंज के रामाधार कोल्ड स्टोरेज एवं अमृतपुर विधानसभा के ग्राम दहेलिया में अंबेडकर जयंती संगोष्ठी का आयोजन होगा। 15 अप्रैल से 17 अप्रैल के मध्य पद यात्राएं आयोजित होगी। प्रदेश संगठन ने तय किया है प्रत्येक माह जिला कमेटी एवं मंडल कमेटी की बैठक अनिवार्य होगी। जिसमें सभी अभियानों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। इस मौके पर अमरदीप दीक्षित, हिमांशु गुप्ता, गोपाल राठौड़, रश्मि दुबे, जितेंद्र सिंह, सर्वेश कुशवाहा, अशनील दिवाकर, अनुराग दुबे, शिवांग रस्तोगी, अनुराग सिंह, पंकज पाल, मनोज गंगवार, शिव मोहन सिंह, अभिषेक बाजपेई, प्रतिभा राजपूत, श्वेता दुबे, संजीव गुप्ता, संजय सिंह मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद भाजपा नेता

## गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में मनायी गई अम्बेडकर जयंती व बैशाखी पर्व

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल के प्रांगण में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती एवं बैसाखी पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

प्राचार्य डॉ. लकी चावला, उप-प्राचार्य डॉ. अंजू सिंह, छात्र अरुणव सक्सेना एवं छात्रा काव्या अवस्थी ने भारतीय संविधान के जनक डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्पार्पण एवं माल्यार्पण किया। कक्षा 10वीं के छात्र आयुष पांडे ने अंबेडकर के विषय में प्रश्नोत्तरी प्रस्तुत की तथा स्पर्श मिश्रा ने भाषण के माध्यम से अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। कक्षा- 9वीं के ऋतिक कुमार ने डॉ0 भीमराव अंबेडकर का अभिनय प्रस्तुत किया। कक्षा छठवीं और आठवीं की आशी चतुर्वेदी, आराधना सिंह, ईशानी सक्सेना, ओमप्रभी, काव्या, अर्पिता आदि छात्राओं ने बैसाखी के गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने बच्चों को डॉ. भीमराव अंबेडकर के सद्गुणों को अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा दी।

# हिन्दू महासभा का मनाया गया 112वां स्थापना दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारत हिंदू महासभा का 112वां स्थापना दिवस हिंदू महासभा जनपद टीम द्वारा मनाया गया। हिंदू महासभा की स्थापना करने वाले पंडित मदन मोहन मालवीय, नाथूराम गोडसे, विनायक वीर सावरकर को याद करते हुए जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक ने बताया कि हिन्दू महासभा की स्थापना 13 अप्रैल 1915ई में की गई थी। हिन्दू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने कहा हिंदू महासभा का कार्यकर्ता होने पर मुझे गर्व है। युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने कहा हिंदू महासभा ने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ते हुए भारत में हिंदुत्व की बात की हैं। पिछले लगभग 15 वर्षो से जनपद में हिन्दुत्त्व की बात करते हुए गर्व महसूस करते हैं कि हम देश के सबसे पुराने संगठन में कार्य कर रहे हैं, उसके कार्यकर्ता हैं। सभी हिंदू भाइयों से अनुरोध करते हुए कहा कि हम सब हिंदुत्व के लिए हमेशा एक जुट रहे।



स्थापना दिवस मनाते पदाधिकारी

वहीं गौरक्षा जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा ने कहा कि हम हिंदू महासभा के बैनर तले गौ रक्षा के लिए हमेशा तत्पर है। पिछले कई वर्षो से हम सभी गौ सेवा कर रहे हैं। आदित्त दीक्षित ने कहा जब भी हिन्दुत्त्व की बात हो हम हमेशा साथ हैं। अजय दुबे, अमन दुबे, संजय, आकाश कुमार, अवनीश कुमार, अश्विनी कुमार, मुन्ना कुमार शर्मा, संजीव राणा, दीपक शर्मा, संतोष त्रिवेदी, पुष्पा ठाकुर, नीरज, पंकज, नागेंद्र चौहान मौजूद रहे।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान सत्र का हुआ समापन




अतिथियों का स्वागत करते कुनेन्द्र गंगवार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत अचरा मण्डल में दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र सम्पन्न हुआ। मुख्यअतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव रही। द्वितीय सत्र में किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ0 बीके गंगवार रहे।

तृतीय सत्र में धीरेंद्र वर्मा रहे। चतुर्थ सत्र में पूर्व सदस्य राज्य महिला आयोग मिथिलेश अग्रवाल रही। पंचम सत्र में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय महामंत्री राम किशोर साहू रहे। छठे सत्र में जिला महामंत्री अमरदीप दीक्षित रहे। सप्तम सत्र समापन में जिला उपाध्यक्ष अभिषेक बाथम आदि ने प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित किया और पार्टी की रीति-नीति के बारे में जानकारियां दी।

केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने की अपील की। अचरा मण्डल अध्यक्ष कुनेन्द्र गंगवार ने अतिथियों का माल्यार्पण व गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

इस मौके पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, राजेश राजपूत, सचिन गंगवार, सौरभ दुबे, मुकेश दुबे, सुरजीत यादव, प्रशांत मिश्रा मौजूद रहे।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**कमालगंज/फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जनपद पहुंचे। जिले की सीमा में प्रवेश करते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

ढोल-नगाड़ों और कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारों के साथ कार्यकर्ताओ में भारी उत्साह देखने को मिला। अजय राय का काफिला जैसे ही लखनऊ से तेरा जैकेट पहुंचा, भोजपुर विधानसभा प्रभारी अर्चना राठौर ने जोरदार स्वागत किया। विभिन्न चौराहों और कस्बा कमालगंज में एसएन हॉस्पिटल में कमालगंज नगर अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूलों के हारों से लाद दिया। कार्यकर्ताओं के जोश को देखते हुए अजय राय ने भी गाड़ी से उतरकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने स्थानीय नेताओं के साथ बैठक की और संगठन की मजबूती पर जोर दिया। अजय राय ने प्रदेश सरकार और निर्वाचन प्रक्रिया पर तीखे सवाल उठाए। हाल ही में जारी हुई मतदाता सूची का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा प्रदेश में बड़े पैमाने पर विपक्ष के समर्थकों के नाम मतदाता सूची से काटे गए हैं। वहीं फर्रुखाबाद में कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के जनपद आगमन पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। कांग्रेसियों ने जनपद की सीमा पर पहुंचकर फूल मालाओं से अजय राय का स्वागत किया।



प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करती लुईस खुर्शीद व अन्य

शहर में विभिन्न कार्यक्रमों में उन्होंने भाग लिया। साहबगंज चौराहा स्थित क्रांतिकारी पंडित रामनारायण आजाद के निवास पर पहुंचकर उनके पौत्र से मुलाकात की। आजादी के जमाने में कांग्रेस पार्टी का साहबगंज चौराहे पर पुराना कार्यालय हुआ करता था। पंडित रामनायण आजाद के पौत्र बॉबी दुबे ने अजय राय का अपने निवास पर फूल मालाओं से स्वागत किया और पुरानी यादों को ताजा किया। उन्होंने कुछ पुस्तकें अजय राय को भेंट की। वहीं पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद व एटा कोआर्डिनेटर शिवाशीष तिवारी ने अपने समर्थकों के साथ प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का स्वागत किया। कांग्रेस कमेटी की पूर्व महिला जिलाध्यक्ष अनुपमा शर्मा के निवास पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने उनके पिता के निधन पर श्रद्धांजलि दी और परिवार के हालचाल पूछे।

इस मौके पर पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद, जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी, शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा, प्रदेश सचिव अर्चना राठौर, पूर्व जिलाध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा, डा0 अरुण अग्निहोत्री, शुभम तिवारी, तनमय मिश्रा, हिलाल शफीकी, मनोज गंगवार, उजैर खान, आदित्य मिश्रा, स्पर्श मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# नारी शक्ति वंदन व महिला सुरक्षा संबंधी कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन

## कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने लिया भाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभागार में मिशन शक्ति 5.0.2 के अंतर्गत नारी शक्ति वंदन सम्मेलन एवं एक दिवसीय महिला सुरक्षा संबंधी कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री के लाइव प्रसारण के साथ किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कायमगंज डॉ. सुरभि उपस्थित रहीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की सक्रिय सहभागिता रही। स्वास्थ्य विभाग से महिला चिकित्सक, आशा एवं एएनएम, पुलिस विभाग से महिला इंस्पेक्टर एवं महिला कॉन्स्टेबल, स्वरोजगार विभाग से स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग से महिला अध्यापिकाएं, बाल विकास विभाग से आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राएं तथा महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत हब फॉर इंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन, जिला बाल संरक्षण इकाई, वन स्टॉप सेंटर एवं राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण संस्था के कार्मिकों ने प्रतिभाग किया।



बैठक में मौजूद डीएम एसपी व विधायक तथा अन्य

सम्मेलन के दौरान महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की गई तथा महिलाओं को उनके अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त, सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाना तथा समाज में उनकी भागीदारी को सुदृढ़ करना रहा।

# बिजली विभाग में अधिकारी-कर्मचारी गायब, उपभोक्ता परेशान

**वाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

उपखंड अधिकारी के कार्यालय से नदारद रहने के कारण बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। उपभोक्ता अपनी समस्याओं के समाधान कराने को कार्यालय के लगातार चक्कर लगाने पर विवश है। सोमवार को कार्यालय में कोई अधिकारी कर्मचारी न होने के कारण लोग परेशान दिखे। अगर यही बिजली विभाग का रवैया रहा तो आने वाले समय परिणाम और गंभीर होते जायेंगे। शासन इस समय लोगों की समस्याओं को लेकर बेहद गंभीर है, जिसको लेकर शासन ने सभी विभागों के अधिकारियों को लोगों की समस्याओं को सुनने व उनके शीघ्र निस्तारण के लिए कड़े निर्देश भी दिए है। विभागीय अधिकारियों को प्रतिदिन सुबह 10 से 12 बजे तक अपने अपने कार्यालयों में उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं को सुनने व उनके शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं, लेकिन शासन के निर्देशों का पालन नवाबगंज बिजली घर पर नहीं किया जा रहा है। बिजली घर पर आलम यह है कि यहां उपखंड अधिकारी कार्यालय में उपस्थित नहीं मिल रहे हैं। उनके कार्यकाल में उनके मौजूद न रहने पर कुर्सी खाली पड़ी रहती है। उपकेन्द्र पर निरंतर बिजली की समस्याओं को लेकर उपभोक्ता आते है, और सुबह से शाम तक उनके आने का इंतजार करते है। उनके न आने पर मायूस होकर लौट जाते है। उपखंड अधिकारी के न बैठने का सिलसिला लगातार चल रहा है। जिससे उपभोक्ताओं के बिजली के बिल संशोधन, नए कनेक्शन समेत अन्य समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बिजली उपभोक्ताओं ने अधिकारियों से नियमों को न मानने वाले उपखंड अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



बिजली विभाग कार्यालय में खाली पड़ी कुर्सी

## समस्याओं का समाधान न हुआ तो धरना-प्रदर्शन की चेतावनी

# स्मार्ट मीटर के खिलाफ व्यापारियों की हुंकार, सैकड़ों लोगों ने सौंपा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज़

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल गोला के नेतृत्व में मंगलवार को स्थानीय व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए कार्यपालक अभियंता, विद्युत वितरण खंड गोला को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में व्यापारी और उपभोक्ता मौजूद रहे। जिला महासचिव दुर्गेश सोनी एवं जिला उपाध्यक्ष अमित त्रिपाठी के नेतृत्व में पहुंचे संगठन के पदाधिकारियों ने स्मार्ट पोस्टपेड मीटरों का पुरजोर विरोध किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पोलराइज्ड कंपनी द्वारा लगाए जा रहे ये स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। व्यापारियों ने कहा कि ऐसे मीटरों को अन्य राज्यों में भी



प्रतिबंधित किया जा चुका है, फिर भी यहां जबरन लगाए जा रहे हैं। ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई कि स्मार्ट मीटरों को तत्काल हटाकर पुराने मीटर पुनः लगाए जाएं। साथ ही, बिजली बिल संशोधन एवं किस्त योजना के लिए शहर में शिविर आयोजित किए जाने की मांग उठाई गई, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। इसके अलावा, सदर चौराहे पर झूल रहे नंगे बिजली तारों को भी गंभीर खतरा बताते हुए तत्काल दुरुस्त कराने की मांग की गई। व्यापारियों का कहना था कि ये तार किसी भी समय बड़े हादसे को जन्म दे सकते हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर कार्यवाही नहीं की गई, तो अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा और धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

इस दौरान अफरोज खान, गौरव वर्मा, रोमी गुप्ता, शिव गोपाल मिश्रा, शांति देवी, अनुराधा बंसल, कुंती मिश्रा, अतुल राजपूत, अनुज श्रीवास्तव, शिव शर्मा, विपिन गुप्ता, विक्रम गिरीपुरम, प्रधान जैसलमेर, लाल वर्मा, नवनीत शुक्ला, कृष्ण कुमार वर्मा, सौरभ पुरवार, कमाल अहमद, रिजवान खान सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं उपभोक्ता उपस्थित रहे।

## ईंट भट्ठे के पीछे गई किशोरी लापता, परिवार में मचा हड़कंप

समृद्धि न्यूज़

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** कोतवाली गोला क्षेत्र में एक 14 वर्षीय किशोरी के अचानक लापता हो जाने से परिवार में हड़कंप मच गया। घटना के बाद परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग न मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हमीदाबाद रहीमनगर ग्रन्ट निवासी इन्द्रवती पत्नी जगदीश प्रसाद वर्तमान समय में अपने परिवार के साथ कुनैठिया स्थित एक ईट भट्ठे पर कार्य कर रही हैं। बताया गया कि दिनांक 11 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 3 बजे उनकी पुत्री निधि (उम्र लगभग 14 वर्ष) बकरी चराने के लिए भट्ठे के पीछे गई थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी।

## निघासन में सक्रिय हुए भाजपा युवा नेता अंशुल दीक्षित 2027 चुनाव को लेकर तेज किया जनसंपर्क अभियान



**समृद्धि न्यूज़, निघासन (खीरी)।** भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता सीए अंशुल दीक्षित इन दिनों 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों में सक्रिय रूप से जुट गए हैं। इसी क्रम में उन्होंने निघासन क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से जनसंपर्क किया। दौरे के दौरान सीए अंशुल दीक्षित ने केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, मनरेगा में पारदर्शिता, योगी सरकार की बेहतर कानून-व्यवस्था और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति को प्रमुख उपलब्धियों के रूप में गिनाया। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को मजबूत बनाने के लिए बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त करना बेहद जरूरी है। साथ ही उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियों और मोदी-योगी सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं। सीए अंशुल दीक्षित के इस जनसंपर्क अभियान को क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है।

# छत को बनाया हरियाली का मैदान अशोक गुप्ता को 'हरियाली मित्र सम्मान'

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** मोहल्ला संकटा देवी की एक संकरी गली में रहने वाले पर्यावरण प्रेमी अशोक गुप्ता ने अपने घर की छत को हरियाली से आच्छादित कर एक अनोखी मिसाल पेश की है। वर्षों की मेहनत और प्रकृति के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए पर्यावरण मित्र समूह ने उन्हें 'हरियाली मित्र सम्मान' से सम्मानित करते हुए 'एडेनियम लवर' की उपाधि दी। अशोक गुप्ता पिछले चार-पांच दशकों से अपनी छत पर विभिन्न प्रकार के पौधों का संरक्षण कर रहे हैं, जिनमें विशेष रूप से एडेनियम ओबेसम (डेजर्ट रोज) के पौधे शामिल हैं। यह पौधे अपने मोटे, आकर्षक तनों और गुलाबी व सफेद रंग के खूबसूरत फूलों के लिए जाने जाते हैं। उनकी छत पर सजे ये



पौधे न केवल सौंदर्य का अद्भुत उदाहरण हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देते हैं। सम्मान पाकर अशोक गुप्ता और उनके परिवार ने खुशी व्यक्त करते हुए इसे अपनी मेहनत, लगन और प्रकृति के प्रति प्रेम का परिणाम बताया। उन्होंने पर्यावरण मित्र समूह का आभार जताते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे भी हरियाली के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देगा। इस अवसर पर उनके परिवार की सदस्य नीलम और पूनम ने इसे अपने जीवन का अमूल्य क्षण बताते हुए गर्व व्यक्त किया। कार्यक्रम में पर्यावरण मित्र समूह के उपाध्यक्ष राम मोहन गुप्त, मयूरी नागर, सचिव संजय गुप्ता, कुमकुम गुप्ता, पूजा सिंह चौहान सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## गड़बड़ा शीतला धाम में हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन पूजन

**हलिया (मिर्जापुर )।** वैशाख मास कृष्ण पक्ष एकादशी के अवसर पर गड़बड़ा शीतला धाम में श्रद्धालुओ का गुलजार लगा रहा। करीब 20 हजार श्रद्धालुओं ने मां शीतला के दरबार में पहुंचकर दर्शन-पूजन किया। सुबह कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं, जो दिनभर जारी रहीं। दूर-दराज से आए भक्तों ने विधि-विधान से पूजा कर माला, फूल, नारियल व प्रसाद अर्पित किया। परंपरा के अनुसार श्रद्धालुओं ने पहले सेवटी नदी में स्नान कर पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे और श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से प्रवेश दिया गया। जयकारों और घंटा-घड़ियाल की ध्वनि से पूरा परिसर भक्तिमय बना रहा।

# अग्निकांड से उजड़े परिवारों की मदद को आगे आए समाजसेवी, खाद्य सामग्री वितरित

- निघासन के देवीदीन पुरवा में भीषण आग से पांच घर और एक दुकान जलकर राख

**समृद्धि न्यूज़, निघासन (खीरी)।**



तहसील निघासन के ग्राम पंचायत बरोठा के मजरा देवीदीन पुरवा में अचानक लगी भीषण आग से अफरा-तफरी मच गई। आग ने देखते ही देखते पांच घरों और एक दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में घरों में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया, जिससे पीड़ित परिवारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। घटना के दौरान ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता के आगे उनकी कोशिशें नाकाफी साबित हुईं। जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक काफी नुकसान हो चुका था। इस हादसे के बाद प्रभावित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए और उनके सामने भोजन जैसी मूलभूत जरूरतों का भी संकट खड़ा हो गया। इस कठिन घड़ी में समाजसेवी रमाशंकर निषाद अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों को खाद्य सामग्री वितरित कर राहत पहुंचाई। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में वे हर संभव मदद के लिए साथ खड़े हैं। साथ ही उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पीड़ितों को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता और अन्य राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और सहायता की मांग की है, ताकि वे इस आपदा से जल्द उबर सकें।

## खबरें एक नजर में

### सीएचसी में पहुंचे दो हार्ट अटैक के मरीज, एक की बची जान, वाराणसी की महिला मृत घोषित

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लालगंज में सोमवार को चार बजे उस समय अफ़रातफ़री का माहौल बन गया जब हार्ट अटैक के दो गंभीर मरीज एक साथ उपचार के लिए पहुंचे। चिकित्सकों ने तत्परता से चुनार निवासी एक मरीज की जान बचा ली। जबकि दूसरी महिला मरीज को मृत घोषित कर दिया गया। मिर्जापुर के चुनार निवासी 65 वर्षीय दिलशेख अली जो बैट्री के कारोबार से जुड़े हुए हैं। सोमवार को बस्तरा लालगंज की ओर से अपने बल्हिया खुर्द की एक बैट्री की दुकान के सामने पहुंचे थे। जैसे ही उन्होंने गाड़ी खड़ी कर गेट खोलने का प्रयास किया तो वह अचानक गिर पड़े। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें उनके चालक के साथ तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया।सीएचसी में ड्यूटी पर मौजूद डॉ मनिंदर सिंह, डॉ मनोज कुमार एवं चीफ फ़ार्मासिस्ट एसएन सरोज व वार्ड बॉय अशोक पांडे ने तत्काल उपचार शुरू किया। अस्पताल में उपलब्ध जीवनरक्षक इंजेक्शन देकर प्राथमिक उपचार किया गया, जिससे मरीज की हालत में सुधार हुआ और उसकी जान बचाई जा सकी।इसी दौरान मध्य प्रदेश के हनुमाना से लौट रही वाराणसी निवासी लगभग 60 वर्षीय महिला को रास्ते में पेट में दर्द और बेचैनी की शिकायत हुई। स्थिति बिगड़ने पर उसका पुत्र और पति उसे वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लेकर पहुंचे। स्वजनों के कहने पर चिकित्सक गाड़ी तक पहुंचे और जांच की, लेकिन महिला की सांस और नाड़ी नहीं चल रही थी। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।मौत की सूचना मिलते ही स्वजन बिना औपचारिक कार्रवाई के ही महिला को लेकर वाराणसी के लिए रवाना हो गए। डॉ मनिंदर सिंह ने बताया कि महिला की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो चुकी थी, जबकि दूसरे मरीज दिलशेख अली को समय पर बेहतरीन उपचार मिलने से उसकी जान बचाई जा सकी। घटना के दौरान सीएचसी में कुछ समय के लिए अफ़रातफ़री की स्थिति बनी रही, लेकिन चिकित्सक टीम की तत्परता से हालात नियंत्रित कर लिए गए।

### संदिग्ध स्थिति में छत से गिरकर युवक की मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज कस्बा निवासी पूर्व ग्राम प्रधान संगम लाल केशरवानी के 30 वर्षीय पुत्र सोनू केसरवानी की बीती रविवार की रात में संदिग्धावस्था में छत पर सोते समय नीचे गिरने से मृत्यु हो गई। स्वजनों को सोमवार को सुबह मौत होने की जानकारी मिली तो घर में कोहराम मच गया। बिना पोस्टमार्टम कराए ही स्वजन ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। लालगंज कस्बा निवासी 30 वर्षीय सोनू पूर्व ग्राम प्रधान संगम लाल केशरवानी के पाच पुत्र में चौथे नंबर के पुत्र रहे, रात में परिवार के साथ घर में सोए थे, गर्मी लगने पर सोने के लिए छत पर चले गए थे। जहां संदिग्ध स्थिति में सोते समय छत से नीचे गिर गए और स्वजनों को सुबह घर के पीछे मृत अवस्था में पाए गए। सोनू की मौत की खबर मिलते ही पूरे घर में कोहराम मच गया। लोगों की भीड़ जमा हो गई, पिता संगम लाल केशरवानी ने बताया कि रात में छत पर सोने के लिए गए हुए थे। किन परिस्थिति में नीचे गिर गए किसी को जानकारी नहीं हो पाई। सुबह घर के के पीछे मृत अवस्था में मिले। बताया कि सोनू की शादी हो गई है एक ग्यारह माह की बच्ची है।

### डीएम की अध्यक्षता में संचारी रोग एवं दस्तक अभियान की बैठक संपन्न

**समृद्धि न्यूज़, (मिर्जापुर)।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग एवं दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने तालाबों की साफसफाई नियमित रूप से करते रहने एवं नाली की सफाई, तथा क्षतिग्रस्त नाली या जहां पर पानी का बहाव निस्तरित ना हो उसे ठीक करने का निर्देश ग्रामीण क्षेत्र में जिला पंचायत अधिकारी व नगर नालिकाओ के अधिशासी अधिकारियो को दिया। उन्होंने पशुपालन विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि पशुओं का टीकाकरण 15 जून 2026 तक शत प्रतिशत पूर्ण कर लें एवं पशुपालकों, कुकुट पालक तथा सूअर पालकों को साफसफाई के प्रति पूर्ण रूप से जागरूक करें। उन्होंने बच्चों को स्कूल में हाथ धोने की विधि को नियमित रूप से बताने तथा संचारी रोग से बचाव की जानकारी प्रदान करने का निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को दिया। उन्होंने आशा कार्यत्रियों को दस्तक अभियान में प्रत्येक घर जाकर संचारी रोग की जानकारी व बचाव की पूर्ण जानकारी देने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड बनाने की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र अतिशीघ्र सभी पात्र लाभार्थियों का कार्ड बनाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अनिल वर्मा, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी सहित सभी सीएचसी/पीएचसी के प्रभारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# वाउचर न मिलने से गन्ना विभाग के ठेका कर्मियों में आक्रोश

- वेतन भुगतान में अनियमितता का आरोप, वर्षों से बकाया को लेकर उठी आवाज

समृद्धि न्यूज़

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** स्थानीय चीनी मिल के गन्ना विभाग से जुड़े ठेका कर्मचारियों ने वाउचर जारी न होने और वेतन भुगतान में अनियमितता को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि वर्ष 2009 तक केन विभाग से नियमित रूप से वाउचर जारी किए जाते थे, लेकिन इसके बाद यह प्रक्रिया बंद कर दी गई, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति लगातार प्रभावित हो रही है। कर्मचारियों के अनुसार, वर्ष 2015-16 के सीजन में



अधिकारियों के साथ वार्ता के दौरान वाउचर जारी करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस अमल नहीं हुआ। इससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। बताया गया कि हाल ही में सीजन 2025-26 के दौरान जनवरी माह में फैक्ट्री मैनेजर और यूनिट हेड के साथ भी बातचीत हुई थी। उस समय 15 जनवरी तक वाउचर जारी करने का भरोसा दिया गया था, लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के बावजूद गन्ना विभाग के कर्मचारियों को वंचित रखा गया, जबकि अन्य विभागों के कर्मचारियों के वाउचर जारी कर दिए गए।

ठेका कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि वे वर्ष 2009-10 से लगातार कार्यरत हैं, इसके बावजूद उनका वेतन नियमित रूप से नहीं मिल रहा है। इससे उनके सामने भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है।

कर्मचारियों ने इसे अन्यायपूर्ण बताते हुए संबंधित अधिकारियों से शीघ्र समस्या के समाधान और बकाया भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है। इस संबंध में कर्मचारियों द्वारा हस्ताक्षरित एक ज्ञापन भी सौंपा गया है, जिसमें देवेन्द्र कुमार, पवन कुमार, महेन्द्र दीक्षित, अजय कुमार, अशफाक मोहम्मद, आदेश कुमार, इस्तियाक हुसैन, दीपक कुमार, सर्वेश कुमार, शिवम, रमेश कुमार, सुनील कुमार, अनिल कुमार, दिवेश कुमार, विनय कुमार, सुशील कुमार, आशीष कुमार वर्मा, अवनीश कुमार, अरविन्द कुमार, आनंद कुमार, भास्कर सहित अन्य कर्मचारियों के नाम शामिल रहे।

## बेटी की शादी से पहले घर में चोरी, खुशियों पर फिरा पानी

**समृद्धि न्यूज़, पलिया कलां खीरी।** नगर में बढ़ती चोरी की घटनाओं के बीच एक और दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है, जहां बेटी की शादी से ठीक पहले चोरों ने घर को निशाना बनाकर खुशियों पर पानी फेर दिया। मोहल्ला किसान सेकेंड निवासी मनोज कुमार गुप्ता पुत्र महेश चंद्र गुप्ता के घर बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोर घर से गैस चूल्हा, सिलेंडर, स्टील के बर्तन, करीब पंद्रह साड़ियां, जेंट्स के पांच जोड़ी पेंट-शर्ट समेत अन्य जरूरी सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित मनोज गुप्ता के अनुसार सोमवार को उनकी बेटी की शादी से पहले महिला संगीत का कार्यक्रम होना था, जबकि 25 अप्रैल को विवाह निर्धारित है। ऐसे में इस चोरी ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस ने जल्द ही घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया है। वहीं घर में शादी की खुशियों के बीच ग़म जैसा माहौल देखने को मिला। परिजनों की आंखों से बहते आंसू देखकर पड़ोसी भी भावुक हो उठे। गौरतलब है कि नगर में यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी आधा दर्जन से अधिक चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन अब तक किसी भी मामले में पुलिस को ठोस सफलता नहीं मिल पाई है। लगातार बढ़ रही वारदातों से नगरवासियों में भय और आक्रोश का माहौल है।

थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी से बात करने पर उन्होंने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त नहीं हुआ है, सूचना मिली थी जांच के लिए पुलिस टीम को भेज दिया गया था।

## रोशन नगर कुंभी में प्राथमिक विद्यालय भवन का लोकार्पण, बच्चों में उत्साह



समृद्धि न्यूज़

**गोला विधानसभा, (लखीमपुर)।** ग्राम रोशन नगर कुंभी स्थित प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को नवनिर्मित विद्यालय भवन का भव्य लोकार्पण एवं वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अमन अरविंद गिरी ने फीता काटकर नवीन भवन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को पुस्तकें वितरित कीं और उनके बेहतर भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

## गांव-गांव पहुंची पोर्टेबल एक्स-रे मशीन: 10 दिन में 2432 लोगों की टीबी जांच

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** जनपद में टीबी उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जमीनी स्तर पर अभियान को तेज कर दिया है। 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत अब हैंड होल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से गांव-गांव पहुंचकर लोगों की जांच की जा रही है। इस पहल से दूरदराज और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को बड़ी राहत मिल रही है, जिन्हें पहले जांच के लिए अस्पतालों तक जाना पड़ता था। स्वास्थ्य विभाग की टीमें पलिया, निघासन, पसगवां और मोहम्मदी क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर रही हैं और मौके पर ही लोगों की स्क्रीनिंग कर रही हैं। हैंड होल्ड



**दूरदराज इलाकों में स्वास्थ्य सेवा की नई पहल**

एक्स-रे मशीन के जरिए छाती का एक्स-रे तत्काल किया जा रहा है, जिससे टीबी के संभावित मरीजों की पहचान मौके पर ही संभव हो पा रही है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. प्रमोद रावत के अनुसार, बीते 10 दिनों में कुल 2432 लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। जिन लोगों में टीबी के लक्षण पाए जा रहे हैं, उनका तुरंत सैंपल लेकर पुष्टि जांच कराई जा रही है और पॉजिटिव पाए जाने पर इलाज शुरू कर दिया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है, लेकिन समय पर पहचान और इलाज से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हैंड होल्ड एक्स-रे मशीन के जरिए अब उन लोगों तक भी पहुंच संभव हो पाई है, जो किसी कारणवश अस्पताल नहीं पहुंच पाते थे। इससे बीमारी की शुरुआती अवस्था में ही पहचान हो रही है, जो टीबी उन्मूलन की दिशा में अहम कदम है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी आना, बलगम में खून आना, लगातार बुखार रहना, रात में पसीना आना, भूख कम लगना और तेजी से वजन घटना टीबी के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच कराना जरूरी है, ताकि समय रहते उपचार शुरू किया जा सके। हैंड होल्ड एक्स-रे मशीन की सबसे बड़ी विशेषता इसकी पोर्टेबिलिटी है।

# सीओ लालगंज ने अंबेडकर जयंती जुलूस को लेकर आयोजक से की वार्ता

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पथरहा गांव में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर निकलने वाले जुलूस को लेकर सीओ लालगंज अमर बहादुर ने पथरहा गांव पहुंचकर मंगलवार को आयोजक के साथ वार्ता किया जिसमें सुरक्षा और व्यवस्था जुलूस के रूट, समय और भीड़ प्रबंधन पर चर्चा हुई शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से जुलूस निकालने के निर्देश दिए- डीजे, नारेबाजी और यातायात व्यवस्था को लेकर गाइडलाइन तय की गई प्रशासन की अपील आयोजक से कहा गया कि कोई भी आपत्तिजनक नारे या पोस्टर न



लगाए जाएं जुलूस निर्धारित रूट और समय पर ही निकाला जाए- असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और तुरंत पुलिस को सूचना देने को कहा सीओ ने कहा कि बाबा साहब की जयंती सभी के लिए गर्व का दिन है। पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग रहेगा, लेकिन कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं होगा। आयोजक लिखित में रूट, समय, वालंटियर्स की सूची दें।इस दौरान थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, एसआई महेंद्र प्रताप यादव, कांस्टेबल लालचंद्र आदि मौजूद रहे।

## युवक ने चाकू से गला रेता, हालत गंभीर

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के फुलियारी गांव निवासी युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने अपने गले को चाकू से काट लिया युवक की हालत गंभीर होने पर परिजनों द्वारा आनन फ़नन में युवक को एम्बुलेंस सेवा वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर के लिए रेफ़र कर दिया है। थाना क्षेत्र के फुलियारी गांव निवासी 30 वर्षीय संजय कुमार ने घर का दरवाजा बंद कर संदिग्ध परिस्थितियों में चाकू से अपना गला काट लिया परिजनों द्वारा आनन फानन में युवक को उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये।

## सपा का प्रतिनिधि मंडल पहुँचा देवरी गांव परिजनों के प्रति जताया शोक संवेदना



**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी का प्रतिनिधि मंडल ने मिर्जापुर के नगर विधानसभा क्षेत्र के अतंर्गत ग्राम देवरी थाना विन्ध्याचल के निवासी अधिवक्ता राजीव कुमार सिंह उर्फ रिंकू सिंह की गोली मारकर निर्मम हत्या किये जाने की जानकारी ली और शोक संतप्त परिजनो के प्रति शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि पार्टी इस दुःख की घड़ी में आपके साथ हमेशा खडी रहेगी। पीडित परिजनो ने प्रतिनिधि मंडल को बताया की हत्यारो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रतिनिधि मंडल में सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी, पूर्व मंत्री मुन्नी यादव, सुभाष मिश्रा, आदर्श यादव, अशोक सिह श्मुन्नाश, अजय यादव शामिल रहे। जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा की परिजनो को सुरक्षा प्रदान किया जाए एवं 2 करोड रूपया आर्थिक सहायता भी पीडित परिजनो को प्रशासन देने का काम करे।